फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 210 प्रभात जयपुर, गुरुवार 2 मार्च , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



A Prophet That Wasn't

There he announced to his relieved father, "I think I will take you up on the job offer. But first, I need a bath."

IN VOGUE: The Doctors' New Clothes

Make Your Old Windows PC Usable Again

Try using Tron Script to upgrade your old Windows PC



*ब्रिटेन में 1976 तक जिन स्थानों पर तितिलियां अच्छी तादाद में मिलती थीं, उनमें से आधे स्थानों से तितलियों की स्थानीय प्रजातियों का फैलाव 42 प्रतिशत तक घटा है, क्योंकि जंगल, खेतों व शहरों से तितलियां लुप्त हो गई हैं। जो तितलियाँ सिर्फ वैटलैंड्स और चॉक ग्रासलैंड्स जैसे विशेष हैबिटैट में ही मिलती हैं उनकी दशा तो और भी खराब है। इनके विस्तार में 68 प्रतिशत की कमी आई है। बटर फ्लाई कंज़र्वेशन, जिसने तितली के 23 मिलियन रिकॉर्ड्स के आधार पर यू.के. में तितली की स्थिति पर ''बटर फ्लाई 2022'' रिपोर्ट जारी की है, के वैज्ञानिकों ने कहा कि, स्थिति बहुत विनाशकारी है और इन हालात को पलटने के लिए भारी कदम उठाने होंगे। रिपोर्ट कहती है कि, कई संकटग्रस्त प्रजातियों को संरक्षण प्रयासों से बचाया गया है और कुछ खास जगहों पर उनका सफल पुनर्वास भी किया गया है, लेकिन, ब्रिटेन के अधिकांश भागों से तितली विलुप्ति का क्रम जारी है। बटरफ्लाई कंज़र्वेशन के रिचर्ड फॉक्स ने कहा, हमने तितली की सबसे ज्यादा संकटग्रस्त प्रजाति पर फोकस किया है, जिससे उनकी विलुप्ति रूक रही है। लेकिन रिपोर्ट के आंकड़ों से पता चलता है कि अभी कई चुनौतियां हैं और हमें इनसे निपटने के लिए बड़े कदम उठाने होंगे। वुड वाइट, ग्रेलिंग, वॉल, वाइट एडमिरल और पर्ल बॉर्डर वाली फ्रिटिलरी तितलियों की आबादी में भारी गिरावट आई है। चित्र में नज़र आ रही ग्रेलिंग का वितरण 92 प्रतिशत घटा है तथा 1976 से 2019 तक इनकी प्रचुरता में 72 प्रतिशत कमी आई है। जलवायु परिवर्तन और संरक्षण के प्रयास से तितली को बचाने में कुछ सफलता भी मिली है। देखा गया है कि, तापमान बढ़ने से इनका विस्तार ब्रिटेन में उत्तर की तरफ भी हुआ है। इनमें परपल एम्परर और कॉमा प्रमुख हैं। लार्ज ब्लू के संरक्षण प्रयासों से फायदा हुआ है और 1979 में विलुप्ति के बाद इसकी प्रचुरता 188 प्रतिशत बढ़ गई है। हालांकि, कुछ नेचर रिज़र्व्स में संरक्षण प्रयासों से दुर्लभ तितलियों की संख्या बढ़ी है, लेकिन अन्य क्षेत्रों से इनका गायब होना जारी है। नेचर रिज़र्व में स्वॉलोटेल की प्रचुरता 51 प्रतिशत बढ़ी है, क्योंकि इनका प्रबंधन काफी अच्छा था लेकिन अन्य क्षेत्रों में इनकी आबादी 27 प्रतिशत तक घटी है। चॉक ग्रासलैंड में मिलने वाली सिल्वर स्पॉटेड स्किपर और अडोनिस ब्लू तितली की प्रचुरता क्रमशः 590 प्रतिशत व 130 प्रतिशत बढ़ी है, लेकिन, साथ ही इनका विस्तार क्रमशः 70 व 44 प्रतिशत घटा है।*

# कर्नाटक में चुनावी दबाव, कर्मचारियों के वेतन में 17 प्रतिशत की वृद्धि

## राज्य सरकार ने ओल्ड पैन्शन स्कीम भी मंजूर की

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 मार्च। कहा जाता है कि चुनावों से पहले कोई भी सरकार अपने कर्मचारियों को नाराज़ करना नहीं चाहती क्योंकि चुनाव-प्रक्रिया के संपादन में उनकी अहम् भूमिका हुआ करती है और कर्नाटक सरकार भी इसका अपवाद नहीं है। कर्नाटक विधानसभा के चुनावों में चन्द महीने ही शेष हैं क्योंकि मई में विधानसभा का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसलिये बासवराज बोम्मई के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने भी हड़ताल कर रहे सरकारी कर्मचारियों के साथ ताल-मेल बिठा लिया तथा वेतन बढ़ाने की उनकी माँग के आगे समर्पण कर दिया।

बुधवार से शुरु हुई अनिश्चितकालीन हड़ताल के शुरु होने के कुछ घंटों के अन्दर ही, सरकारी कर्मचारियों ने अपना आंदोलन वापस ले लिया क्योंकि सरकार ने उनके मूल वेतन में 17 प्रतिशत की अंतरिम वृद्धि कर दी।

इस घोषणा के तुरंत बाद, कर्नाटक स्टेट गवर्नमैंट एम्प्लॉयीज एसोसिएशन के अध्यक्ष सी.एस. शादाक्षरी ने हड़ताल खत्म करने की घोषणा कर दी तथा सभी कर्मचारियों को तत्काल अपने काम पर पहुँचने के लिये कह दिया।

- **प्रदेश की भाजपा सरकार की इस घोषणा के बाद राज्यभर में चल रही कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई है।**
- **इसी के साथ यह सवाल भी उठ रहा है कि कांग्रेस व अन्य दलों की सरकार वाले राज्यों में भाजपा की केन्द्र सरकार ओल्ड पैन्शन स्कीम का विरोध कर रही है, अब देखना यह है कि, कर्नाटक में केन्द्र सरकार का रूख क्या होगा, जहां भाजपा की सरकार है।**
- **भ्रष्टाचार और 40 प्रतिशत कमीशन की सरकार का आरोप झेल रही भाजपा कर्नाटक में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसलिए कर्मचारियों को खुश करने के लिए इतनी बड़ी घोषणा की गई है।**

जिस उपलब्धि को कर्मचारियों की एक बड़ी जीत माना जा रहा है, उसके अन्तर्गत, सरकार उनकी इस बड़ी माँग- नैशनल पेंशन स्कीम के स्थान पर पुरानी पेंशन स्कीम की वापसी- के आगे भी झुक गई।

यहाँ यह स्मरण दिलाना उचित होगा कि हिमाचल प्रदेश में, कांग्रेस ने ओ.पी.एस. का वादा किया था तथा उसे सरकारी कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों का समर्थन मिल गया था तथा अन्य चीजों के अलावा, कर्मचारियों के समर्थन ने कांग्रेस को विजयश्री दिला दी थी।

कर्नाटक में, भाजपा ने कुछ भी संयोग पर नहीं छोड़ा था तथा ओ.पी.एस. देने का वादा करना शुरु कर दिया था। तथा आज की घोषणा उसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। सरकार ने आज घोषणा कर दी कि अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की जायेगी, जो एन.पी.एस. को वापस लेने तथा ओ.पी.एस. को फिर से लाने की व्यवहार्यता का अध्ययन करेगी। मुख्यमंत्री बोम्मई ने कहा कि कमेटी से कह दिया गया है कि भारत के अन्य राज्यों में चल रही ओ.पी.एस. प्रक्रिया का अध्ययन करे। कर्नाटक के सरकारी कर्मचारियों ने अपना आंदोलन वेतन संशोधन/बढ़ाये जाने के लिये शुरु किया था तथा मूल वेतन में 40 प्रतिशत वृद्धि की अंतरिम राहत तथा एन.पी.एस. खत्म करने की माँग की थी। चिकित्सा एवं शिक्षा सहित विभिन्न सेवाएं हड़ताल से प्रभावित हो गई थीं।

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# इन्टरनैट पर राहुल गांधी के नए ''लुक'' ने हंगामा मचाया

**-डॉ सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 मार्च। राहुल गांधी के नए लुक ''लम्बे बाल बिखरी सी दाढ़ी'' ने इंटरनैट पर तहलका मचा रखा है लेकिन भाजपा ट्रोल्स जहाँ इस पर हमला कर रहे हैं वहीं अन्य राहुल की तारीफ के कसीदे लिख रहे हैं।

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा, जो एक माह पहले खत्म हुई है, के दौरान राहुल ने बाल व दाढ़ी बढ़ा ली थी। इस यात्रा में उन्होंने 150 दिनों में 2 राज्यों दो केन्द्र शासित प्रदेशों में यात्रा की थी। राहुल इस समय लंदन में हैं, जहाँ उन्हें कैम्ब्रिज युनिवर्सिटी में लैक्चर देना है। राजस्थान युवक कांग्रेस ने राहुल के नए लुक की तस्वीर ट्विटर पर शेयर की और लिखा कि राहुल गांधी कैम्ब्रिज में नए लुक के साथ।

एक अन्य ने राहुल की और तस्वीरें शेयर की और लिखा ''कैम्ब्रिज लैक्चर से पहले राहुल का नया लुक एक अन्य ने लिखा'' मार्क्स स्टाइल की दाढ़ी इतिहास है''

- **पूरा दिन राहुल गांधी की ट्रिम दाढ़ी और बालों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर होती रहीं।**
- **राहुल गांधी लंदन गए हैं, जहां उन्हें केम्ब्रिज में व्याख्यान देना है, इसके लिए उन्होंने अपने बालों और दाढ़ी की ट्रिमिंग की है, जो भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने बढ़ा लिए थे।**

राहुल गांधी के लम्बे बाल और दाढ़ी यात्रा के दौरान चर्चा का विषय रही। इटली के एक दैनिक को दिए एक इंटरव्यु में गांधी ने अपनी दाढ़ी पर पूछे गए एक सवाल पर कहा कि ''मैने तय किया है कि'' मैं मार्च तक इसे नहीं काटूंगा। अब मुझे देखना है कि मैं इस रखुं या नहीं। एक ट्विटर यूज़र अरूण यादव, जो राहुल विरोधी तथा कांग्रेस विरोधी ट्वीट्स के लिये जाने जाते हैं, ने लिखा ''पप्पू ने कटवा ली'' तथा इसके साथ राहुल का एक ताजा फोटोग्राफ लगा दिया।

इससे पूर्व 8 फरवरी को गृह राज्यमंत्री हर्ष साँघवी ने राहुल पर अप्रत्यक्ष हमला करते हुये ट्वीट किया था ''अब एक चीज की तो पुष्टि हो गई। आप 3000 किमी की पदयात्रा करते हैं, तो उससे केवल दाढ़ी बढ़ती है, अक्ल नहीं।''

इस ट्वीट पर गुजरात के कांग्रेसी नेताओं की तीखी प्रतिक्रियाएं आईं तथा गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं बड़गाँव विधायक जिग्नेश मेवानी ने जवाब दिया, ''अब एक और बात की पुष्टि हो गई। भले ही आप केवल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 74 दवाओं का मूल्य नियंत्रित

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 मार्च। नैशनल मैडिसिन प्राइस फिक्सेशन अथॉरिटी के द्वारा डायाबिटीज़, ब्लड प्रैशर एवं 72 अन्य दवाओं को मूल्य नियंत्रण (प्राइस कंट्रोल) के दायरे में लाया गया है।

अथॉरिटी ने एक नया ड्रग्स प्राइस कंट्रोल आदेश जारी किया है, जिसके तहत डायाबिटिज़ की दवा मैटफॉर्मिन (500 एम.जी.) का मूल्य 27.75 रू. प्रति टैबलेट निर्धारित किया है।

- **नैशनल मैडिसन प्राइस फिक्सेशन अथॉरिटी ने डायबिटीज़ और हाई ब्लड प्रैशर की दवा व 72 अन्य दवाओं का मूल्य निर्धारित कर दिया है।**

हाई ब्लड प्रैशर की दवाओं के संदर्भ में, टैलमिसार्टन एवं बाइसोप्रोलॉल टैबलेट का मूल्य 10.32 रू. प्रति टैबलेट होगा, जबकि सोडियम वॉलप्रेट (200 एम.जी.) का अधिकतम मूल्य 3.20 रू. प्रति टैबलेट होगा।

# मेघालय में सरकार बनाने के लिए उठा पटक शुरू

## 27 फरवरी को हुए विधानसभा चुनावों के नतीजे आज घोषित होंगे

**-अंजय रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 मार्च। मेघालय तथा अन्य उत्तर पूर्वी राज्यों, जहाँ 27 फरवरी को चुनाव हुये थे, में सरकारें बनाने के लिये राजनैतिक उठापटक शुरु हो गई हैं तथा संबंधित राजनेता साँस रोक कर सरकार बनने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

चुनाव-परिणाम गुरुवार, 2 मार्च को घोषित होने हैं। प्रथम दृष्टया, मेघालय में, भाजपा-एन.पी.पी. सरकार बनने की संभावना दिखाई दे रही है तथा अधिकांश पर्यवेक्षकों का मानना है कि त्रिपुरा तथा नागालैण्ड में व्यवस्था/सरकारें अपरिवर्तित रहेगी।

मेघालय के मुख्यमंत्री कोनरॉड संगमा पिछली रात असम के मुख्यमंत्री के साथ आधी रात के समय चर्चा की। नोटिंग्स की त्वरित अदला-बदली के बाद, कोनरॉड संगमा आज सुबह अपने घर लौटे।

यह मीटिंग दो पुराने मित्रों के बीच हुई मीटिंग बताई गई, जबकि राजनैतिक हल्कों में इसे मेघालय में सरकार बनाने के लिये शुरुआती विचार-विमर्श के रूप में लिया जा रहा है।

- **मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा की असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्वा सरमा से मुलाकात ने राज्य में भाजपा-एन.पी.पी. सरकार बनने की संभावना को मजबूत किया है।**
- **इस बार खंडित जनादेश मिलने की संभावना जताई जा रही है, इसलिए विभिन्न गठबंधन बनने की चर्चा चल रही है।**

कांग्रेस, जिसने मेघालय में पहले सरकार बनाई थी, को गच्च देकर, कोनरॉड के नेतृत्व में एन.पी.पी. तथा भाजपा सत्ता में आ गई थीं। दरअसल, हुआ यह था कि एक अन्य संगमा, मुकुल संगमा के नेतृत्व में करीब आधे कांग्रेसी विधायक कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये थे तथा तत्कालीन कांग्रेस सरकार अल्पमत में आ गई थी।

इस उठापटक का नतीजा यह हुआ था कि कांग्रेस सरकार गिर गई तथा कोनरॉड संगमा, राज्य भाजपा के समर्थन से राज्य के मुख्यमंत्री बन गये थे।

चूँकि इस बार के चुनावों में बिखरा हुआ जनादेश मिलने की संभावना है तथा किसी भी अकेले प्रमुख दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलेगा, इसलिये गठबंधन की चर्चाएं जोरों पर हैं। तथा सर्वाधिक संभव एवं आसान गठबंधन भाजपा और एन.पी.पी. का पुराना गठबंधन ही हो सकता है।

वस्तुतः अगर चुनाव परिणामों में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिल पाता है तो पूर्वोत्तर में कांग्रेस के लिये बहुत ज्यादा घातक धक्का माना जायेगा। अब तक, मेघालय की राजनीति में कांग्रेस की बड़ी भूमिका रही है तथा पूर्वोत्तर के एक घोर और पुराने कांग्रेसी परिवार के एक सदस्य के नेतृत्व के कारण, सत्ता से बेदखल होने तक,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बी.बी.सी. पर रेड का मुद्दा उठाया ब्रिटिश विदेश मंत्री ने

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 मार्च। ब्रिटेन के फॉरेन सेक्रेटरी जेम्स क्लेवर्ली ने बुधवार को कहा कि गत माह भारत में बीबीसी कार्यालयों की जाँच पड़ताल के मुद्दे को भारत के विदेशमंत्री एस जयशंकर के साथ हुई द्विपक्षीय मीटिंग के दौरान उठाया गया था।

- **ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लैवरली जी-20 की बैठक में हिस्सा लेने भारत आए हैं, उन्होंने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बी.बी.सी. पर रेड का मुद्दा उठाया।**

क्लेवरली इस समय जी 20 विदेश मन्त्रियों की मीटिंग में शामिल होने के लिये भारत आये हुये हैं। उन्होने जयशंकर के साथ हुई मीटिंग में दिल्ली तथा मुम्बई में बीबीसी की टैक्स तलाशी के मुद्दे को उठाया। अनाम सूत्रों के अनुसार ''उनसे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पूरी तरह कंगाल हो चुके पाकिस्तान के ''डिफॉल्टर'' होने की संभावना अति प्रबल हुई

## दूसरी इंटरनैशनल क्रैडिट रेटिंग एजेंसी मूडी ने भी पाकिस्तान की रेटिंग बहुत गिराई

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 मार्च। पाकिस्तानी की तकलीफें लगातार बढ़ रही है। अन्तर्राष्ट्रीय क्रेडिट एजेंसी फिच के बाद मूडी ने भी पाकिस्तान की क्रेडिट रेटिंग सी.ए.ए. वन से घटा कर सी.ए.ए. थ्री कर दी है। सी.ए.ए. 3 रेटिंग पाकिस्तान की लगातार बढ़ती जा रही वित्तीय जरूरतें, अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी बाजार तक पहुंच का अभाव, ऋण की निम्न वहन-क्षमता तथा मध्यम अवधि के विश्वसनीय राजस्व एवं वित्तीय ढांचे की कमी को दर्शा रही है। यह पाकिस्तान की क्रेडिट क्षमता का मापन करता रहेगा।

मूडी'ज इन्वेस्टर सर्विस ने घोषित कर दिया है कि ''बढ़ते जा रहे नकदी संकट तथा विदेशों में इसकी स्थिति के फलस्वरूप पाकिस्तान के ''डिफॉल्ट रिस्क्स'' (कर्ज नहीं चुका पाने के खतरे) सामने आ रहे हैं। लेकिन इस रेटिंग एजेंसी ने पाकिस्तान के बारे में राय व अपना नजरिया नकारात्मक/ऋणात्मक से बदलकर स्थिर कर दिया है।

मूडी'ज ने कहा था कि पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार बहुत अधिक नीचे गिर चुका है। यह भंडार उस निम्न सीमा से भी कम हो गया है जो आयात की जरूरतों का पूरा करने तथा तुरंत अदा करने वाले तथा मध्यम अवधि के विदेशी कर्ज के भार के लिहाज से अत्यावश्यक होती है।

- **एजेंसी ने देश की ''डैट रेटिंग'' सी.ए.ए.1 से घटाकर सी.ए.ए.3 कर दी है।**
- **इससे पहले एक अन्य इन्टरनैशनल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, फिच भी पाकिस्तान की रेटिंग में भारी कटौती कर चुकी है।**
- **पाकिस्तान की सारी उम्मीदें आई.एम.एफ. के कर्ज पर हैं, पर उसमें भारी मुश्किलें हैं, चुनावी वर्ष में आई.एम.एफ. की शर्तों को मानना आसान नहीं है।**
- **हालांकि पाकिस्तान ने आई.एम.एफ. की शर्तें मानने का प्रयास शुरू कर दिया है, इसके तहत सभी प्रकार के बिलों के भुगतान पर रोक लगा दी है, जिसमें वेतन बिल भी शामिल हैं। इससे पाकिस्तान में सरकारी कर्मचारियों के वेतन पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है।**

रेटिंड एजेंसी का कहना है कि सरकार इन्टरनैशनल मॉनेटरी फंड (आई.एम.एफ.) के प्रोग्राम और आर्थिक अनुदान दिए जाने की शर्तों के अनुरूप को कुछ कर सुधार लागू कर रही है ताकि देश की फौरी राहत मिल सके।

इसने कहा कि, कमजोर सरकार और बढ़ते सामाजिक खतरों ने भुगतान के संतुलन से लेकर तमाम वित्तीय खतरों से निपटने की पाकिस्तान की क्षमता को प्रभावित किया है।

मूडी ने कहा कि उसने पाकिस्तान को जो ''स्टेबल आउट लुक'' स्तर दिया है उसका अर्थ है कि पाकिस्तान सी.ए.ए. रेटिंग लैवल के खतरों का सामना लगातार कर रहा है।

नकदी संकट से त्रस्त पाकिस्तान सरकार ने एकाउन्टैंट जनरल को सभी बिलों को मंजूरी देने से रोक दिया, जिसमें वेतन भी शामिल है। वर्तमान आर्थिक संकट की वजह से यह कदम उठाया गया है।

वित्त और राजस्व मंत्रालय ने पाकिस्तान रैवेन्यु एकाउन्टैंट जनरल को केन्द्रीय मंत्रालयों और संबंधित विभागों के बिल अगली सूचना तक स्वीकृत करने पर रोक लगा दी है। यह जानकारी न्यूज इंटरनैशनल के सूत्रों ने दी है।

न्यूज इन्टरनैशनल ने बताया कि ऑपेरशनल कॉस्ट रिलेटेड रिलीज़ में भी मुश्किलें आ रही है। पाकिस्तान का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान में नैटबंदी के खिलाफ याचिका स्वीकार की

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 मार्च। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने, प्रतियोगी परीक्षा में नकल को रोकने के लिए राजस्थान में की गई तीन दिन की नैटबंदी के बारे में सुनवाई करने के लिए सहमति दे दी। यह सुनवाई होली ब्रेक के बाद होगी। कोर्ट में अगले पूरे सप्ताह, 6 से 10 मार्च तक अवकाश रहेगा।

- **सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान में सरकार द्वारा की गई तीन दिन की नैटबंदी के खिलाफ दायर याचिका को स्वीकार कर लिया और इस पर होली अवकाश के बाद सुनवाई होगी।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



## विचार बिन्दु

चिंता से चित्त को संताप और आत्मा को दुर्बलता प्राप्त होती है, इसलिए चिंता को तो छोड़ ही देना चाहिए। –ऋग्वेद

# गंगा-जमुनी तहज़ीब में असम्मान, अपमान, अवमानना और उपेक्षा की पराकाष्ठा

गंगा-जमुनी तहज़ीब की दुहाई हर नेता देता है, विशेष रूप से वे तो इसकी माला ही जपते हैं जो धर्म निरपेक्ष देश की दुहाई देते रहते हैं। क्या आज वे ही नफ़रत के बम विस्फोट नहीं कर रहे हैं। धर्म तो छोड़िये जाति, वर्ग, वर्ण और संप्रदाय के अति संकीर्ण दृष्टिकोण के साथ विभाजन व अलगाव वाद के बीज बो रहे हैं और इस आधार पर वोटों की फसल काट कर सत्ता सुख भोगना चाहते हैं। निश्चय ही विपक्ष इस प्रतियोगिता में आगे है, उसका पलड़ा भारी है अपशब्द कहने में। दशरथ ने तो राम को प्रत्यक्षत: वनवास हेतु कहा भी नहीं था। कैकेयी के कहने मात्र से राम ने अपने पिता दशरथ की आज्ञा मानकर सहर्ष चौदह वर्ष का वनवास स्वीकार किया।

सत्ता लोलुपता के कारण राजनीति में जो घोर पतन हुआ है, वह घोर भर्त्सना व निंदा योग्य है। लोगों को यह भी स्पष्ट है कि इसकी शुरूआत मोदी शासन के बाद ज़ोर-शोर से हुई है। इसका विश्लेषण भी नयूज़ चेनल ही नहीं हर समझदार व्यक्ति कर रहा है। सर्वप्रथम कारण तो यही है कि मोदी की सरकार का केन्द्र में पूर्ण बहुमत विपक्ष को पच नहीं रहा। सत्ता परिवर्तन पहले भी हुए हैं परंतु किसी राष्ट्रवादी दल का पूर्ण बहुमत पहली बार हुआ है। इसका आशय यह भी नहीं है कि अन्य सत्ताएँ देश के लिये कुछ नहीं कर रही थीं परंतु यह अवश्य कहा जा सकता है कि उनकी रीति-नीति में तुष्टीकरण और परिवारवाद को प्रधानता रही। यह भी सर्वविदित है कि जिस एक राष्ट्रीयदल का वर्चस्व सारे भारत में था वह धीरे-धीरे सत्ता के मोह में कई दुर्बलताओं से ग्रसित हो गया। इन दुर्बलताओं के परिणामस्वरूप इसी दल से कई छोटे-छोटे दल बनते चले गये। सेवा व त्याग के बजाय जब स्वार्थ और परिवारवाद हावी होने लगा तो कई नेताओं की या तो व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएँ जगीं अथवा सैद्धांतिक मतभेद हो गये। भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन की बात स्वीकारने से क्षैत्रीय दलों का जन्म हुआ। यह प्रक्रिया दक्षिण भारत में तेज़ रही और आंशिक रूप से उत्तर भारत में भी। प्राचीनतम राष्ट्रीय दल काँग्रेस से ही निकले एक राजनीतिक दल ने अपनी सत्ता लोलुपता में जातिगत आरक्षण प्रारंभ करके भारत की अखण्डता पर सबसे बड़ा प्रहार किया। सारे देश में जातिवाद आधारित राजनीति को सबसे अधिक बढ़ावा दिया। प्रत्येक जाति, वर्ग, वर्ण एवं संप्रदाय के लोगों ने आरक्षण की मांग प्रारंभ कर दी। जातिगत राजनीति ने एक-दूसरे दल व उसके नेता को अपमानित कर वोट बैंक की कोशिश की। देश की स्वतंत्रता के बाद ही नहीं पूर्व से ही अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की रीति-नीति ने एक राष्ट्रवादी संगठन को बढ़ावा दिया। यह संगठन विशेष रूप से अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के पक्ष में नहीं रहा। राष्ट्रहित पहले देखना, सभी नागरिकों के साथ पक्षपात विहीन रहना, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के बजाय सर्व जनहिताय, सर्व जन सुखाय का पक्षधर रही। निश्चय ही बहुसंख्यकों को यह न्यायसंगत लगा और वे इसके पोषक राजनीतिक दल की ओर आकर्षित होकर इसे धीरे-धीरे प्रोत्साहन देने लगे और अंततोगत्वा उसे बहुमत में लाकर पहले कई राज्यों में और बाद में केन्द्रीय सत्ता में प्रतिष्ठित किया। क्षैत्रीय दलों और जातिगत राजनीति आधारित दलों ने अपनी ज़मीन खिसकते देख अल्पसंख्यक तुष्टीकरण व जाति व क्षैत्रीय तुष्टीकरण पर और अधिक बल दिया। एक तरफ राष्ट्रवाद और दूसरी ओर तुष्टीकरण के टकराव ने धीरे-धीरे राजनीति में कटुता, अस्पृश्यता व अपमान की प्रवृत्ति को जन्म दिया। एक परिपक्व दलीय व राष्ट्रीय नेता के अभाव ने भी राष्ट्रवाद समर्थक राजनीतिक दल को प्राथमिकता दी। नेताओं की अपरिपक्वता, शीर्ष नेता के निजी स्वार्थ व परिवारवाद ने भी राजनीति में एक-दूसरे के प्रति वैमनस्य उत्पन्न किया।

भारतीय संस्कृति से अनभिज्ञ नेतृत्व की महत्वाकांक्षा रखने वाले तथा मात्र परिवारवाद के आधार पर पले-पोसे नेताओं के राजनीति के पटल पर यकायक प्राकट्य से भी ईर्ष्या-द्वेष बढ़ने लगा। भारतीय संस्कृति व सभ्यता में बड़ों के सम्मान पर सदैव बल रहा है। डॉ.राजेन्द्र प्रसाद, डॉ.राधा कृष्णन जैसे राष्ट्रपति और नेहरू, पटेल, इंदिरा जी व अटलजी के जमाने तक यह परम्परा निभती रही। विरोधी दल के प्रति व विपक्षी नेता के प्रति विचार प्रकट करने का भी एक सभ्य तरीका था। पं.नेहरू ने अटल जी को भविष्य का प्रधानमंत्री बताया था। अटलजी के प्रति सत्ता पक्ष कहता था कि वे अच्छे व्यक्ति हैं परंतु उनका दल अच्छा नहीं है। अटल जी का भी सभ्य उत्तर ाा कि वे अच्छे हैं तो उनका दल खराब कैसे हो सकता है। बाँग्लादेश के अस्तित्व में आने पर अटलजी ने इन्दिरा जी को दुर्गा की संज्ञा दी थी। यह सब उस समय की घटनाएँ हैं जब नेताओं का कुछ सिद्धांत था, कुछ आदर्श था, उनमें कुछ नैतिकता थी, दलीय प्रतिबद्धता थी। बाद में तो आयाराम, गयाराम की राजनीति प्रारंभ हो गई। मंत्रिमण्डल सहित दल बदलने का उदाहरण हरियाणा ने पेश किया। बाद में तो रामविलास पासवान और नीतिश कुमार जैसे नेता आये दिन नये-नये गठबंधन करने लगे। क्षैत्रीयवाद व जातिवाद आधारित दलों में भी हर जगह पक्ष-प्रतिपक्ष बन गये और एक-दूसरे पर अपशब्दों का प्रयोग करने लगे। मायावती व मुलायमसिंह के बीच के संवाद अपशब्दों के प्रयोग के प्रारंभिक उदाहरण हैं। यही स्थिति प्रत्येक क्षैत्रीय दल की हो गई। राजनीति प्रदूषित तो पहले ही थी, राष्ट्रवादी दल के केन्द्रीय सत्ता में पूर्ण बहुमत के साथ आने पर क्षैत्रीय व जाति आधारित दलों को अपना अस्तित्व खतरे में लगने लगा और अपनी दुर्बलता को और अधिक अल्पसंख्यक तुष्टीकरण और अपशब्दों के प्रयोग में प्रकट करने लगे। अपशब्दों का प्रयोग कायरता और दुर्बलता का परिचायक है। मेवाड़ी में एक कहावत है, जिसका आशय यह है कि हारा हुआ 'पशु' विचित्र हाव भाव करता है। कायर 'वचन वीर' होता है, शब्दों के बाणों को ही अपनी वीरता मानता है।

> **भारत का प्रधानमंत्री देश में पूर्ण बहुमत से निर्वाचित इस देश का शीर्ष प्रतिनिधि है, उसका अपमान सारे देश का अपमान है और इससे अनुशासन हीनता का ही संदेश जनता को जाता है। देश की जनता को निश्चय ही अनुशासन हीनता रास नहीं आती और यह कहना सही होगा कि इससे प्रधानमंत्री के प्रति और अधिक सहानुभूति और विपक्ष के प्रति वितृष्णा का भाव जागृत होता है।**

भारतीय संस्कृति में माता-पिता, गुरु व सभी बड़ों का आदर निहित है। उसी प्रकार अपने से छोटों के प्रति स्नेह-प्रेम दिखाना भी आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने जब विपक्ष की एक नेत्री के प्रति यह कहा कि वे उनकी पुत्री की तरह हैं तो उन्होंने कहा कि वे अपने पिता को ही पिता मानती हैं और किसी को नहीं। यह उनकी संकीर्ण सोच ही कही जायेगी। गुजरात के मुख्यमंत्री को मौत का सौदागर कहना और उनके लिये अन्य देश को वीसा न देने के लिये लिखना ओछी राजनीति ही कही जायगी। प्रधानमंत्री को 'चौकीदार' के बजाय 'चोर' कहना क्या परिपक्व राजनीति का घोतक है? पश्चिमी बंगाल की एक नेता ने कहा कि वे प्रधानमंत्री को कंकड़ के लड्डू भेजेंगी, जबकि प्रधानमंत्री ने मात्र यह कहा था कि वे उन्हें उपहार भी भेजती हैं।

निश्चय ही एक नेता ने अपने शीर्ष नेतृत्व की चापलूसी में प्रधानमंत्री को 'नीच' कहा है, वह व्यक्ति केन्द्रीय सत्ता में विदेश विभाग में उच्चाधिकारी रह चुके हैं। हाल ही में विपक्ष के शीर्ष नेता ने राष्ट्रपत्नी कह कर और दूसरे नेता ने प्रधानमंत्री के पिता का नाम ही बदल कर जो अपराध किया वह अक्षम्य है। लेखक की जानकारी में एक ऐसा प्रसंग है जिसमें पिता ने अपने पुत्र की कपूती के कारण न्यायालय में दावा किया कि उसके पुत्र को पिता के रूप में उनका नाम न लिखने हेतु पाबंद किया जाय परंतु ऐसा कभी नहीं सुना कि पिता का नाम ही बदल दिया जाय। यह नेतृत्व के पतन की पराकाष्ठा है और सारा देश इसकी भर्त्सना ही करेगा। प्रधानमंत्री के लिये 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' के नारे घोर असभ्यता, अशिष्टता व अज्ञानता के प्रतीक हैं, दुर्बलता व कायरता के प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री को 'औकात' दिखाने की बात कहना 'कुशिक्षा' है।

केन्द्रीय सत्ता पक्ष के व्यक्तियों के उदाहरण पर भी गलत होने का विचार आवश्यक है। एक नेता ने कहा कि जिन्हें पाकिस्तान से प्यार है तो वे पाकिस्तान चले जायें, शायद दोषपूर्ण नहीं है, परंतु पन्द्रह मिनट के लिये पुलिस व मिलिटरी को हटाने पर बहुसंख्यकों को 'साफ' करने की एक अल्पसंख्यक नेता का बयान निश्चय ही अत्यंत भड़काऊ और आपत्तिजनक है।

भारत का प्रधानमंत्री देश में पूर्ण बहुमत से निर्वाचित इस देश का शीर्ष प्रतिनिधि है, उसका अपमान सारे देश का अपमान है और इससे अनुशासन हीनता का ही संदेश जनता को जाता है। देश की जनता को निश्चय ही अनुशासन हीनता रास नहीं आती और यह कहना सही होगा कि इससे प्रधानमंत्री के प्रति और अधिक सहानुभूति और विपक्ष के प्रति वितृष्णा का भाव जागृत होता है।

'विद्या ददाति विनकेव' विनय ददाति पात्रता' ऐसा हमारे शास्त्र कहते हैं। शिक्षा संस्कार देती है। इस दृष्टि से बड़ों को अपशब्द कहने वाले नेता, कुसंस्कारी हैं और नेतृत्व के पात्र नहीं हैं। केन्द्रीय सत्तापक्ष के नेताओं ने व्यंग्यात्मक अथवा प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति की है। प्रधानमंत्री का बयान था कि जो लोग कीचड़ उछाल रहे हैं उसमें कमल खिलेगा। उसी तरह एक शीर्ष विपक्षी नेता का जो नाम 'गूगल' पर भी उनका पर्याय बन गया है वह उनके बचकानेपन और अपरिपक्वता का परिचायक है।

एक और पक्ष है देश की अखण्डता व उसके संघीय स्वरूप को चोट पहुँचाने का। केन्द्र के अधिकृत आदेशों की उपेक्षा, अवमानना व अवहेलना करना, रीति-नीति लागू न करना संघीय ढाँचे के विपरीत है। उसी प्रकार प्रधानमंत्री के किसी राज्य में आगमन पर उनकी उपेक्षा व अपमान भी अत्यंत अनुचित है। अपशब्द कहने वाले, बड़ों को उपेक्षित व अपमानित करने वाले नेता कभी भी न अच्छे नेता बन सकेंगे और न ही लोकप्रिय। इस देश ने ऐसे नेताओं का अस्थायी उत्थान देखा है, परंतु उनका अतंतोगत्वा पतन भी अवश्यंभावी है इसे स्मरण रखना होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**कैलाश विहारी वाजपेयी,**
**( स्वतंत्र चिंतक व लेखक )**

# नीर साफ और शुद्ध हवा थी, इक दिन ऐसी दुनिया थी



डॉ. रामावतार शर्मा

पिछले कई महीनों से जयपुर सहित अन्य कई शहरों में एक अलग तरह का रोग फैल रहा है जिसमें प्रारंभिक बुखार के बाद अनियंत्रित खांसी का एक लंबा दौर चलने लगता है। खांसी भी ऐसी जिसको समाप्त करने या कम करने के हर चिकित्सकीय उपाय निरर्थक सिद्ध हो रहे हैं।

इस खांसी के अलावा और इसके फलस्वरूप शरीर में अत्यधिक थकान और कमजोरी रोगी को बेहद लाचार कर देती है। इसके अलावा इस रोग से घर का करीब-करीब हर सदस्य पीड़ित होता हैद्व जिससे पूरे परिवार का जीवन अल्पावधि के लिए अस्त-व्यस्त हो जाता है। इस तरह की बीमारी इतने व्यापक स्तर पर पिछले कई दशकों में नहीं देखी गई। व्यक्तिगत अनुभव के अनुसार कह सकता हूं कि शायद पहली बार ही ऐसी मुसीबत सामने आई है। अनुभव यह भी बता रहा है कि खांसी की दवाएं जितना कारगर पहले हुआ करती थी उतनी प्रभावशाली अब नहीं रह गई हैं।

क्या ये बातें हमें वैसा कुछ सोचने को नहीं उकसाती हैं जहां इस परिवर्तन के कारणों का मोटे तौर पर अध्ययन किया जाए और फिर गहन अध्ययन के प्रयास किए जाएं? क्या हमारे यहां की सरकारें और जनता का कोई प्रभावशाली वर्ग वायु प्रदूषण को ले कर संवेदनशील है?

रात-दिन धर्मयुद्ध में व्यस्त हमारे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल्स क्या कभी इस बात को प्रमुखता से प्रचारित करते हैं कि कोलकाता विश्व का प्रथम नंबर का शहर है जहां 2.5 कण तत्वों द्वारा सर्वाधिक मौतें होती हैं?

भारत सरकार ने कुछ प्रयत्न किए हैं जो खानापूर्ति जैसे लगते हैं क्योंकि इन कदमों के पीछे दृढ़ संकल्प की कमी स्पष्ट नजर आती है वरना दुनिया के सर्वाधिक वायु प्रदूषित 20 शहरों में से 18 शहर भारत के न होते। केंद्र सरकार ने 2017 को आधार मानते हुए 2024 तक तत्व कणों को 20-30 प्रतिशत और फिर 2025-26 तक 40 प्रतिशत तक कम करने का उद्देश्य सामने रखा है। यह शुरुआत प्रथम दृष्टि में तो अच्छी लगती है पर थोड़ा सा अध्ययन करने से निराशा हाथ लगती है। तत्व कण वाहनों के धुएं, घास फूस और लकड़ियों के जलाने, टूटी फूटी सड़कों से उठती मिट्टी, पत्थरों की पिसाई और निर्माण कार्यों द्वारा वातावरण में फैलते हैं। इनमें 2.5 साइज के तत्व कण सबसे खतरनाक होते हैं। सरकार ने अपने वर्तमान उद्देश्य में इन कणों को शामिल नहीं किया है जो कि एक निराशाजनक बात है क्योंकि 2.5 तत्व कण ही भारत का सबसे बड़ी स्वास्थ्य संबंधी खतरा है। सरकार ने 10 और उनसे बड़े तत्व कणों को शामिल किया है।

यहां जनता भी कम दोषी नहीं है। शाम के समय शहरों के मुख्य मार्गों पर लोग ठेलों का खाना कारों में बैठ कर खाते हैं। स्थिर अवस्था में चलता हुआ एयर कंडीशनर जबरदस्त स्थानीय वायु प्रदूषण फैलाता है। इसके अलावा लोगों के शरीर में इतनी ताकत भी नहीं बची है कि वे अपने निवास से 200 - 300 मीटर दूर से घरेलू सामान उठा कर ले आएं। इन छोटी दूरियों पर जब वाहन चलते हैं तो 2.5 तत्व कण काफी बड़ी मात्रा में हर तरफ फैलते हैं और लोगों के फेफड़ों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। चूंकि इन कणों के कारण फेफड़े दीर्घकालीन प्रज्वलन (क्रोनिक इन्फ्लेमेशन ) की स्थिति में रहते हैं तो उनमें वायरस का संचारण आसानी से होता है और खांसी के हमले व्यक्ति को बेदम कर देते हैं।

भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है, जनसंख्या घनत्व बढ़ रहा है जिसके कारण कूड़ा कचरा तेजी से बढ़ रहा है। स्वच्छ भारत का चुनावी नारा अपनी भ्रूणावस्था में ही मर गया। अब तो सरकार इस बहाने हर महीने वसूली तो कर लेती है पर गंदगी हर गली-मोहल्ले में अपने साम्राज्य को विस्तृत करती नजर आ रही है। अब इस कूड़े-कचरे पर शहरी वाहन दौड़ते हैं और पूरे वातावरण में 2.5 तत्व कण फैल जाते हैं, फेफड़ों में घुस कर वहां सूजन पैदा करते हैं जिससे वायरस क्रियाशील हो जाते है। इस प्रक्रिया की परणिति जबरदस्त खांसी में होती है जिसके सामने चिकित्सा विज्ञान के हर साधन पराजित होते हैं। परिवार के परिवार कई सप्ताह तक खांसते रहते हैं जिनमें कई लोगो की तो हालत काफी खराब हो जाती है।

जहां तक सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का सवाल है तो वहां तो परंपरागत धन कमाने की लालसा ही नजर आती है। सरकार में बैठे लोग सिर्फ सजा देना जानते हैं इसलिए यदि किसी वाहन चालक के पास प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र नहीं है तो दस हजार का जुर्माना लगा दिया जिसे ट्रैफिक पुलिस का सिपाही तीन से पांच हजार रिश्वत लेकर एक बड़े भ्रष्टाचार को खुलमखुल्ला जन्म दे रहा है। प्रदूषण फैलता है ट्रैफिक जाम से, टूटी-फूटी सड़क की मिट्टी से, सड़क किनारे बिखरे कचरे से, पेट्रोल-डीजल की मिलावट जैसे कारणों से, पर इन सब मामलों से निपटने में सरकारी उदासीनता सर्वविदित है। प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र भरी दुपहरी की लूट से अधिक कुछ नहीं है।

भारत को अपने विकास के मॉडल को बदलना होगा। गांव और कस्बों पर जन जागरण द्वारा परिवर्तन करने का प्रयास करना होगा ताकि लोग वहां पर रोजगार विकसित करें तथा आम रास्तों पर कब्जा करने की मनोवृति छोड़ें। आप कभी चूरू जैसे शहरों में जाइए। बेतरतीब भागते-दौड़ते, धुंआ उगलते, शोर मचाते ऑटो आपकी सांस रोकते और कान फोड़ते दानव से लगते हैं। गोबर और बच्चों के मल से सड़कें भरी हुई हैं और कोने-कोने से पेशाब की बदबू आती है। हर तरफ प्लास्टिक बिखरा हुआ है, दुकानदारों ने एक तिहाई सड़क पर कब्जा जमा रखा है और मतवाले मटकते तथाकथित नौजवान कान पर मोबाइल लिए सड़क के बीच से हटने का नाम नहीं लेते हैं। जो वाहन चालक इन शहरों में शांति से गाड़ी चला लेता है वह हो सच्चा ध्यानी कहलाने का हकदार है, हिमालय की शांत गुफा में बैठा ध्यान योगी इस चालक के सामने एक बालक मात्र है।

शहरों में छोटे-छोटे जंगलों का निर्माण अब आबादी के घनत्व के कारण असंभव हो गया है। शहरी वन वाटिकाओं के बिना शुद्ध वायु महज एक सपना है। भारत के शहरों और कस्बों के नागरिकों की नीयति खराब गले के साथ खांसते रहने की है और लगता तो यह है कि लोग खांसते रहेंगे, बेदम होते रहेंगे क्योंकि हमने उस संसार को नष्ट कर दिया जिसमें पानी साफ और हवा शुद्ध हुआ करती थी।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले में लाखों की तादात में उमड़ रहे भक्त

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** हारे के सहारे बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी मेला अपने शिखर पर पहुंचा रहा है। देश की चारों दिशाओं से श्याम भक्त बाबा श्याम के दर्शन करने के लिए खाटू नगरी में पहुंच रहे हैं। रींगस रोड पर श्याम भक्तों की कतार लगातार बनी हुई है। बाबा श्याम के लक्खी मेले में बुधवार सुबह से भीड़ बढ़ने की वजह से प्रशासन ने दर्शन मार्ग का रास्ता परिवर्तित करते हुए बाबा श्याम के दर्शन के लिए भेजा गया। बाबा श्याम के वार्षिक लक्खी मेले में इस बार श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा की गई व्यवस्थाओं से लाखों श्याम भक्तों को कम समय में दर्शन लाभ हो रहे हैं।

- **देश के कोने-कोने से श्याम भक्त खाटू नगरी पहुंच रहे हैं**
- **बाबा श्याम नगर भ्रमण को कल निकलेंगे**



**रींगस से खाटू मांर्ग पर हर जगह पर श्याम भक्त ध्वजा लेकर चलते हुये नजर आ रहे हैं।**

बाबा श्याम के नगरी से जुड़ने वाले हर मार्ग पर बाबा श्याम के भक्तों के हुजूम उमड़ रहा है। बाबा श्याम के दीवाने बाबा के जयकारे लगाते हुए श्याम बाबा के अलौकिक श्रंगार के दर्शन कर खुशहाली की कामना कर रहे हैं। हाथों में रंग बिरंगी निशान लेकर श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए श्याम भक्त अपने आराध्य के दर्शन करने के लिए खाटूश्यामजी पहुंच रहे हैं।

कल निकलेंगे बाबा श्याम नगर भ्रमण को: बाबा श्याम अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए अपनी हवेली से एकादशी शुक्रवार को नगर भ्रमण करेंगे। नीले घोड़े पर बनड़ा सा बनकर बाबा श्याम की शाही सवारी जिसमें बैंड, ढोल, तरासा, चंग के साथ गुलाल उड़ाते हुए भक्त रथ के आगे नाचते गाते आयेंगे।

गौरतलब है कि बाबा श्याम फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी को ही अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए आते हैं। इस दौरान भक्तों में रथ की छूने की लालसा, खजाने के रूप में प्रसाद लेने की अभिलाषा के साथ श्याम भक्त रथ के साथ चलते हैं। रथ बाबा श्याम के दरबार से रवाना होकर मिश्रा मोहल्ले से सुनारों के मोहल्ले से खातियों के मोहल्ले से होते हुए अस्पताल चौराहा से पूराने बस स्टैंड से सीधे मुख्य बाजार आएगा।

# कुत्तों ने नवजात को नोचा, तीन कार्मिक निलंबित करने से नर्सेज एसोसिएशन में रोष

**जालोर, (का.सं.)।** सिरोही जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय चिकित्सालय से सोमवार देर रात 29 दिन के मासूम नवजात को कुत्तों द्वारा उठा ले जाकर नोंचने से मासूम की मौत के बाद मंगलवार को उक्त घटना के बाद तीन कार्मिकों निलंबित करने के बाद बुधवार को नर्सेज एसोसिएशन ने पी.एम.ओ. कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

- **नर्सेज एसोसिएशन ने पी.एम.ओ. कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया**
- **नर्सेज एसोसिएशन ने बताया कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार बड़े अधिकारियों के खिलाफ कारवाई की जाये**

सिरोही के सरकारी अस्पताल से 29 दिन के नवजात को कुत्ते ने नोंच नोंच कर मार डाला था।। कुत्ते अस्पताल में मां के पास सो रहे नवजात को उठा ले गये थे। इस घटना ने सभी का दिल दहला कर रख दिया। घटना के बाद लोगों में आक्रोश देखा गया। सिरोही जिला कलेक्टर ने इस मामले को गंभीर मानते हुए शुरुआती जांच में दोषी पाए गये कार्मिक नर्सिंग आफिसर को निलंबित कर दिया। वहीं वार्ड बाय और गार्ड की सेवा ही खत्म कर दी। इस कार्रवाई का बुधवार को राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने विरोध प्रकट किया तथा पीएमओ कार्यालय का घेराव किया। वहीं ज्ञापन देकर तीनों को बहाल करने की मांग की। तीनों कार्मिकों को बहाल नहीं किया तो गुरूवार से कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

नर्सेज एसोसिएशन ने बताया कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार बडे अधिकारियों के खिलाफ कारवाई की जाये। छोटे कर्मचारी पर कार्रवाई करना सही नहीं है। वही जिला कलेक्टर ने कहा कि दोषी को नहीं बख्शा जायेगा। इस मामले की जांच रिपोर्ट आने पर अन्य दोषीयों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी

## राशिफल गुरूवार 2 मार्च, 2023



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, एकादशी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, आर्द्रा नक्षत्र दिन 12:43 तक, आयुष्मान योग सांय 5:10 तक, वणिज करण सांय 7:56 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृष, बुध-कुम्भ, गुरू-मीन, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

रवियोग दिन 12:43 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 12:43 से आरम्भ होगा। भद्रा सांय 7:56 से शुक्रवार प्रात: 9:12 तक है। आज आमला एकादशी व्रत स्मार्तों का है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:20 तक, चर 11:13 से 12:39 तक, लाभ-अमृत 12:39 से 3:31 तक, शुभ 4:55 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:54, सूर्यास्त 6:24

### मेष



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

### वृष



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मिथुन



अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

### कर्क



व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

### सिंह



आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में सार्थक सफलता मिलेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### कन्या



व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### तुला



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

### वृश्चिक



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### धनु



परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मकर



अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### कुंभ



व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### मीन



घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।



# जातिगत जनगणना कर OBC को संख्या के अनुपात में आरक्षण व समुचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व की माँग हेतु, एक दिन करे समाज के नाम

जुड़ेंगे और बढ़ेंगे

जाट बलवान जय भगवान

चलो जयपुर

चलो जयपुर

# जाट महाकुंभ

विद्याधर नगर स्टेडियम
जयपुर

जाट महाकुंभ के सभी ऑफिसियल अकाउंट से जुड़ने के लिए इसे स्कैन करें

## 5 मार्च 2023

प्रात: 11 बजे

**"यह मिट्टी पैदा ना करेगी रोज तुझे, यह रण भी रोज नहीं होगा।
ताकत दिखा पाओगे रोज नहीं, यह जाट महाकुंभ भी रोज नहीं होगा॥"**



**राजाराम मील**
संरक्षक, जाट महाकुंभ



**उम्मेद सिंह ढुल**
कोर कमेटी सदस्य, जाट महाकुंभ



**विजय पूनियाँ**
संरक्षक, जाट महाकुंभ

आयोजक :
**राजस्थान जाट महासभा एवं जाट महाकुंभ कोर कमेटी**

निवेदक :
**समस्त जाट समाज एवं जाट संगठन**

MBPL

महाकुंभ से जुड़ने के लिए 96 9492 9492 पर मिस्ड कॉल व नाम लिख कर व्हाट्सएप करें।

Visit - www.rajasthanjatmahasabha.com | Follow Us - /@JatMahakumbh

# कुलोठ खुर्द गांव में परिवार को बंधक बनाकर की गई डकैती का खुलासा, आठ गिरफ्तार

## बदमाशों और पुलिस के बीच मौका तस्दीक के दौरान हुई मुठभेड, आरोपियों ने पुलिस की रिवाल्वर से ही पुलिस पर फायरिंग कर दी



पुलिस ने हरियाणा की शातिर बावरिया गैंग के सात सदस्यों के अलावा रैकी करने वाले एक स्थानीय आरोपी को गिरफ्तार किया।



बदमाशों से मुठभेड़ के दौरान एक पुलिसकर्मी घायल हो गया।

**झुंझुनूं/सूरजगढ़,** (निसं)। थाना इलाके के कुलोठ खुर्द गांव में तीन दिन पहले एक परिवार को बंधक बनाकर पिस्टल की नोक पर की गई डकैती का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में हरियाणा की शातिर बावरिया गैंग के सात सदस्यों के अलावा रैकी करने वाले एक स्थानीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने पुलिस से भागने के चक्कर में फायरिंग भी की। जिसमें ना केवल एक पुलिसकर्मी, बल्कि दो बदमाश भी गोली लगने से घायल हो गए। जिनका ईलाज झुंझुनूं के राजकीय बीडीके अस्पताल में चल रहा है।

झुंझुनूं एसपी मृदुल कच्छावा ने बुधवार को प्रेस वार्ता में मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 व 25 फरवरी की दरमियान रात को कुलोठ खुर्द निवासी रामेश्वर को अज्ञात नकाबपोश छह जनों ने बंधक बनाकर डकैती की वारदात की थी। रामेश्वर को बचाने आई उसकी पत्नी निर्मला, बेटी मीनू और पुत्रवधु ज्योति को भी पिस्तौल का डर दिखाकर ना केवल कमरे में बंद कर दिया गया। बल्कि उनके पहने हुए गहने भी बदमाश उतरवाकर ले गए। इस मामले को पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया। पुलिस ने सूरजगढ, पिलानी, डीएसटी व साइबर सैल की अलग-अलग टीमों का गठन कर बदमाशों की मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और राजस्थान के अलवर व भरतपुर आदि जिलों में तलाश की। इसी दरमियान पुलिस ने बलौदा में रहने वाले बबलू उर्फ भालू को हिरासत में लिया। जिसने पूछताछ में इस वारदात में खुद की संलिप्तता को कबूला और वारदात करने वाली गैंग के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने एमपी के मुरैना, हरियाणा के सिवानी तथा पंजाब के तरनंतारन क्षेत्र में दबिश देकर सभी आरोपियों को दबोचा। पकडे गए आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल लिया।

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि बुधवार सुबह पुलिस आरोपियों को लेकर मौका तस्दीक के लिए कुलोठ खुर्द तथा हथियार आदि बरामदगी के लिए सिवानी हरियाणा जा रही थी। इसी दरमियान कुलोठ खुर्द में घटना स्थल पर पहुंचते ही गिरफ्तार आरोपी अर्जुन उर्फ गंजा ने कांस्टेबल सुधीर तथा संजय ने कांस्टेबल जितेंद्र से झपट्टा मारकर और धक्का मुक्की करके पिस्टल छीन ली और भागने लगे। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में बदमाशों ने पुलिस पर तीन राउंड फायर किए। जिसमें कांस्टेबल जितेंद्र के कोहनी में गोली लगी। वहीं पुलिस की ओर से आत्मरक्षा के लिए की गई सात राउंड फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैरों में एक-एक गोली लगी। इसके बाद पुलिस टीम ने बदमाशों को काबू कर लिया। एसपी ने बताया कि इस घटना को लेकर दोनों बदमाशों पर अलग से मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं हथियार और डकैती किए गए सामान की बरामदगी के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस टीम ने तीन दिन से कम समय में इस वारदात का खुलासा किया है।

**■ भागने के प्रयास में बदमाशों ने चलाई पुलिस पर गोलियां, आपसी मुठभेड में एक कांस्टेबल और दो बदमाश घायल**

**इन आठ आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार:-** एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि इस मामले में स्थानीय जानकारी देने और रैकी करने के मामले में बलौदा निवासी बबलू उर्फ भालू पुत्र मूंगाराम बावरिया को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा हरियाणा के हंस कॉलोनी फतेहाबाद निवासी हाल किराएदार वार्ड नं. 13 सिवानी जिला भिवानी हरियाणा निवासी 33 वर्षीय संजय पुत्र करण सिंह बावरिया, वार्ड नं. 10 सिवानी निवासी 44 वर्षीय मोहन सिंह उर्फ रूडी पुत्र अमीर सिंह बावरिया, वार्ड नं. 10 सिवानी निवासी 32 वर्षीय अर्जुन उर्फ गंजा पुत्र सहदेव बारिया, भरतपुर जिले के रूपवास थाना इलाके के चंदनपुरा निवासी 55 वर्षीय सुभाष उर्फ कलुआ पुत्र जोहरी बावरिया, अलवर जिले के टपुकडा थाना इलाके के मसीत गांव निवासी 26 वर्षीय रवि पुत्र सुरेश बासरिया, हरियाणा के थाना सीकरी गांव बल्लभगढ निवासी 36 वर्षीय रामकुमार उर्फ रामू पुत्र रमेशचंद्र बावरिया तथा पंजाब के तरनंतारन जिले के भीखीविंड थाना इलाके के बैंका निवासी 42 वर्षीय शशि पुत्र करणसिंह बावरिया को गिरफ्तार किया है।

**अकेले सुभाष पर तीन राज्यों में एक दर्जन मामले :-** एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि गिरफ्तार आठ में से पांच आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड है। इनमें भरतपुर के चंदनपुरा निवासी सुभाष उर्फ कलूआ के खिलाफ तीन राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के छह जिलों में एक दर्जन मामले दर्ज है। राजस्थान के अलवर, भरतपुर, दौसा और करौली के अलावा एमपी के ग्वालियर तथा यूपी के आगरा में मामले दर्ज है। इसके अलावा सिवानी निवासी संजय के खिलाफ सिवानी हरियाणा में सात, सिवानी निवासी मोहन सिंह के खिलाफ सिवानी हरियाणा में आठ, सिवानी निवासी अर्जुन उर्फ गंजा के खिलाफ सिवानी में दो तथा बलौदा निवासी बबलू उर्फ भोला के खिलाफ सूरजगढ थाने में एक मामला दर्ज है। जो सभी न्यायालय में विचाराधीन है।

**आरोपियों को दी गई सरेंडर की चेतावनी, पर माने नहीं:-**एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि बदमाशों ने कांस्टेबल सुधीर कुमार तथा जितेंद्र की सरकारी पिस्टल को छीनकर अपने कब्जे में ले लिया था। भागते वक्त रोकने पर उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की। लेकिन बार-बार पुलिस के कहने पर भी आरोपी सरेंडर करने की बजाय फायर कर रहे थे। ऐसे में सूरजगढ एसएचओ रविंद्र कुमार, डीएसटी के हैड कांस्टेबल शशिकांत तथा मोहन ने आत्मरक्षा में फायरिंग की। जो दोनों बदमाशों अर्जुन उर्फ गंजा तथा संजय के पैरों में लगी। जिसके बाद दोनों को दबोचा लिया गया। बताया जा रहा है कि कांस्टेबल जितेंद्र के कोहनी में गोली लगकर निकली है। तो वहीं दोनों बदमाशों के पैरों से गोली आर-पार हो गई है। तीनों का राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में ईलाज चल रहा है।

**स्थानीय भोला ही था वारदात का प्लानर:-** बलौदा निवासी बबलू उर्फ भोला ही पूरी वारदात का प्लानर निकला है। प्रारंभिक पूछताछ में यही सामने आया है। वहीं वारदात के बाद सभी बदमाश अलग-अलग हो गए। ताकि पकडे ना जाए। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि बबलू उर्फ भोला बलौदा सहित पास पडौस के गांवों में खेतों को संभालने आदि का काम करता है। कुछ समय पहले उसने रामेश्वर के खेतों में बेसहारा पशु आकर फसल खराब ना कर दे इसका भी काम किया था। उसे मालूम था कि घर के दो बेटे सेना में अच्छे पदों पर कार्यरत है। ऐसे में ना केवल परिवार अकेला रहता है। बल्कि खेत में रहने के कारण पास पडौस भी नहीं है। उसने पूरी रैकी कर सिवानी के गैंग को जानकारी दी और वारदात को अंजाम कराने में सहयोग दिया। घटना वाली रात भी वह घर के बाहर ही था और मूवमेंट पर नजर रखे हुए था।

# अफीम डोडा-पोस्त की अवैध खेती पकड़ी



पुलिस ने अवैध रूप से अफीम डोडा-पोस्त की खेती पकड़ी।

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा के निर्देशानुसार थाना मेहन्दवास पुलिस द्वारा क्षेत्र के ग्राम नवाबपुरा उर्फ सूर्या गांव के खेत में आरोपी द्वारा अवैध रूप से अफीम डोडा-पोस्त की खेती करने पर कुल 8000 हरे पौधे मय डोडों के जप्त किये गये। जिनका कुल वजन 1096 किलो 580 ग्राम है।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह राठौड़, वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद के निर्देशन में जिले में चलाये गये अवैध मादक पदार्थ की रोकथाम के दौरान मेहंदवास थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह के साथ गठित टीम ने ग्राम नवाबपुरा उर्फ सुर्या के आशाराम पुत्र रामसहाय मीणा मीणा निवासी नवाबपुरा उर्फ सूर्या के कब्जे काश्त खेत में सौंप की खेती के बीच में छह क्यारियों में अवैध अफीम के हरे पौधों को ढोडे सहित पुलिस जाप्ता की मदद से उखाडे जाकर पौधो की गिनती की गई तो कुल 8000 अफीम पौधे पाये गये। अफीम के पौधों पर लगे डोडों की गिनती की गई तो कुल 10503 डोडे पौधों के उपर लगे हुये मिले। जिनको एक जगह एकत्रित किया जाकर अफीम पौधों का तौल इलेक्ट्रोनिक कांटे से किया तो कुल वजन 1096 किलो 580 ग्राम होना पाया गया, जिस पर कार्यवाही कर हरे अफीम डोडा पोस्त के पौधों को जरिये फर्द जब्त किया जाकर प्रकरण दर्ज किया।

# ग्राम विकास अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर की स्पेशल यूनिट ने चित्तौड़गढ़ जिले राहूल मीणा ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चाकुडा अतिरिक्त प्रभार उमण्ड पंचायत समिति कपास को दस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की स्पेशल यूनिट उदयपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मकान का पट्टा जारी करने के एवज में राहूल मीणा ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चाकूडा अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत मउण्ड पंचायत समिति कपास जिला चित्तोड़गढ द्वारा 10 हजार रूपये रिश्वत राशी की मांग कर परेशान कर रहा है। जिस पर एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में निरीक्षक आदर्श कुमार परिहार के नेतृत्व में गठित दल ने ट्रेप कार्यवाही करत राहुल मीणा निवासी विजन कॉलेज के पीछे सेती जिला चित्तोड़गढ हॉल ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चाकुडा अतिरिक्त प्रभार पंचायत उण्ड पंचायत समिति कपासन को 10 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो की टीम द्वरीर ग्राम विकास अधिकारी के मकान व अन्य ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है।

# तीन जनों को बोलेरो ने रौंदा, दंपत्ति की मौत

**अलवर,** (निसं)। तेज रफ्तार बोलेरो ने सड़क किनारे चल रहे दंपत्ति समेत 3 लोगों को कुचल दिया। टक्कर से पति-पत्नी करीब 25 फीट दूर जाकर गिरे। हादसे में दंपत्ति की मौत हो गई और एक महिला गंभीर घायल हो गई। घटना अलवर के एनईबी थाना क्षेत्र के 200 फीट रोड स्थित हनुमान सर्किल के पास की बुधवार की है। बोलेरो रिटायर्ड एसआई चला रहा था।

घटना बुधवार दोपहर करीब साढे 12 बजे की बताई जा रही है। बुजुर्ग दंपती मोहनलाल (70) और धर्मवंती (68) खुदनपुरी इलाके में रहते थे। दोनों बुधवार दोपहर लक्ष्मणगढ थाना क्षेत्र के बूटोली बायी गांव में बेटी से मिलकर लौट रहे थे। यहां हनुमान सर्किल पर दोनों उतरे थे। यहां ये 500 मीटर की दूरी पर ही घर था। ऐसे में दोनों पैदल ही घर की तरफ निकले। पति-पत्नी सड़क किनारे चल रहे थे। इनके साथ एक महिला सफाईकर्मी गुलाब (66) भी चल रही थी। तभी नमन होटल के पास पीछे से आई तेज रफ्तार बोलेरो तीनों को रौंदते हुए आगे निकल गई। टक्कर से दंपती समेत तीनों उछलकर 25 फीट दूर जा गिरे।

स्थानीय लोगों ने तीनों को एंबुलेंस से अलवर के जिला हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां पति-पत्नी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गुलाब की हालत गंभीर बनी हुई है। खुदनपुरी निवासी विजय कुमार ने बताया कि बुजुर्ग दंपती उनके पडोसी थे। उन्हें जैसे ही हादसे की जानकारी मिली तो वे हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने बताया कि दोनों के 5 बच्चे हैं। हादसे के बाद बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी खा गई। पुलिस ने बताया कि बोलेरो रिटायर्ड एसआइ कैलाश मीणा चल रहा था। कैलाश मीणा दो साल पहले 2021 में अलवर पुलिस लाइन से ही रिटायर्ड हुआ था। रिटायर्ड पुलिसकर्मी को हिरासत में भी ले लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि वह शराब के नशे में था।

# प्रवेश पत्र वेबसाइट पर अपलोड

**अजमेर,** (कासं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2023 के परीक्षाओं के प्रवेश पत्र बुधवार को बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड कर दिए हैं। परीक्षार्थी संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/अग्रेषण अधिकारी पूर्व प्रदत्त आई.डी./पासवर्ड से डाउनलोड करके प्रवेश पत्रों की हार्ड कॉपी निकालकर उसमें मुद्रित सभी प्रविष्ठियों के प्रमाणीकरण के पश्चात् संबंधित परीक्षार्थियों को वितरित कर सकेंगे। नियमित परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित विद्यालय प्रधानाचार्य करेंगे तो वहीं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र जहां से परीक्षार्थी ने आवेदन पत्र भरा वहां के अग्रेषण अधिकारी डाउनलोड कर सकेंगे। बोर्ड के प्रशासक और संभागीय आयुक्त भंवरलाल मेहरा ने बताया कि ऐसे परीक्षार्थी जिनका विद्यालय से नाम पृथक कर दिया गया हो, उपस्थिति न्यून हो, आवेदन पत्र निरस्त किया गया हो अथवा अन्य किसी भी प्रलेख की कमी के कारण अथवा जिन विद्यालयों ने बोर्ड से सम्बद्वता का वार्षिक शुल्क जमा नहीं कराया है, उनके प्रवेश पत्र अपलोड नहीं किए गए हैं।

**■ माशिबो-2023 की बोर्ड परीक्षाओं के प्रवेश पत्र अपलोड**

# महिला के दस्तावेजों में मोहर और हस्ताक्षर फर्जी निकले

## आधार कार्ड बनवाने आई थी महिला

**किशनगढ़बास,** (निसं)। सरकारी दस्तावेज पर फर्जी मोहर लगाकर व हस्ताक्षर कर सत्यापित करने का मामला सामने आने पर बाबू शोभाराम राजकीय कला कॉलेज अलवर के प्रोफेसर डॉ. सत्यभान यादव ने मुख्यमंत्री शासन सचिव व अलवर कलेक्टर को ईमेल भेजकर अलवर में फर्जी मोहर हस्ताक्षर कर की जा रही जालसाजी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

बाबू शोभाराम राजकीय कला कॉलेज के प्रोफेसर डॉक्टर सत्यभान यादव ने बताया कि बुधवार को दोपहर करीब 3 बजे सेटेलाइट हॉस्पिटल अलवर से फोन आया और पूछा गया कि दो महिलाएं संजू अजीत कोली और सीमा तेज राम गुर्जर आधार कार्ड बनवाने के लिए आई हैं क्या इन्हें जानते हैं। जब मैंने दोनों महिलाओं को पहचानने से इंकार कर दिया तो बताया कि आपके द्वारा फार्म सत्यापित किया हुआ है।

**■ प्रोफेसर ने सीएम शासन सचिव व अलवर कलेक्टर को कार्रवाई के लिए ई-मेल भेजा**

मैंने जब फार्म देखा तो मोहर वे हस्ताक्षर दोनों ही जाली थे और ना ही वह आधार कार्ड बनवाने आई महिलाओं को पहचानते हैं। हस्ताक्षर व मोहर का दुरुपयोग होने पर यादव ने मुख्यमंत्री शासन सचिव अलवर जिला कलेक्टर सहित अधिकारियों को ई-मेल भेजकर जालसाजी करने वालों के विरुद्ध कडी कार्रवाई करने की मांग की है जिससे सरकारी दस्तावेजों पर की जा रही जालसाजी पर अंकुश लग सके।

# 6.78 करोड़ की संदिग्ध राशि बरामद, गुजरात के दो लोगों को डिटेन किया

## गुजरात के एक व्यापारी ने भीलवाड़ा पुलिस की इस कार्यवाही पर सवाल खड़े किए

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध क्रेटा कार से 6 करोड़ 75 लाख रुपये की संदिग्ध राशि को जब्त कर गुजरात के दो लोगों को डिटेन किया है। हालांकि गुजरात के एक व्यापारी ने भीलवाड़ा पुलिस की इस कार्यवाही पर सवाल खड़े किए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा व डीएसपी सदर रामचंद्र चौधरी ने प्रताप नगर थाने में प्रेसवार्ता कर इस मामले का खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू (आई.पी.एस.) ने शहर में पैसों के अवैध कारोबार को लेकर विशेष सतर्कता व कार्यवाही के लिए एएसपी मिश्रा व डीएसपी सिटी नरेंद्र दायमा व डीएसपी चौधरी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। इस बीच, कांस्टेबल बनवारी 1949 को मुखबिर से सूचना मिली कि गुजरात नम्बर की एक सफेद क्रेटा में अवैध पैसे लाये जा रहे हैं। इस पर प्रताप नगर थाना प्रभारी राजेंद्र गोदारा को अवगत करवाया गया। गश्त के दौरान मिली सूचना पर पुलिस ने आवरी माता मंदिर चौराया के पास उक्त क्रेटा को रोका, लेकिन उसमें कोई अवैध सामान नहीं मिला। कार में बैठे दो लोगों ने खुद को वसई डाबला, मेहसाणा गुजरात निवासी राहुल चावड़ा (30) पुत्र शंकर सिंह चावडा राजपूत और जयदीप सिंह चावडा (32) पुत्र कन्नु चावडा होना बताया। इसके चलते पुलिस कार को बारिकी से जांच के लिए थाने ले गई। जहां डीएसपी रामचन्द्र चौधरी ने थाने पहुंच कर क्रेटा को चेक करते हुये दोनों लोगों से पूछताछ की तो उन्हें कार की अगली सीट के नीचे डिक्की में व पिछली सीट के पीछे बक्से बने हुये मिले। बक्सों को खोला तो उनमे 500 व 2000 रूपये के नोट भरे मिले। दोनों व्यक्तियों ने पैसों के सम्बंध में कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया। सूत्रों के अनुसार नकदी के साथ राहुल चावडा और जयदीप चावडा को गुजरात के एक व्यवसायी नीना कमलेश ने जमीन की खरीद फरोख्त के लिए भीलवाड़ा भेजा था। उनके पास 6 करोड 80 लाख रुपए की नकदी थी, लेकिन जमीन का सौदा नहीं होने के कारण ये लोग रुपयों के साथ वापस अहमदाबाद लौट रहे थे।

**■ दोनों व्यक्तियों ने पैसों के सम्बंध में कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया**

**■ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व डीएसपी सदर ने प्रेसवार्ता कर मामले का खुलासा किया**

पुलिस का कहना है कि मशीन से गिनती में उक्त नोट 6 करोड़ 75 लाख रूपये पाये गये है। कार में मिले दोनों गुजराती युवक भारी मात्रा में रकम के बारे में कोई स्पष्ट कारण नहीं बता पाये। इसके चलते पुलिस ने दोनों को डिटेन कर राशि जब्त कर ली। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कार में मिली बड़ी राशि के बारे में आयकर विभाग व प्रवर्तन निदेशालय को सूचना दी गई है। साथ ही पुलिस भी अपने स्तर पर यह जांच कर रही है कि इतनी बड़ी राशि कहां से, क्यूं और किसके लिए लाई व ले जाई जा रही थी।

हालांकि इस मामले में गुजरात के एग्रीकल्चर व्यापारी कमलेश शाह ने बताया कि उक्त राशि भीलवाड़ा में एक सौदे के लिए भेजी गई थी। सौदा नहीं होने की स्थिति में पेमेंट वापस मंगवाया गया, जिसे पुलिस ने हवाला राशि बताते हुए ज़ब्त कर लिया है। उन्होंने भीलवाड़ा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े किए हैं। साथ ही अधिवक्ता शहज़ाद रंगरेज के मार्फ़त आपत्ति भी दर्ज करवाई गई है। व्यापारी का दावा है कि ज़ब्त राशि 6 करोड़ 85 लाख थी, जिसे पुलिस ज़ब्ती के बाद 6 करोड़ 75 लाख ही बताया जा रहा है।



भीलवाड़ा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंचल मिश्रा ने प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी।

# राजस्थान में बीते चार सालों में शिक्षा का सम्पूर्ण ढांचा चरमराया : वासुदेव देवनानी

## 'प्रदेश की स्कूल और कॉलेजों में शिक्षक-संसाधन नहीं, कांग्रेस सरकार ने शिक्षा का बेड़ागर्क किया'

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर** । पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी ने बुधवार को सदन में शिक्षा की अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए कांग्रेस की शैक्षिक नीतियों की जमकर पोल खोली। देवनानी ने कहा कि पिछले 4 सालों में शिक्षा का सम्पूर्ण ढांचा चरमरा गया है। शैक्षिणक संस्थानों में न शिक्षक, न अशैक्षिणक स्टाफ, न संसाधन और न ही शिक्षा को लेकर राज्य सरकार का कोई विजन ही है। प्रदेश में शिक्षा का बेडागर्क हो चुका है। बहस में सत्ता पक्ष व विपक्ष के तमाम विधायकों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में अध्यापकों की कमी, स्कूल भवन नहीं होने की कमियां गिनाईं।

देवनानी ने कहा कि महात्मा गांधी का कभी भी अंग्रेजी से संबंध नहीं रहा। वे स्वभाषा के समर्थक रहे लेकिन सरकार ने हिन्दी माध्यम स्कूलों को बंद कर उनके नाम पर अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय खोले। सरकार ने बिना योजना के अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की रेवडियां बांट दी, जिसके परिणाम ढाक के तीन पात ही रहे। करीब 3400 स्कूलें

- **महात्मा गांधी स्वभाषा के समर्थक, फिर भी सरकार ने उनके नाम पर अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला**
- **'भाजपा सत्ता में आते ही स्कूलों में योगाभ्यास, रामायण-महाभारत और गीता की पढ़ाई कराएगी'**

खोलने की बजट घोषणा पूरी हुई नहीं कि इस बजट में 1000 और नए विद्यालय खोलने का राग अलाप दिया गया। इन स्कूलों में 10 हजार शिक्षक पद रिक्त है। संविदा पर भर्ती का राग अलापा उसमें भी असफल रहे। सरकार की विद्या संबल योजना न विद्या दे पाई और न ही संबल ही दे पाई। अध्यापकों के अभाव में बच्चे न घर के रहे न घाट के ऐसे में प्रदेश के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड हो रहा है।

देवनानी ने कहा कि विदेशों में हिंदी माध्यम में रामायण, गीता व महाभारत पढाई जा रही है जबकि प्रदेश में प्रार्थनासभा में योगाभ्यास तक बंद कर दिए। सत्ता में आने पर हम स्कूलों में रामायण, महाभारत और गीता पढाने के साथ प्रार्थनासभा में योगाभ्यास पुनः प्रारंभ कराएंगे।

देवनानी ने कहा कि प्रदेश की स्कूल-कॉलेजों का हाल ऐसा है कि जहां बच्चे कम है, वहां अध्यापक ज्यादा है और जहां बच्चे ज्यादा, वहां अध्यापक कम है। स्टाफिंग पैटर्न के अभाव में अध्यापकों की कमी के कारण आए दिन स्कूलों पर ताले जड़ने की शिकायतें मिल रही है। करीब 17100 सीनियर सैकण्डरी स्कूलों में से 12 हजार में तो अनिवार्य विषयों के व्याख्याता पद तक स्वीकृत तक नहीं है। वर्तमान में संयुक्त निदेशक से लेकर प्रिंसिपल शिखक तक 1 लाख से अधिक पद रिक्त है। परिणाम न निरीक्षण, न पर्यवेक्षक और न शिक्षण ही हो रहा है।

देवनानी ने बताया कि 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं इसी माह से प्रारंभ हो रही है जबकि पाठयक्रम पूरा नहीं हुआ है। इस शैक्षिणक सत्र में कार्यदिवस केवल 131 ही हुए है जबकि 180 होने चाहिए ऐसी स्थिति में स्कूलों में पढाई कैसे हो? समझ से परे है। सरकार ने अभी तक कम्प्यूटर शिक्षक नहीं लगाए। स्कूलों में लगे 50 करोड के कम्प्यूटर कबड होकर धूलफांक रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में 22 हजार स्कूल मर्ज किए। तब विपक्ष के नाते कांग्रेस ने खूब हल्ला करते हुए सत्ता में आने पर पुनः खोलने की बात कही लेकिन सत्ता पर बैठने के बाद केवल 1250 ही खोल पाए उसमें से भी 151 विद्यालयों में शून्य और 580 में 25 से कम नामांकन होने के कारण पुनः बंद कराना इनकी मजबूरी हो गई है।

उन्होंने कहा कि सीकर, अलवर, भरतपुर व बांसवाडा विश्वविद्यालय में एक भी शैक्षिणक पद पर नियुक्ति नहीं है। अजमेर स्थित एमडीएस में 48 में 34, कोटा में 78 में 56 व बीकानेर में 77 में 60 पद खाली है। स्कील यूनिवर्सिटी में 2 वर्ष में न कुलपति और न स्थनीय स्टाफ दिया गया। जोधपुर फिनटेक यूनिवर्सिटी का शिलान्यास तो किया लेकिन एक्ट अनुमोदित नहीं किया गया। एजेसीटीई-यूजीसी से मान्यता नहीं मिली है। राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय में कोई सहायक नहीं है। केवल खाता खुला रखने के लिए 1000-2000 रूपए दर्शाए गए। महिला योग्यता छात्रवृति, स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को देय छात्रवृति, मृतक राज्य कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृति, शोध, ललित कला एवं पूर्व सैनिक आश्रितों के बच्चों को छात्रवृति के लिए बजट सिर्फ 1 लाख रूपए देना खुला मजाक है।

देवनानी ने कहा कि 4 निजी विश्वविद्यालयों को खोलने में फर्जीवाडा किया गया। गुरूकुल, सौरभ, ड्यूज एवं व्यास यूनिवर्सिटी का असफर और संबंधित कमेटी ने आंख मूंदकर सत्यापन किया। भ्रष्टाचार का बडा खेला खेला गया। पेपर लीक प्रकरण पर बोलते हुए देवनानी ने कहा कि आयुक्तालय में कार्यरत राजीव स्टडी सर्कल से जुडे शिक्षक डॉ बनेसिंह, सुभाष यादव और बी.एस.बैरवा को दिखावे के लिए निलंवित किया गया। अब वापिस बहाल करके आयुक्तालय में बैठा दिया गया।

# सोने-चांदी के जेवर समेत दो शातिर नकबजन दबोचे

**जयपुर** (कासं)। सदर थाना पुलिस ने सोना-चांदी चुराने के मामले में दो शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया हैं। पुलिस पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ कर रही हैं।

- **आरोपियों के कब्जे से एक किलो चांदी और 8 तोला सोने के जेवर बरामद**

डीसीपी (अपराध) ज्येष्ठा मैत्रयी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद मोईन शास्त्री नगर और अनिल कुमार स्वामी स्वामी बस्ती चांदपोल बाहर संजय सर्किल के रहने वाले है। पुलिस ने बताया कि जयपुर शहर में घर में घुसकर नकबजनी की वारदात के बाद एडिशनल डीसीपी सुलेश चौधरी, पुलिस निरीक्षक मुनिन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठचन किया। टीम ने मोहम्मद मोईन और अनिल कुमार स्वामी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 8 तोला सोना और एक किलो चांदी के जेवर बरामद कर लिए। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद मोईन मूलतः उडीसा का रहने वाला है और 15 साल से जयपुर में राणा कॉलोनी शास्त्री नगर में रह रहा है। आरोपी चोरी का माल खरीदने और बेचने का काम करता है। आरोपी अनिल कुमार मूलतः चांदपोल जयपुर का रहने वाला है और नाहरगढ़ और संजय सर्किल से अन्य मुकदमों में चालानशुदा अपराधी है। मुख्य आरोपी नौशाद को अगस्त 2022 में पुलिस थाना सदर इलाके में एक घर में नकबजनी कर काफी मात्रा में सोना-चांदी के जेवरात चोरी कर मोहम्मद मोईन और अनिल कुमार स्वामी को बेचने के लिए दिए थे।

## संक्षिप्त

### कुत्तों को कैंची से पकड़ने पर आपत्ति

**जयपुर** (कासं)। सिरोही के अस्पताल में कुत्ते (श्वान) द्वारा नवजात को उठाकर ले जाने के बाद प्रशासन ने लगभग 40 कुत्तों को कैंची का इस्तेमाल कर घायल करते हुए पकड़ा है। बुधवार को इस पर नाराजगी जताते हुए पीपल फॉर स्ट्रीट डॉग्स संस्था का दल अध्यक्ष चांदनी खण्डेलवाल के साथ सिरोही कलेक्टर और स्थानीय एग्जीक्यूटिव अधिकारी से मिला। चांदनी खंडेलवाल ने कहा कि सिरोही अस्पताल व आसपास से प्रशासन ने लगभग 40 कुतों को कैंची का इस्तेमाल कर घायल करते हुए पकड़ा है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत कैंची के इस्तेमाल पर रोक लगी हुई है। प्रशासन की गलती से एक मासूम की जान गई और अब प्रशासन पशुओं की जान लेने पर उतारू हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत आवारा श्वानों को सुरक्षित पकड़कर उसी इलाके में सुरक्षित खान-पान की व्यवस्था के साथ रखा जाना था, परन्तु प्रशासन ने कुत्तों को पकड़कर दूर जंगल में मरने के लिए छोड़ दिया। संस्था की फाउंडर ज्योति खण्डेलवाल ने सिरोही प्रशासन की इस हरकत को लेकर जयपुर डीजीपी को भी पत्र लिखा है।

### 'किसानों से 7 दिन में वार्ता करे सरकार'

**जयपुर**, (का.सं.)। 'खेत को पानी-फसल को दाम' के नारे के साथ जयपुर पहुंचे किसानों ने राज्य सरकार को एक सप्ताह में वार्ता करने के लिए अल्टीमेटम दिया है। किसान महापंचायत में पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव की प्रति मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भेज कर किसानों ने एक सप्ताह में कोई भी दिन निर्धारित कर वार्ता करने का आग्रह किया है और तब तक आंदोलन को स्थगित रखने की घोषणा की है। दरअसल दौसा, शाहपुरा, श्रीमाधोपुर, दूदू एवं निवाई से 24 फरवरी को आरंभ हुई पांचों यात्राओं का संगम कल जयपुर में शहीद स्मारक पर हुआ। जहां चारों ओर 'खेत को पानी-फसल को दाम-किसानों का यही पैगाम गूंजता रहा।

### थानाधिकारी को लाइन हाजिर किया

**जयपुर** । पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने मानसरोवर थानाधिकारी को लाइन हाजिर कर दिया है। जानकारी के अनुसार मानसरोवर थानाधिकारी दिलीप सोनी के खिलाफ पुलिस मुख्यालय में लापरवाही का मामला विचाराधीन था। इसमें कार्रवाई करते हुए पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने बुधवार को थानाधिकारी को लाइन हाजिर करने के आदेश जारी कर दिए।

### बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा

**जयपुर**, (का.सं.)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च 2023) पर महिलाएं एवं बालिकाएं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार, यह यात्रा राजस्थान की सीमा में राजस्थान रोडवेज की समस्त साधारण एवं द्रुतगामी बसों में मिलेगी। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य में लगभग 8.50 लाख महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा यात्रा करने का अनुमान है।

# धर्म के आधार पर चलने वाले देश विकास में पिछड़ जाते हैं : ओझा

## 'धर्म का वितण्डावाद और सामाजिक समरसता' विषय पर हुई संगोष्ठी

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रमुख बुद्धिजीवियों की संस्था 'मुक्त मंच' की 67वीं संगोष्ठी परम विदुषी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य और प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ नरेंद्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। गोष्ठी "धर्म का वितण्डावाद और सामाजिक समरसता" विषय पर हुई संगोष्ठी का संयोजन शब्द संसार के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने किया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए डॉ. नरेंद्र शर्मा कुसुम ने कहा कि एक आदर्श सामाजिक संरचना के मूल में समरसता एक महत्वपूर्ण घटक है। वितण्डावाद कुतर्क का पर्याय और अपने मतारोपण का प्रयास है। विचार के स्तर पर हर प्रकार का वितण्डावाद सर्वथा निंदनीय है और धर्म का वितण्डावाद अत्यंत विध्वंसकारी है।

मुख्य अतिथि अरुण कुमार ओझा आईएएस (रि.) ने कहा कि धर्म और रिलीजन में अंतर है। हम रिलीजन को ही धर्म समझ बैठे। जो देश धर्म के आधार पर चलते हैं, वह विकास की गति में पिछड जाते हैं। संगोष्ठी के संयोजक कृष्ण शर्मा ने तुलसीदास को उद्धत करते हुए कहा कि 'परहित सरिस धर्म नहीं भाई।' यानी सत्य, प्रेम, दया, करुणा, अस्तेय और क्षमा हमारी जीवन संजीवनी है।



'मुक्त मंच' की 67वीं संगोष्ठी बुधवार को डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य और साहित्यकार डॉ. नरेंद्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

आर.सी. जैन आईएएस (रि.) ने कहा कि हम धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र हैं, जिसका कोई राजधर्म नहीं है। ऐसे में हमें अपनी आस्था, विश्वास और श्रद्धा को संपोषित कर आगे बढ़ना चाहिए। वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी ने कहा कि धर्म सामाजिक मूल्यों को संरक्षण प्रदान करता है। उसमें घृणा, हिंसा और असहिष्णुता के लिए कोई स्थान नहीं है। भारत ने इस दृष्टि से संसार को समरसता का संदेश दिया है। युवा विचारक ज्ञानचंद जैन ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को आग का दरिया पार करके काल का पहिया संचालित करना है, तभी सामाजिक समरसता बच पाएगी।

## भर्ती में शामिल करने के आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने हैल्थ वर्कर, असिस्टेंट रेडियोग्राफर व लैब टेक्निशियन भर्ती-2022 में अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र स्वीकार करने के आदेश देते हुए उन्हें भर्ती परीक्षा में शामिल करने को कहा है। वहीं अदालत ने मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब भी किया है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश अनु टांक व अन्य अभ्यर्थियों की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए दिए। वकीलों के न्यायिक बहिष्कार के चलते अभ्यर्थियों ने खुद ही अदालत में पैरवी की। अभ्यर्थियों की ओर से कहा गया कि उन्होंने 15 दिसंबर 2022 को निकली हैल्थ वर्कर, असिस्टेंट रेडियोग्राफर व लैब टेक्नीशियन भर्ती-2022 में आवेदन किया था। वहीं राज्य सरकार व चिकित्सा विभाग नियमों में किए गए संशोधन का पालन नहीं कर रहा और इसके चलते उनके आवेदन पत्र को स्वीकार नहीं किया जा रहा है, जबकि आवेदन करने की अंतिम तारीख दो मार्च है। इसलिए उनके भर्ती आवेदन पत्र को स्वीकार कर उन्हें भर्ती परीक्षा में शामिल करवाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने इन अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा में शामिल करने व उनके आवेदन पत्र स्वीकार करने के आदेश दिए।

# स्कूल-कॉलेजों में पढ़ाने वाला कोई नहीं : नागर

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री के सलाहकार और दूदू से निर्दलीय विधायक बाबूलाल नागर ने स्कूल कॉलेजों में शिक्षकों के खाली पदों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। बाबूलाल नागर ने शिक्षा की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कहा कि क्षेत्र में स्कूल और कॉलेजों में कोई पढ़ाने वाला नहीं है। मेरे क्षेत्र के कॉलेज भी खाली खड़े हैं। एक तरफ कॉलेजों में कोई पढ़ाने वाला नहीं है और दूसरी तरफ जो पढ़ाने वाले थे उन्हें डेपुटेशन पर डायरेक्टरेट में लगा दिया। टीचर्स को जब डायरेक्टरेट में ही रखना है तो इन कॉलेजों को बंद कर दीजिए।

नागर ने कहा कि इस निदेशालय में क्या रखा है, समझ से बाहर है। मेरे क्षेत्र के कॉलेजों में टीचर्स नहीं है। बड़ी मुश्किल से हाथ जोड़कर लगवाया, उसे ही डायरेक्टरेट में लगा दिया। क्या मतलब है फिर कॉलेज खोलने का? आप ऐसे ही ऑब्लाइज करना चाहते हो, राजी रखना चाहते हो तो फिर क्या मतलब है?

- **उन्होंने कहा, टीचर्स को जब डायरेक्टरेट में ही रखना है तो इन कॉलेजों को बंद कर दीजिए**

घर बैठे तनख्वाह देना चाहते हो।

नागर ने कहा कि मैं मेरे क्षेत्र की गरीब जनता के साथ अत्याचार बर्दाश्त नहीं करुंगा। मैं सरकार और विभाग को चेता रहा हूं, ये कारनामे करना बंद कर दें। मेरे इलाके के कॉलेज ओर स्कूलों के टीचर्स को को डेपुटेशन पर भेज रखा है, उनके डेपुटेशन रद्द करके डनहें पढ़ाने के काम में लगाए। मैं हाल ही इलाके में गया था तो बच्चे रो रहे हैं, कोई पढ़ाने वाला नहीं है। जब पढ़ाने वाले ही नहीं हैं तो फिर कॉलेज स्कूल क्यों खोल दिए। हमारे तो कम विद्वान ही लगा देते, कम से कम बच्चों को पढ़ाता तो सही, लेकिन डायरेक्टरेट में टीचर्स को भेजने से कोई मतलब नहीं है।

# हाऊसिंग बोर्ड प्रदेश के 17 शहरों में 4500 फ्लैट और विला बनायेगा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाउसिंग बोर्ड ने बुधवार को राज्य के 14 जिलों के 17 शहरों में 4500 से ज्यादा फ्लैट व विला की नई आवासीय योजनाएं लॉन्च की है। नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल और हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने इन योजनाओं की बुकलेट लांच की। इनके लिए आज से ही ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए, जो 31 मार्च तक भरे जाएंगे।

मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि बीजेपी राज में हाऊसिंग बोर्ड बंद होने की कगार पर था। अब पिछले 4 वर्षों में हाऊसिंग बोर्ड ने करीब 8 हजार करोड़ का राजस्व कमाया है। कोरोना काल के बावजूद 15 छोटे शहरों में 3 हजार नए आवास बनाकर कब्जे दे चुका है। मुख्यमंत्री शिक्षक-प्रहरी आवासीय योजना में भी 576 आवासों का कब्जा दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री जन आवास योजना के 4500 आवास भी कब्जा देने के लिए तैयार हैं। एआईएस रेजीडेंसी प्रथम-द्वितीय में 340, एसएस रेजिडेंसी

- **यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल व आयुक्त पवन अरोड़ा ने लॉंच की योजनाएं, 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन होंगे**

में 160, स्टूडियो अपार्टमेंट में 300 आवास निर्माणधीन हैं।

हाउसिंग बोर्ड कमिश्नर पवन अरोड़ा ने बताया कि इन सभी आवासीय स्कीम में 4500 से ज्यादा फ्लैट-विला बनाकर लोगों को आवंटित किए जाएंगे। जयपुर के प्रताप नगर में 132 शोरूम वाली ग्रीन वुड शॉपिंग आर्केड व्यावसायिक योजना भी लॉन्च की गई है। प्रताप नगर में कुल 1332 और जोधपुर के बड़ली में 1090, चौपासनी में 288, अजमेर के ब्यावर में 57, उदयपुर के हिरण मगरी में 24, भीलवाड़ा के पटेल नगर 41, चित्तौडगढ़ के निंबाहेडा में 71, किशनगढ़ के खोड़ा में 175, हनुमानगढ़ में 504, बूंदी के लाखेरी में 317, आबूरोड में 189, टोंक के निवाई में 77, चूरु में 10, धौलपुर में 45, भिंडर में 22, सलूंबर में 27, शाहपुरा में 83, बडी सादडी में 74, बांसवाड़ा परतापुर में 80, डूंगरपुर में 63 एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के मकानों की योजनाओं शुरू की है। अरोड़ा ने बताया हाउसिंग बोर्ड की ओर से पहली बार प्राइवेट सेक्टर की तर्ज पर जयपुर में अत्याधुनिक इंडिपेंडेंट विला और 4 बीएचके लग्जरी फ्लैट्स की योजना लाई जा रही है। इसमें गेटेड कम्युनिटी, लैंडस्केपिंग, क्लब हाउस, इनडोर-आउटडोर गेम्स की सुविधा, वॉक-वे, सुरक्षा, 24 घण्टे पानी-बिजली की सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के आवंटियों के लिए बैंकों से 90 फीसदी तक लोन दिलवाने की भी सुविधा हाउसिंग बोर्ड की तरफ से उपलब्ध करवाई जाएगी।

# कांग्रेस विधायक साफिया जुबेर ने खुद और मेव समाज को भगवान राम-कृष्ण का वंशज बताया

## साफिया ने कहा, मैने जागाओं ( वंशावली लिखने वाले ) से थोड़ा इतिहास निकलवाया तो पता लगा कि मेव तो राम और कृष्ण के वंशज हैं। चाहे धर्म परिवर्तन हो गया हो, लेकिन खून तो हममें राम और कृष्ण का ही है

**जयपुर** (विसं)। कांग्रेस की मुस्लिम विधायक साफिया जुबेर ने विधानसभा में खुद को और मेव समाज को भगवान राम व कृष्ण का वंशज बताया। जबकि दूसरे मुस्लिम विधायक अमीन खां ने कहा कि, भारत को हम सेक्युलर नहीं मानते हैं, हिंदू राष्ट्र में भी कोई नहीं मारेगा। इन दोनों विधायकों ने बुधवार को विधानसभा में शिक्षा विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा करते हुए यह बात कही।

विधायक साफिया जुबेर ने खुद को और मेव समाज को राम-कृष्ण का वंशज बताते हुए कहा कि मेव लोग अलवर, भरतपुर, नूंह और

- **बाड़मेर के शिव से कांग्रेस अमीन खां ने सदन में कहा "हम 19 अक्टूबर 1984 के बाद भारत को सेक्युलर नहीं मानते, हिंदू राष्ट्र में भी हमें कोई नहीं मारेगा"**

थोड़ा मथुरा में बसते हैं, जहां कृष्णजी का जन्म हुआ था। मैने भी जागाओं (वंशावली लिखने वाले) से थोड़ा इतिहास निकलवाया कि हमारा अतीत क्या है? उसमें यह निकलकर आया कि मेव तो राम और कृष्ण के वंशज हैं। चाहे धर्म का परिवर्तन हो गया हो, लेकिन खून तो आदमी का नहीं बदलता। खून तो हम में राम और कृष्ण का ही है।

विधायक साफिया जुबेर ने आगे कहा कि मेवों को बार-बार पिछड़े कहने की जरूरत नहीं है। मेव को मेवा समझे। आप 10 साल में देखना कि कहां पहुंचते हैं। अभी हम तीन विधायक यहां तक पहुंचे हैं, आगे भी लोग तरक्की करेंगे।

उनके बाद बाड़मेर के शिव से कांग्रेस विधायक अमीन खां ने कहा, हिंदू राष्ट्र भी हो जाएगा, लेकिन हमें कोई मारेगा नहीं। उन्होंने कहा कि 31 अक्टूबर 1984 के बाद हम तो इस देश को सेक्युलर मानते ही नहीं है। इस तारीख के बाद ही सेक्युलर का खात्मा हो गया। अब तो वक्त गुजारते हैं, हिंदू राष्ट्र भी हो जाएगा, लेकिन हमें मारेगा कोई नहीं। हिंदू धर्म को हम अच्छी तरह जानते हैं। हिंदू धर्म का ज्ञान जानते हैं। हिंदू भी दूसरे इंसान की रक्षा करेगा। यह धर्मनिरपेक्षता कागजों में है। राजस्थान में हर स्कूल में आज एक संप्रदाय के नाम की पूजा से कार्यक्रम शुरू करते हो, यह धर्मनिरपेक्ष देश की मजबूती का निशान नहीं है। लोग बोलते नहीं हैं, तो डर से नहीं बोलते हैं, जानते सब है।

## सार-समाचार

### 'ओ.बी.सी. आरक्षण की विसंगति दूर हो'



डी.आर.यादव

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के स्टेट कॉर्डिनेटर डी.आर.यादव ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर ओबीसी आरक्षण की विसंगतियां दूर करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा कि प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को मिल रहा वर्तमान 21 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को 27 प्रतिशत तक बढ़ाया जाये, क्योंकि हाल ही में न्यायालय के निर्णय के बाद आरक्षण की सीमा बढ़ाने में अब कोई कानूनी बाध्यता नहीं है। ओबीसी कैटेगरी के समुदायों की जनसंख्या लगभग 55-56 प्रतिशत है फिर भी उन्हें 21 प्रतिशत आरक्षण मिला हुआ है। अतः आरक्षण की सीमा को 21 से 27 प्रतिशत तक बढ़ाया जाये।

### जाट महाकुंभ का आयोजन 5 मार्च को

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में 5 मार्च आयोजित होने वाले जाट महाकुंभ में समाज का विकास, किसानों की खेती समेत कई मुद्दे शामिल होंगे। राजस्थान जाट महासभा के अध्यक्ष राजाराम मील, प्रदेश महासचिव मदन चौधरी और आईजी महेंद्र चौधरी ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस महाकुंभ में जाट समाज को सशक्त बनाने जाटों में सामाजिक एकजुटता कायम करने एवं समरसता लाने के लिए काम करना, जातिगत जनगणना का संकल्प पारित करना, सरकार से वीर तेजाजी बोर्ड का गठन करवाना, समाज के समस्त विधि सम्मत संगठनों के सक्रिय पदाधिकारियों को शामिल करना तथा ओबीसी आरक्षण की वर्तमान विसंगतियों को दूर करवाकर उसे जाति के अनुपात में लागू करवाने का मुख्य एजेंडा रहेगा। मीडिया प्रभारी शीशराम कटेवा ने बताया कि महाकुंभ में एक राज्य राष्ट्रीय स्तरीय गर्वनिंग कौंसिल का गठन करना, सामाजिक कुरीतियों जैसे मृत्यु भोज बाल विवाह दहेज प्रथा समाप्त करने के लिए सकारात्मक सोच विकसित करना, छात्र-छात्राओं के शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए मंथन करना, रोजगार प्राप्त करने में मदद हेतु समाज के शिक्षाविदों विचार को बुद्धिजीवी विद्वान व्यक्तियों को शामिल कर एक थिंक टैंक तैयार करना शामिल है। इस अवसर पर जाट महाकुंभ का पोस्टर का भी विमोचन किया गया।

### कनिष्ठ सहायक घूस लेते गिरफ्तार



आरोपी अनिल सक्सेना

**जयपुर** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जयपुर में कृषि उपज मंडी समिति सूरजपोल के कनिष्ठ सहायक को 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी अब उसके आवास और अन्य ठिकानों की तलाशी ले रही है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की जयपुर नगर प्रथम इकाई को परिवादी ने शिकायत दी थी कि संसोधित मंडी लाइसेंस जारी करने की एवज में अनिल कुमार सक्सेना, कनिष्ठ सहायक नियमन शाखा, कृषि उपज मंडी समिति सूरजपोल जयपुर की ओर पांच हजार रुपए की रिश्वत राशी मांगकर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी जयपुर नगर प्रथम इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक चन्द्र शर्मा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया। बुधवार को उप अधीक्षक पुलिस नीरज गुरनानी ने मय टीम के ट्रेप की कार्रवाई करते हुए शांति नगर गोपालपुरा बाईपास हाल कनिष्ठ सहायक नियम शाखा, कृषि उपज मंडी समिति सूरजपोल के अनिल कुमार सक्सैना को चार हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के महानिरीक्षक सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

### जे.के.के. में कत्थक नृत्य की प्रस्तुति




**जयपुर**, (का.सं.)। जवाहर कला केंद्र के मुक्ताकाश मंच पर रंग राजस्थान व् पिंकफेस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रंग उल्लहास कार्यमक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सहयोगी संस्था के रूप में जयपुर सिटीजन फोरम, ऍम ऍफ़ जे सी ऍफ़ ऑर्गन डोनेशन व् मैसेज संस्थान ने जयपुर वासियो से किसी जरुरत मंद के जीवन में आनंद रंग बरसाने हेतु, अंग दान को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत आईआईआईकेडीएम की छात्राओं द्वारा गोविंदम गोकुला नंदन गोपालम वंदना के प्रस्तुति से किया गया इस मोके पर शुभम टीम रंग उल्लहास द्वारा चंग-डफ की थाप पर आमिर खुसरो के कलाम मोहे अपने ही रंग में रंग दे और होली के सुरीले फाग गायन से भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि राजसिको चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने कार्यक्रम की सराहना की।

### झोटवाड़ा में लगेगा पशु आहार प्लांट

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता श्रेया गुहा ने कहा कि राजफैड द्वारा पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण पशुआहार की आपूर्ति के लिए आधुनिक संसाधनों से युक्त 100 मीट्रिक टन का पशुआहार प्लान्ट झोटवाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजफैड के पशुआहार की अपनी एक विशेष पहचान है एवं पशुपालकों द्वारा इसकी मांग हमेशा रहती है। गुहा ने बुधवार को झोटवाडा में स्थित राजफैड के पशुआहार प्लान्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राजफैड का पशुआहार प्लान्ट वर्ष 1971 में स्थापित किया था। इस प्लान्ट का अधिकतम कार्य मैनुअल ऑपरेशन से संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि नई तकनीक का इस्तेमाल करते हुए आधुनिक प्लान्ट से अधिक मात्रा में पशुआहार का उत्पादन किया जाएगा ताकि पशुपालकों की मांग को समय पर पूरा किया जा सके।




## World Book Day

Some people like to read the biographies of the most influential people in history, like Martin Luther King or Mahatma Ghandi. Some people like novels. Some prefer the classics, like "Pride and Prejudice" or the "Old Man and the Sea". But regardless of the kind of books you like the most, the indisputable truth is that the world would not be the same without books. Books have been educating and inspiring us for thousands of years, so it should go without saying that World Book Day is a more than a well-deserved holiday.



#IN VOGUE

# The Doctors' New Clothes

For the Platinum Jubilee of SMS Medical College, Dr Sanjai Agrawal has put together an apparel collection for doctors.





Dr. Sandeepan Mukul
*Surgeon, raconteur*

Once in a while a doctor leaves the confines of his vocation and steps out of his straight-jacketed role to test his creative abilities.The result is often exhilarating.

Dr Sanjai Agrawal, after working in several corporate hospitals as an ENT surgeon, decided to give vent to his artistic side and began designing garments that were a happy mix of form and function. Born in a family of clothiers and drapers, he has forever been exposed to fabrics, cuts, silhouettes and weaves. His personal tools were a keen sense of aesthetics and an eye for detail.

For the Platinum Jubilee of SMS Medical College, Jaipur he has put together an apparel collection for doctors.

A doctor is expected to dress in a manner dictated by tradition. Any deviation from time-worn conformity is not looked upon with leniency.

The modern doctor, however, wants not only subsistence but a lifestyle.No longer is the 24x7 grind his raison d'etre. He wants to shed-off the ubiquitous white coat. He wants fun and recreation to punctuate his stressful work- life so that he can come back re-energised to take on new challenges.On weekends and vacations he wants a persona far removed from his professional self.

A doctor also wants elegant yet simple attires for life outside hospitals- for conferences, festivals, weddings.

Even at work doctors want to appear friendly and approachable rather than stern and intimidating like the old-timers who stirred fear in the hearts of children and simple village folk.

Today the patient also looks for a happy ambience to recover in and not an environment that rubs in the morbidity of his condition.

Mindful of this evolving scenario Dr Sanjai Agrawal has created garments for the new doctor that will not only revamp his appearance but also write a balanced equation of style and function.

In addition to work-a- day clothing for the clinic and the operating room he has introducedFriday Dressing, for the doctor who wishes start unwinding for the weekend. For doctors attending conferences he has styled formal wear that brings understated elegance for an academic milieu.

Outside these professional activities doctors want to dress up for our many festivals and for the big fat Indian weddings. For these too Dr Sanjai Agrawal has designed attires that exude the right amount of luxe and are rooted in culture.

In a year when the Platinum Jubilee of our great institution coincides with AmritMahotsav of our country's Independence, Sanjai's chosen medium - Soot- hand woven and handspun cloth, becomes doubly relevant. A fabric that became a weapon in our peaceful struggle against exploitation and oppression acquires a new dimension as a means of saving lives, protecting the planet and giving freedom from drudgery and gloom.



On the 2nd of March, 40 doctors will walk the ramp at the New Academic Block of SMS Medical College, Jaipur to showcase a unique collection of this new brand, Soot by Sanjai, in a Fashion Show conceived and created by an alumnus of SMS Medical College, Jaipur. This will be a central event in the Platinum Jubilee Celebrations.

Never before has there been a Fashion Show exclusively for doctors, of doctors, by a doctor.

The doctor-models are greatly enthused about participating in the show, taking time out from their work for fittings, trialsand perfecting the catwalk with professional choreographers, to the tune of delectable music.





He saw his disciples, make much of his death, contrary to what he had propagated. He saw a huge edifice come up over his interred remains and his likeness in stone installed and worshipped as a deity. He saw his disciples cloak his simple principles of self-worship with ritualism, complex prayers and theological mish - mash to make it dense to the common man. He saw them establish priestly orders, with rigid hierarchies, to "interpret" what had by then become a complex religion.

# A Prophet That Wasn't

#STORY WITH A MORAL



N.N. Sachitanand
*Senior journalist*

Once upon a time, not long ago, there lived a young man who, if he had followed a linear life process, would have ultimately been trading in commodities from a comfortable chamber next to that of his merchant father. But, like many potential prophets, the young man chose to think out of the box. And what he perceived of the state of human existence around him – the moral rot, the senseless violence, the pursuit of aggrandisement, the selfishness, the sorrows, the ghastly cruelty, the hypocrisy, the alienation, the fragmentation – profoundly distressed him. He concluded that mankind was on the path of self-destruction. Was there a way to stop this suicidal rush, he wondered.

Like other seekers of yore, this youngster opted out of conventional life and left hearth and home for the wilderness so as to meditate without being disturbed and focus on coming up with a solution for mankind's ills. Typically, his concentration was sought to be diluted by the celestials, first by arguments and threats and then by blandishments and enticements. But our hero remained steadfast and unmoved.

Years passed. And then, one day, the knowledge that he sought dawned on him. An effulgence glowed around his emaciated face and he opened his eyes and smiled.

At that moment, God was relaxing blissfully on Cloud Nine. His personal secretary materialized near him and broke his reverie by coughing.

"What is it, Angel One?" asked the Lord.

"It's another one of them, Lord," replied the Archangel.

"Oh dear," sighed the Supreme Being. "Have you tried the usual tricks with Mara and Maya?"

"No dice, Lord. This one is for real. And he has come up with something."

"Hmm! It seems I will have to go down and have a chat with him," decided the Supreme One and reluctantly clambered out of the wispy couch.

The enlightened young man perceived Him as a vaporous mass of incandescence. " Lord, is that you? " he queried with rapturous incredulity.

"Yes, son," boomed a voice from the radiance, or so it seemed, for he also heard an echo within his own mind.

"I have found it, Lord," babbled the young man excitedly. "I have found the path to mankind's salvation. And it is so simple and straightforward that the most unlettered and poor person can easily follow it."

"I know, son, I have sensed it in your mind."

"Please bless me then, O Glorious One, so that I can proceed to reveal the path to mankind and save it from perdition."

"Son, you have rightly concluded, through your long period of cogitation, that organized religion has alienated man from me and man from man, which in turn has led to the evils afflicting humankind. You are proposing a new system, in which this distancing is abolished and each individual enshrines me within himself or herself and is his or her own priest and temple. This democratisation and decentralization of worship sans middlemen or ecclesiastical structures or rigid ritualism or hierarchy will, you feel, neutralize much of the dissatisfaction that debilitates humans and lead to a leap in goodwill among fellowmen."

"Exactly, O Lord!"

"It is an estimable idea but before you sally forth on your mission, let me show you what will happen down the years and then you can decide what you want to do."

With that a video presentation flashed on in the young man's mind.

He saw himself returning to the town, gathering together some of his friends, family and acquaintances and telling them about the new Truth. At first only a handful were willing to accept his logic and these few became dedicated to his cause and teamed up with him as he went from village to village and town to town, propagating his message. He viewed them only as colleagues but soon they began to be characterized by others as his disciples and later, the Inner Circle.

He saw the popularity of his faith growing rapidly and the local ruler capitalizing on this to make it the new state religion, leading to conflicts with the followers of the established order. He saw the ruler waging wars to enforce the new faith in other regions and causing tremendous grief and anguish in the process.

He saw his disciples, make much of his death, contrary to what he had propagated. He saw a huge edifice come up over his interred remains and his likeness in stone installed and worshipped as a deity. He saw his disciples cloak his simple principles of self-worship with ritualism, complex prayers and theological mish - mash to make it dense to the common man. He saw them establish priestly orders, with rigid hierarchies, to "interpret" what had by then become a complex religion.

He saw the interpreters of his faith establish rigid codes of social conduct that divided man from man and left virtually no rights for women and the economically wretched. He saw the setting up of congregation centres for the faithful which soon turned to centres of power, pelf and corruption for the priesthood.

The unfolding scenario scrolled through the centuries and he saw the controllers of the new faith gathering immense power, enough to even challenge the might of state power and interfere constantly in lay governance. He saw the lure of this power split the faith into different factions which fought each other ferociously.

> The young man thought for a long time, then gathered his tattered clothes around him & walked back to his ancestral house. There he announced to his relieved father, "I think I will take you up on the job offer."

He saw the followers of his faith commit unheard of atrocities on the followers of other faiths in myriad and constant struggles for so-called supremacy down the ages. He saw that the faith that he started, to rescue mankind from the sorrows and evils perpetrated by established religions, itself become a member of the wolf pack.

"Stop! Stop!" screamed the young man in high agitation. "This is not what I wished to cause when I came up with my solution to the world's ills."

"I am afraid, son, that is precisely what the slave, the prince, the carpenter's son, the camel herder and others before you envisaged when they came up with their solutions. But look what mankind has gone through and is enduring because of their good intentions."

The young man thought for a long time, then gathered his tattered clothes around him, walked slowly out of the forest and back to his ancestral house in the town. There he announced to his relieved father, "I think I will take you up on the job offer. But first, I need a bath."

Back in Heaven, the Lord settled back on to his cloud couch with a sigh and remarked to Angel One, "Saving humanity from its saviours is becoming an increasingly tough task."

writetoarbit@rashtradoot.com



> Like other seekers of yore, this youngster opted out of conventional life and left hearth and home for the wilderness so as to meditate and focus on coming up with a solution for mankind's ills. Typically, his concentration was sought to be diluted by the celestials, first by arguments and threats and then by blandishments and enticements. But our hero remained steadfast and unmoved. Years passed. And then, one day, the knowledge that he sought dawned on him.






#SPACE

## March Marvels In The Sky!

Find out what is in the books for astronomy buffs this month




Venus and Jupiter Conjunction.

While February didn't have a particularly large list of celestial events up its sleeve, we still witnessed a mighty spectacular show. From front-row seats to the exclusive green comet in early Feb that perhaps no other generation will ever see again, to the romantic conjoining of Jupiter and Venus officiated by a gentle crescent Moon from above, February skies really lived up to its romantic mantle. Keep reading to find out what is in the books for astronomy buffs in March!

**March 2: Venus and Jupiter Conjunction**

If you're not one for public displays of affection, try not looking up at the skies on this day! On March 2, Venus and Jupiter will continue edging towards each other until they come extremely close basking in each other's celestial warmth. During this time, Venus and Jupiter will also be exceptionally bright, meaning they'll be easily observable to the naked eye within the Pisces constellation.



**March 7: Worm Moon**

At 6:12 PM Indian time, a Full Moon will provide visible confirmation that we're ending the first week of March. In some cultures, this Moon is also called the Worm Moon, named after the earthworms that tend to crawl out of their soily homes as the weather begins to warm up. Therefore, if you see many birds uncharacteristically walking around on the ground this month, you know what's happening there.

March 20: March Equinox

An equinox is a very unique event that happens only twice a year - the other time in September. On an equinox, Earth's rotation axis lines up perfectly perpendicular to our star.

This means that the Sun crosses perfectly south to north on our equator, and every part of the Earth receives the same number of daylight hours. The March equinox also heralds the beginning of the spring season in the Northern Hemisphere.

**March 24: Lunar Occultation of Venus**

On this day, Venus will dip behind the crescent Moon between 4:02 and 4:52 PM, disappearing for almost two hours in some places.

#TECHNOLOGY

# Make Your Old Windows PC Usable Again

Make your slow Windows PC usable again by following this guide on Tron Script.



The Windows operating system is a beginner-friendly OS taking up the largest market share in the personal computer market. Many people like using Windows due to its ease of use, extensive software support, and many thoughtful features for management and productivity. However, although powerful, Windows PCs are known to slow down over time due to bloatware, malware and viruses, and general poor system maintenance from the user. Before giving up on your old Windows PC, you may want to try using Tron Script and see if it makes your old Windows PC worth using again.

### What Is Tron Script?

Tron Script is a free and open-source batch script that automates the cleaning, optimizing, and repairing of Windows systems. It uses many well-known third-party tools to perform a variety of tasks including Malwarebytes, TDSSKiller, and Sophos Virus Removal Tool.




There are many other ways you can speed up your Windows system, but Tron Script is unique in a way that it covers several stages of making your system faster.

Tron Script goes through several stages (0-8 stages) to help make your Windows PC run faster. These stages are Prep, Tempclean, De-bloat, Disinfect, Repair, Patch, Optimize, Wrap-up, and Custom Scripts (optional).

Although this tool is used by IT professionals and many advanced Windows users, Tron Script can also benefit those less technically inclined, provided they follow the proper steps in running the script.

### How to Use Tron Script

Tron Script can be configured and customized to fit your system's needs. For this tutorial, we will use Tron Script using its default settings which should be enough for the majority of Windows systems.

**1. Download and Verify Tron Script**

When you open the Tron Script download site, you'll see a few links. The site includes direct download links to the different Tron versions as well as their corresponding hash values. We'll use the hash values to verify our download later. For now, go ahead and download the latest Tron Script executable (.exe).

Move the executable file to your Desktop. At this point, we could start decompressing the executable, but for security purposes, it is recommended that we first check our download and verify if it actually came from the official source.

To verify open the Windows PowerShell by pressing Win + R on your keyboard, then typing "PowerShell."

In PowerShell type this command (Note that there is a space between "Get-fileHash" and the file location.):

***Get-fileHash***
***(Tron executable location)***

Now input the executable file location by dragging and dropping the executable on the PowerShell window. Press Enter and wait for the result.

You should be seeing a string of numbers. These numbers are the hash value generated from the Tron executable file. This should match the hash values that are located on the "sha256sum.txt" on the download site earlier.

Now go back to the download page and click on "sha256sum.txt". Compare the numbers on the site and the numbers on your PowerShell window.

As you can see our downloaded Tron 12.0.5 matches the one on the site. Do not proceed if the hash numbers are not the same!

If they are the same, then you can continue.




**2. Ensure Your PC Is Updated Before Running**

It will take around 2-7 hours (depending on your machine) for Tron to fully complete its tasks. For a smooth operation, it is recommended that you restart your machine to install all pending updates before running Tron.

**3. Run Tron Script**

Make sure that you have the downloaded Tron executable on your Desktop. Decompress the file by right-clicking on the executable and selecting Run as administrator.

After the decompression, you should see two files. Open the folder "tron" and run the Tron batch file as administrator.

You will be prompted to read the instructions. Type "I agree" and hit Enter.

Tron will now run, and there's nothing else for you to do than wait for it to finish up.

**4. Restart Your PC After Tron Script Finishes**

After Tron finishes its tasks, it is important that you restart your machine before using it as normal.

Congratulations, your machine should be running a lot faster now. Hopefully, this solves the problem with your slow Windows machine.

### What Are the Limitations of Tron Script?

Although Tron is a powerful script for cleaning, debloating, removing viruses, and overall making your PC run faster, it does have its limitations. Firstly, Tron can only work with specific versions of Windows. It cannot run on Linux, macOS, and Windows versions lower than Windows 7.

Another thing is that Tron does not magically solve all your system security problems. Although Tron is pretty effective in detecting and removing viruses, it does not automatically solve all your system's security vulnerabilities. Sometimes, a system is so badly infected that you may need to run extra antivirus software or even do a complete Windows reinstall to remove them completely.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# सूने मकानों से चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

## आरोपियों ने पिछले करीब ढाई-तीन साल में नोखा में एक दर्जन से अधिक चोरी की वारदात करना स्वीकार किया

■ आरोपियों से चोरी किए माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है

**नोखा,** (निसं)। आठ माह पूर्व रात्रि के समय सूने मकान की रेकी कर चोरी वाली गैंग के तीन व्यक्तियों को नोखा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि जैन चौक वार्ड नंबर 12 निवासी देव किशन सोनी ने नोखा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया कि वो अपने माता-पिता का इलाज कराने के लिए जोधपुर गया था। पडौसी ने फोन कर बताया कि आपके घर का मुख्य दरवाजा खुला पड़ा है व ताले टूटे हुए है तो इस पर वो नोखा आया तो देखा कि उसके घर का धुरी मोडा खुला हुआ था, जिसके दोनों ताले टूटे हुए थे, फिर देखा तो अंदर की साल के ताले टूटे हुए थे व मेरे घर में रखे सोने चांदी के जेवरात व नगद रूपए नहीं मिले। जो कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए नोखा पुलिस ने थाना स्तर पर टीम गठित की।

नोखा में हुई विभिन्न चोरियों के घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखकर तकनीकी विश्लेषण से चोरी की वारदात का खुलासा कर कार्रवाई करते हुए रात्रि के समय सूने मकानों की रेकी कर चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर उक्त मामले में कानपुरा बस्ती नोखा निवासी महावीर भार्गव, सुरेश सिंह उर्फ सूर्या राजपूत व नामदेव स्कूल के पीछे वार्ड नंबर तीस निवासी रामदयाल सोनी को गिरफ्तार किया गया।

आरोपीगण से मामले में चोरी किए माल की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे है। उक्त नकबजनी गैंग के पांच आरोपीगण महावीर भार्गव, सुरेश सिंह उर्फ सूर्या, रामदयाल सोनी, शिवपुरी व मदन मोहन टाक को दो अलग-अलग प्रकरणों में पहले भी गिरफ्तार किया जा चुका हैं। उक्त वारदात के खुलासे में एसआई भोलाराम व कानि कैलाश बिश्नोई की विशेष भूमिका रही। कार्रवाई में नोखा थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़, एसआई भोलाराम, एएसआई राजूराम, सौभाग्यसिंह, हैड कानि सुरेशकुमार, कानि कैलाश बिश्नोई, बलवीर, डीआर गणेशाराम नोखा व बीकानेर साईबल सैल के दीपक यादव शामिल रहे।

थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि नकबजन महावीर भार्गव व सुरेश सिंह उर्फ सूर्या दिन के समय कस्बा नोखा में गली-गली घूमकर बंद मकानों की रेकी करते हैं। किसी के परिवार में मौत होने, रिश्तेदारी में शादी विवाह होने व किसी परिवार के नोखा से बाहर जाने की जानकारी प्राप्त कर उक्त मकानों की रेकी करते हैं तथा रात्रि के समय अपने अन्य साथियों के साथ मकानों के ताले तोड़कर नकदी व आभूषण चोरी कर ले जाते हैं तथा माल का बंटवारा कर अलग अलग हो जाते हैं तथा बाद में दिन के समय पुनः चोरी किये गये मकानों के आस-पास जाकर जानकारी करते हैं कि मकान मालिक वापस आये या नहीं आये।

आरोपी ऐसे मकानों पर नजर रखते हैं तथा रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। उक्त गैंग के अब तक गिरफ्तार आरोपीगण ने पिछले करीब ढाई-तीन साल में नोखा में एक दर्जन से अधिक चोरी की वारदात करना स्वीकार किया हैं। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है जिनसे और भी वारदातों का खुलासा होने की संभावना हैं।

## दहेज प्रताड़ना का आरोप

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने एक विवाहिता की रिपोर्ट पर न्यायालय से प्राप्त इस्तगासे पर उसकी ससुराल पक्ष के तीन आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताडना का मामला दर्ज किया है।

प्रकरण अनुसार राजगढ थाना पुलिस थाना पुलिस ने न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजगढ से प्राप्त इस्तगासें में महिमा शर्मा पत्नी प्रद्घुमन जाट निवासी राजगढ ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी शादी प्रद्धुमन पुत्र जयदयाल जाट निवासी जयपुर हाल राजगढ (चूरू) के साथ 23 नवम्बर 2019 को सम्पन्न हुई थी। शादी के दो माह बाद ही उसका ससुर जयदयाल, सास राजकुमारी व देवर गोविन्द जाट तीनों उसे दहेज के लिए प्रताडित कर मारपीट करने लगे व घर से बाहर निकाल दिया। पर वह 10 महिने तक अपने पति के साथ जयपुर व कोटा में किराये के मकान में रही तथा उसके बाद अपने पुस्तैनी घर वार्ड 10 राजगढ (चूरू) में रहने लगी।

जहाँ पर सास, ससुर व देवर उसके पति व उसको तंग व परेशान कर मारपीट करने लगे। उसके पति प्रद्धुमन ने 16 जनवरी 2023 को फांसी का फंदा लगाकर पंखे से झुल कर आत्महत्या करली तथा 10 फरवरी 2023 को उसे प्रताडित कर मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया है।

# आठ किलो अफीम जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

## स्थानीय पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है

■ सीआईडी की भीलवाड़ा और चित्तौड़ में बड़ी कार्रवाई

**जयपुर/भीलवाड़ा,** (कासं.)। राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ जिले में स्थानीय पुलिस के सहयोग से अवैध मादक पदार्थों की जब्ती की बड़ी कार्यवाही की है। भीलवाड़ा के आसीन्द थाना क्षेत्र में कार व बाईक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 1 किलो 759 ग्राम अफीम तथा चित्तौड़गढ़ निवासी सप्लायर के घर के सामने बने बाड़े से 6 किलो 500 ग्राम अफीम और डेढ़ लाख रुपये नगद बरामद हुए हैं।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त व्यक्तियों पर सीआईडी की टीम लगातार नजर रख रही है। भीलवाड़ा के आसींद थाना क्षेत्र में तस्करी की सूचना पर सीआईडी क्राइम के डीआईजी डॉ. राहुल प्रकाश के निर्देशन एवं एएसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक राम सिंह, एएसआई केसर सिंह, हैड कांस्टेबल शंकर दयाल शर्मा व रविंद्र सिंह और कॉन्स्टेबल सोहन देव की एक टीम मंगलवार को भीलवाड़ा भेजी गई। एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि सीआईडी की टीम ने एसएचओ आसींद पूरणमल मीणा के सहयोग से मंगलवार दोपहर नेशनल हाइवे ब्यावर रोड़ पर नाकाबंदी की। शहर की तरफ से आई गुजरात नम्बर की कार का चालक पुलिस टीम को देख यू-टर्न कर भागने लगा। जिसे घेरा देकर रुकवाया गया। कार चालक नारायण गुर्जर पुत्र रामलाल (38) निवासी कलकीपूरा थाना करेड़ा के पास सीट के नीचे से प्लास्टिक की थैली में भरी 1.259 किलोग्राम अफीम मिली। पूछताछ में आरोपी ने अफीम सेनवा जिला चित्तौड़गढ़ निवासी भरत वैष्णव से 1.80 लाख में खुद के लिये खरीद कर लाना बताया।

एडीजी क्राइम ने बताया कि इसी टीम ने रात 8:30 बजे आसींद थाना क्षेत्र के कटार चौराहे पर नाकाबंदी में आसींद से भीम जा रहे एक बाइक सवार सत्यनारायण उर्फ सत्तू कुमावत पुत्र खेमा (34) निवासी राजपुरा थाना पारसोली जिला चित्तौड़गढ़ की बाइक में लगे बैग की तलाशी में प्लास्टिक की थैली में रखी 500 ग्राम अफीम जप्त की। पूछताछ में आरोपी ने अफीम अपने भाई नारायण कुमावत व शंकर निवासी राजपुरा से खरीद कर लाना बताया।

बाइक सवार सत्यनारायण उर्फ सत्तू की सूचना पर सीआईडी की टीम और आसींद थाने के पुलिसकर्मी रात को ही चित्तौड़गढ़ जिले में थाना पारसोली पहुंचे। स्थानीय थाना पुलिस के एएसआई उदय लाल मय जाब्ता के राजपुरा गांव में सोहन लाल कुमावत व नारायण लाल कुमावत के घर दबिश दी।

एसएचओ बेंगू भगवान लाल मय भी मयटीम मौके पर पहुंचे। नारायण लाल के घर व बाड़े की तलाशी में बैग में रखी 6 किलो 500 ग्राम अफीम तथा बिक्री रकम 1.51 लाख रुपये नकद मिले मिले। थाना आसींद व पारसोली पर तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज किया गया है। स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से नशे की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मुख्य सप्लायर की तलाश के लिए मुखबिर एक्टिव कर आसूचना संकलित की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में सीआईडी के हैड कॉन्स्टेबल शंकर दयाल शर्मा की अहम भूमिका रही।

# कोटा से असारवा के लिए नई ट्रेन सेवा की सौगात

■ मंडल के कोटा, बून्दी एवं मांडलगढ़ स्टेशनों के यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा होली के त्योहार के पहले क्षेत्रीय आम जनता की मांग पर गाड़ी सं. 19821/19822 कोटा-असारवा-कोटा के मध्य नई ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है। कोटा से 3 मार्च को इस गाड़ी को चलाया जायेगा। इस गाड़ी में वातानुकूलित ट्री टियर 4 कोच, वातानुकूलित टू टियर 1 कोच, स्लीपर 7 कोच, सामान्य श्रेणी 2 कोच, 1 एसएलआर तथा 1 जनरेटर कार सहित कुल 16 एलएचबी कोच होंगे। जिससे शिक्षा की नगरी कोटा से जाने वाले यात्रियों को आवागमन में राहत एवं होली के त्योहार पर नई ट्रेनसेवा की सौगात मिलेगी।

गाड़ी संख्या 19821/19822 कोटा-असारवा-कोटा के मध्य नई ट्रेन दोनों दिशाओं में दि साप्ताहिक रूप में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को कोटा से और प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को असारवा से चलेगी जो मंडल के कोटा, बून्दी एवं मांडलगढ़ स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी सं 19822 कोटा से असारवा के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से शाम 6.45 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 6.00 बजे गन्तव्य को पहुंचेगी और वापसी गाड़ी संख्या 19821 असारवा से कोटा के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से सुबह 9 बजे प्रस्थान कर शाम 8.40 बजे कोटा पहुंचेगी।

यह गाड़ी दोनों दिशाओं में कोटा-असारवा-कोटा के मध्य बून्दी, मांडलगढ़ , पारसोली, बस्सी बेरीसाल, चंदेरिया, कपासन, फतेहनगर, मावली, राणप्रतापनगर, उदयपुर सिटी, जावर, जयसमन्द रोड, डूंगरपुर, लसाडिया, रायगढ़ रोड, हिम्मतनगर, नान्दोल देहेगाम एवं सर्दाग्राम स्टेशनों पर रुकेगी।

इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक जनसम्पर्क अधिकारी कोटा रोहित मालवीय द्वारा बताया कि क्षेत्रीय आमजनता की मांग पर नई ट्रेन को चलाया जा रहा है। इस संबंध में सर्व संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

# बदमाशों ने रेस्टोरेंट एवं गेस्ट हाउस में लगाई आग

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के गोगुन्दा थाना क्षेत्र हाइवे पर आपसी विवाद को लेकर बदमाशों ने रेस्टोरेंट व गेस्ट हाउस में आग लगा दी। जिससे होटल में रखा सभी सामान जलकर नष्ट हो गया। आगजनी से कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने आगजनी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित मनोहरलाल पुत्र रोडीलाल ने वडेरों का भीलवाड़ा निवासी गोपाल पुत्र प्रहलाद, सन्नी पुत्र भरत बाल्मिकी, निर्भयसिंह पुत्र सुखसिंह राजपूत निवासी बगडूंदा गोगुन्दा, धर्मेश पुत्र मगनीराम प्रजापत निवासी जिरई के खिलाफ मंगलवार रात में होटल में आगनजी करने का मामला दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि रात में गोगुन्दा राष्ट्रीय राजमार्ग 27 खाकडी पर स्थित शिवशक्ति होटल पर आरोपी खाना खाने के लिए आए थे। जहां रूपये के लेन-देन को लेकर कर्मचारी रणजीत से विवाद हो गया। इस पर मैने मौके पर पहुंच कर समझाईश कर धर्मेश, गोपाल, किशन को रवाना किया। जाते समय आरोपी देख लेने की धमकी देकर चले गए। इसी दौरान होटल बंद होने पर कर्मचारी होटल में सोए थे। रात में आए बदमाशों ने पेट्रोल छिडक कर होटल में आग लगा कर भाग गए।

आग से होटल में रखा फर्नीचर, फ्रिज, टीवी अलारी सहित अन्य सामान सहित होटल पूरी तरह जल कर नष्ट हो गई। आगजनी से पूर्व बदमाशों ने होटल में तोडफोड कर गल्ले से 3 हजार रूपये नकदी भी निकाल ली। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज होने पर गठित टीम ने आगजनी करने वाले आरोपी धर्मेश, निर्भयसिंह, गोपाल तथा सन्नी को गिरफ्तार किया।

## लाखों की नकदी हड़पी

**उदयपुर,** (कासं)। निवेश का झांसा देकर पीडित से लाखों की नकदी हड़पने वाले आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बजावा रावत कॉलोनी थाना गुडा मोरवी झुझनू हॉल एनसीसी कार्यालय निवासी चन्द्रभान पुत्र पीरूराम ने पुलिस थाने में नेक्सा एवर ग्रीन धोलारा गुजरात की कंपनी के सीएमडी रणवीर बिजानिया के अलावा सुभाषा बिजारिया, आई टी एक्सपर्ट सुदेश मील, बनवारी लाल मेहरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि आरोपियों से संपर्क होने पर उनके कहने पर अक्टूबर 2022 से जनवरी 2023 तक 20 लाख रूपये का निवेश किया। कुछ दिनों पूर्व संपर्क किया तो आरोपियों के मोबाईल स्वीच ऑफ थे। पडताल की तो आरोपियों के लापता होने की जानकारी सामने आई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# वॉर मेमोरियल परिसर में दो टैंक और गन रखवाने की मांग

**चिड़ावा,** (निसं)। धनूरी में निर्माणाधीन वॉर मेमोरियल शहीद स्मारक को आकर्षक बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। इसी को लेकर पूर्व सैन्य अधिकारियों ने सेना की ओर से युद्ध में काम में लिए आगे दो पुराने टैंक और दो गन रखवाने की मांग की है। रिटायर्ड कर्नल शौकत अली खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने शासन सचिवालय जयपुर में निदेशक सैनिक कल्याण विभाग के मा.बिठोडियर वीरेंद्रसिंह राठौड़ से भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने इस दौरान एक ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में लिखा है कि राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद मातृभूमि की रक्षा में विभिन्न युद्धों और ऑपरेशनों में प्राण गंवाने वाले जवानों की यादों को ताजा करने को लेकर 16 दिसंबर 2022 को भारत-पाक युद्ध की 51 वीं वर्षगांठ पर वॉर मेमोरियल का निर्माण शुरू हुआ था। यहां शहीद सैनिकों के सामूहिक शिलालेख लगाए जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल ने निदेशक राठौड़ से स्मारक परिसर में शहीदों के सम्मान और युवाओं को प्रेरणा, मार्गदर्शन देने व आमजन के अवलोकनार्थ दो पुराने टैंक, दो पुरानी गन रखवाने का निवेदन किया है।

कर्नल शौकत अली खान ने निदेशक से ये भी आग्रह किया कि शहीद स्मारक जयपुर में बहुत सारे पुराने शहीदों के नाम शिलालेख में नहीं लिखे गए हैं। ऐसे में शेष रहे शहीदों के नाम भी शिलालेख में लिखा जाए। निदेशक राठौड़ ने इन दोनों मामलों में सकारात्मक सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में शब्बीर हुसैन खान, कर्नल डॉ.नवील खान, असगर खान पहाडियान, भंवर खान कायमखानी भादरा आदि शामिल थे।

# 'गंग कैनाल को मार्च में 1600 क्यूसेक पानी मिलेगा'

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। आई. जी. एन. पी. सहित विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के लिए मार्च के पानी का निर्धारण बी.बी.एम.बी. की तकनीकी समिति की बैठक में हो गया। इंदिरा गांधी नहर में 21 मार्च तक 10 हजार 550 क्यूसेक पानी मिलेगा। इसी तरह भाखड़ा प्रणाली में भी 21 मार्च तक 1200 क्यूसेक पानी दिया जायेगा। इसके बाद लगभग 7 दिन दोनों परियोजनाओं में पीने के पानी की आपूर्ति होगी। इंदिरा गांधी नहर परियोजना में पेयजल भंडारण के लिए 21 मार्च से 28 मार्च तक 8 हजार क्यूसेक पानी मिलेगा। गंग कैनाल में 1 से 31 मार्च तक 1600 क्यूसेक, नोहर-सिद्धमुख परियोजना में पूरे मार्च महीने में 400 क्यूसेक पानी मिलेगा।

21 मार्च तक सिंचाई पानी मिलने से इंदिरा गांधी नहर और भाखड़ा प्रणाली के गेहूं उत्पादन किसानों को बड़ा फायदा होगा। आई.जी.एन.पी. के किसानों को 21 मार्च तक साढ़े आठ दिन के अंतराल से सिंचाई पानी मिल जायेगा। वीसी के जरिए हुई बैठक में राजस्थान का प्रतिनिधित्व जल संसाधन उत्तर हनुमानगढ़ के चीफ इंजीनियर अमरजीत सिंह मेहरड़ा ने किया।

बी.बी.एम.बी. तकनीकी समिति की बैठक में मार्च महीने के लिए पानी का शेयर तय हो गया। 21 मार्च तक इंदिरा गांधी नहर और भाखड़ा प्रणाली में सिंचाई के लिए पानी चलेगा। इसके बाद लगभग 7 दिन पेयजल भंडारण करवाया जायेगा। इस अवधि में पीएचईडी की डिमांड पर नहरें खोली जायेगी। अमरजीत सिंह मेहरड़ा, चीफ इंजीनियर, जल संसाधन उत्तर, हनुमानगढ़ , श्रीगंगानगर पुरानी बीकानेर कैनाल से एक हजार क्यूसेक पानी लेकर 45 आरडी से बीकानेर कैनाल में पानी का प्रवाह बढ़ा दिया गया है।

राजस्थान बॉर्डर के खखां हैड पर भी पानी की मात्रा मंगलवार शाम तक बढ़ कर 1748 क्यूसेक हो गई। दूसरी तरफ पंजाब सिंचाई विभाग के फिरोजपुर की 0 से 45 आरडी तक सफाई का काम भी पूरा कर लिया है। अब बुधवार से हरिके बैराज से भी पानी की मात्रा बढ़ाई जायेगी। इससे बीकानेर कैनाल को भी अतिरिक्त पानी मिल सकेगा।

पंजाब में सिंचाई विभाग की ओर से फिरोजपुर फीडर की जीरो से 55 आरडी तक सफाई का काम करवाया जा रहा है। इस कारण फीडर में एक सप्ताह पानी का प्रवाह भी कम कर दिया गया था। इससे बीकानेर कैनाल में भी पानी का प्रवाह घटकर मात्र एक हजार क्यूसेक रह गया। सोमवार को पुरानी बीकानेर कैनाल के जरिए 45 आरडी पर अतिरिक्त पानी लेकर बीकानेर कैनाल में पानी का प्रवाह बढ़ाया गया है। मंगलवार को पंजाब में बीकानेर कैनाल में आरडी 45 से 2250 क्यूसेक पानी प्रवाहित किया जा रहा था। इससे राजस्थान बॉर्डर पर भी पानी की मात्रा बढ़नी शुरू हो गई।

शाम तक पानी की मात्रा बढ़ कर 1748 क्यूसेक हो गई। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पंजाब में फिरोजपुर फीडर की सफाई का काम भी पूरा हो गया है। सफाई कार्य पूर्ण होने के बाद पंजाब सिंचाई विभाग अधिकारियों ने निरीक्षण भी कर लिया है। पंजाब से पानी की मात्रा बढ़नी शुरू हो गई है। बुधवार शाम तक सौ क्यूसेक पानी और बढ़ने की संभावना है। पंजाब सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने नहरबंदी तक पूरा पानी देने का आश्वासन दिया है।

## स्कूल में छात्रा को पीटा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में एक स्कूली बच्ची की पिटाई का एक ओर मामला सामने आया है। गांव रोडांवाली के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में कक्षा 7 वीं की एक छात्रा से डंडों से मारपीट के मामले में जंक्शन पुलिस ने एससी-एसटी के तहत केस दर्ज किया।

श्योपत पुत्र बनवारी मेघवाल निवासी रोड़ांवाली ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री गायत्री 7वीं कक्षा में पढ़ती है। दोपहर एक बजे उसके पुत्र ने कॉल कर बताया कि गायत्री को उसकी अध्यापिका ललिता शर्मा बुरी तरह से डंडों से पीट रही है। वह स्कूल पहुंचा तो देखा कि उसकी पुत्री जोर-जोर से रो रही थी और सहमी हुई थी। उसने बताया कि अध्यापिका ने उसे डंडे और थप्पड़-मुक्कों से बहुत ज्यादा मारा है जिससे उसके चेहरे पर निशान है और सिर में दर्द है। परिवादी का आरोप है कि उसने उलाहना दिया तो अध्यापिका ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। मामले की जांच सीओ एससी-एसटी अरूण कुमार कर रहे हैं।

# पूर्व विधायक ने पालिकाध्यक्ष पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**सूरतगढ़,** (कासं)। नगर पालिका अध्यक्ष के कांग्रेस से भाजपा में जाने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश कालवा ने हाल ही में कांग्रेस के चेयरमैन रहते अपने पर पूर्व विधायक के परिवारवाद को हावी बताया था। इस मामले में अपने ऊपर लगे आरोपों का पूर्व विधायक गंगाजल मील ने खंडन किया है। पूर्व विधायक ने पालिका अध्यक्ष कालवा की कार्यशैली को लेकर सूरतगढ़ के एक निजी होटल में सीवरेज, विकास कार्यों, पट्टे बनाने समेत अन्य मामलों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए है।

मील ने कहा कि इन गलत कामों में कांग्रेस ने जब उनका साथ नहीं दिया तो कालवा भाजपा में शामिल होकर अपनी छवि साफ करने का दावा करने में लगे हुए हैं। मील ने कहा कि सीवरेज घोटाले के जांच की मांग स्वयं मौजूदा भाजपा विधायक रामप्रताप कासनिया ने विधानसभा में की थी। जबकि अब उसी भ्रष्टाचार के आरोपी कालवा को उन्होंने गले लगा लिया। मील ने कहा कि भाजपा वो वाशिंग मशीन है जिसमें एक तरफ से भ्रष्टाचारी को शामिल करो, दूसरी ओर से पहले वह पाक साफ होकर निकलता है।

उन्होंने चेयरमैन ओमप्रकाश कालवा पर नगरपालिका के नए भवन निर्माण में घोटाला, अरोड़वंश समाज के एक भवन के हिस्से का फर्जी पट्टा जारी करने, वार्ड नंबर 10 में फर्जी तरीके से भूखंड का पट्टा जारी कर रिश्तेदार के नाम रजिस्ट्री करवाने और मौजूदा विधायक रामप्रताप कासनिया के साथ 4 बीघा भूमि का सौदा करने, अतिक्रमणकारियों से सौदा करने, पद का दुरुपयोग कर भूखंड पर कब्जा करने, सफाई कर्मियों के एरियर भुगतान और प्रमोशन में भी कमीशन लेने समेत अनेक आरोप लगाए।

इधर पीसीसी सदस्य हनुमान मील ने कहा कि कांग्रेस ने पालिका अध्यक्ष को शहर में विकास करने में सहयोग दिया जबकि उन्होंने इसका दुरुपयोग ही किया है। आरोप लगाया गया कि कांग्रेस और भाजपा के पार्षदों के काम बिना लिए दिए नहीं किए। जिला परिषद सदस्य हेतराम मील ने कहा कि मील परिवार को बदनाम करने के प्रयास से कुछ भी नहीं होने वाला। उन्होंने कहा कि 10 बीघा भूमि और वार्ड नंबर 10 समेत अन्य में अपने चहेतों को करवाए गए अतिक्रमण तुड़वाए तो पालिका अध्यक्ष पार्टी और मील परिवार के ही खिलाफ हो गए। इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष और इंजीनियर बनवारीलाल मेघवाल ने भी सीवरेज मामले को लेकर अपनी बात कही। प्रेस वार्ता में विधायक ने अपने पीछे कांग्रेसी पार्षदों और समर्थकों को बैठाकर एकजुट होने का भी संदेश दिया।

## डिस्कॉम टीम को ग्रामीणों ने पीटा

**जोधपुर,** (कासं)।दो साले से बकाया चल रहे बिजली बिल को लेकर ग्रामीणों ने डिस्कॉम के कर्मचारियों की पिटाई कर डाली। टीम ने पहले बिल जमा कराने की चेतावनी दी लेकिन जब बिल भरने से मना कर दिया तो टीम बिजली कनेक्शन काटने लगी। इतने में ही बकायदार के परिजन और रिश्तेदारों ने लात-घूसे बरसाना शुरू कर दिए।

मामला जोधपुर जिले के चाखू थाना क्षेत्र के मोटाई गांव का है। घटना सोमवार शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है। डिस्कॉम कर्मचारियों की ओर से मंगलवार रात 8 बजे 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। दरअसल, डिस्कॉम की ओर से मार्च में बकाया बिजली के बिलों की वसूली के लिए अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में विभाग की टीम मोटाई गांव में भंवरलाल के घर बिजली का कनेक्शन काटने गई थी और यहां मारपीट की घटना हो गई। डिस्कॉम हेल्पर लालाराम विश्नोई ने बताया कि वह 33/11 केवी सब स्टेशन जांबा में कार्यरत है। सोमवार को वह तकनीकी सहायक द्वितीय व एफआरटी संविदा कर्मी गोपालराम के साथ गाड़ी लेकर मोटाई गांव गए थे। यहां भवरलाल का बिल बकाया था तो घर का कनेक्शन काटने के आदेश दिए थे।

# सटोरिये धर्मेन्द्र उर्फ धर्मू के मकान में जुआ खेलते नौ जने गिरफ्तार

■ 6 लाख 41 हजार नकदी व छक्का दाना जोड़ी जब्त

**अजमेर,** (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट के दिशा निर्देशों पर अलवर गेट थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नोनकरण का अहता स्थित सटोरिये धर्मेन्द्र उर्फ धर्मू के मकान में छक्का दाना जोड़ी से जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जुआ में लगाई गई रकम 6 लाख 41 हजार 910 रुपए और छक्का दाना की जोड़ी भी जब्त की है।

अलवर गेट थाना अधिकारी श्याम सिंह ने बताया कि जिला स्पेशल टीम के सउनि शंकर सिंह ने सूचना दी थी कि थाना क्षेत्र के नोनकरण का अहता स्थित सटोरिये धर्मेंद्र उर्फ धर्मू अपने मकान में छक्का दाना जोड़ी से जुआ खिला रहा है। जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, एएसपी शहर सुनील कुमार विश्नोई, उपअधीक्षक वृत दक्षिण सुनील सिहाग के निर्देशन में गठित टीम ने एएसपी ठाामीण वैभव शर्मा, वृत्ताधिकारी ठाामीण मोहम्मद इस्लाम खां के नेतृत्व में रात्रि तीन बजे नोनकरण का अहता स्थित सटोरिये धर्मेन्द्र उर्फ धर्मू के मकान पर दबिश दी। टीम ने मौके पर धर्मेन्द्र यादव उर्फ धर्मू सहित आठ जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार जुआरियों में धर्मेंद्र उर्फ धर्मू पुत्र मिठ्ठनलाल, नितिन कुमार उर्फ चिन्टू पुत्र दिनेश कुमार, ग्यारसी लाल पुत्र भंवर लाल, मनोज पुत्र प्रकाश चन्द, दिलीप कुमार पुत्र कल्याणमल कलाल निवासी गहलाते कालोनी ब्यावर, सलीमुदीन पुत्र इसामुदीन, शेखप्रताप तिवारी पुत्र कृष्णप्रसाद तिवारी, ललित पुत्र घेवर चन्द जैन व राहुल पुत्र गुरुचरण सिंह है। पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से कुल छह लाख 41 हजार 910 रुपए मय छक्का दाना जोड़ी बरामद की है।

टीम में अलवर गेट थाना अधिकारी श्याम सिंह, उनि दातार सिंह, सउनि नन्द भंवर सिंह, सउनि शकंर सिंह जिला स्पेशल टीम (विशेष योगदान), सउनि बिजेन्द्र सिंह, हैड कानि. बाबूलाल, कानि.हेमराज, सुधीर कुमार, हनुमान प्रसाद, सुखराम व होमगार्ड ओम सिंह शामिल रहे।

## ई-फाइलिंग से होंगे कार्य

**झुंझुनूं,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा सरकारी कार्यालयों को पेपर लेस करने, कार्यों में अनावश्यक देरी से बचने और पारदर्शिता बनाए रखने के मकसद से ईफाइलिंग प्रणाली शुरू की गई है। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सहित जिला परिषद के समस्त पत्रावलियों के कार्य अब ई फाइल के माध्यम से शुरू की जा रही है। ई-वर्क एप्लीकेशन पर किए गए नवीन प्रावधानों की जानकारी प्रदान करने के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (एनआईसी) के माध्यम से बुधवार को जिला परिषद के तकनीकी, लेखा व संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि कार्यालय के कार्य ई-फाइलिंग प्रणाली से शुरू होने से फाइलों का ढेर नहीं रहेगा एवं फाइल एक टेबल से दूसरी टेबल तक लाने, ले जाने से राहत मिलेगी। साथ ही राजकीय कार्यों के कारण कार्यालय में नहीं होने पर भी फाइल से संबंधित कार्य कर सकेंगे। कार्य करने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पडे। इसके लिए कार्मिकों को पूर्व में भी प्रशिक्षित किया जा चुका है।

# नाबालिग का अपहरण और रेप मामले में पॉक्सो कोर्ट ने एस.पी. को भेजा नोटिस

## दर्ज मामले की जांच में पुलिस की लापरवाही सामने आने और मामले में एफ.आर. लगाने के बाद भी समय पर नतीजा कोर्ट में पेश नहीं करने का मामला

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र में नाबालिग को अगवा कर रेप के आरोप में दर्ज मामले की जांच में पुलिस की लापरवाही सामने आने और मामले में एफआर लगाने के बाद भी समय पर नतीजा कोर्ट में पेश नहीं करने को पोक्सो कोर्ट (एक) के न्यायाधीश देवेंद्रसिंह नागर ने गंभीरता से लेते हुए एसपी को पत्र लिखा है।

न्यायालय सूत्रों के अनुसार, सदर थाने में एक 16 साल की नाबालिग लड़की ने 20 अगस्त 2020 को रिपोर्ट दी कि उसके माता-पिता रिश्तेदारी में गये थे। सुबह 8-9 बजे फूलचंद बंजारा सहित अन्य लोग बोलेरो लेकर उसके घर आये। इन लोगों ने नाबालिग से उसके माता-पिता का एक्सीडेंट होने व अस्पताल में भर्ती होने की बात कही। साथ ही नाबालिग से इन लोगों ने कहा कि उसके माता-पिता ने घर में रखे 50 हजार व जेवर भी मंगवाये हैं। नाबालिग नकदी व गहने लेकर इनके साथ बोलेरो में बैठ गई। ये लोग उसे बजोगणिया माता के रास्ते में ले गये और रुपये व गहने छीन लिये। उसे जान से मारने की धमकी देते हुये नशीला पदार्थ खिला दिया। इससे वह बेहौश हो। उसे जब हौश आया तो खुद को भिंड में एक मकान में पाया। जहां फूलचंद ने उसके साथ रेप व मारपीट की।

इस दौरान अन्य लोग निगरानी कर रहे थे। सदर थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच की ओर मामले को झूंठा मानते हुये एफआर (अंतिम रिपोर्ट) लगा दी। 13 फरवरी 23 को पुलिस ने एफआर पोक्सो (एक) कोर्ट में पेश की। बता दें कि पोक्सो कोर्ट ने लंबित एफआर के संबंध में सभी थाना अधिकारियों को तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था। इसे लेकर उक्त मामले में सदर थाना की ओर से अंतिम प्रतिवेदन कोर्ट में पेश किया।

कोर्ट ने माना कि थाना अधिकारी द्वारा एफआर लगाने के पश्चात भी समय पर नतीजा न्यायालय में पेश नहीं किया। इसे न्यायालय ने गंभीरता से लिया है। न्यायालय ने एफआर मामले में आदेश दिया कि सदर थाने में दर्ज इस प्रकरण में 27 नवंबर 2020 को धारा 164 सीआरपीसी के सकारात्मक बयान होने व 21 नवंबर 20 को उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराये जाने के पश्चात पुलिस ने पोक्सो नियम 4 (3) (सी) (डी) के आज्ञापक प्रावधानों के अनुसार उसके संकलित नमूने तत्काल एफएसएल जांच के लिए नहीं भेजे। पत्रावली पर भी यह कारण स्पष्ट नहीं है। 27 नवंबर 20 को पीड़िता के बयान होने से 4 जनवरी 21 को कथित आरोपित से पूछताछ होने तक उसकी गिरफ्तारी का कोई प्रयास किया जाना या उसे गिरफ्तार नहीं करने का कोई कारण भी पुलिस ने पत्रावली पर दर्शित नहीं किया।

कोर्ट ने कहा कि संबंधित अधिकारी द्वारा अनुसंधान के दौरान अपनाई गई कार्यशैली यौन अपराध जैसे संवेदनशील प्रकरण में स्वीकार करने योग्य प्रतीत नहीं होती है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक भीलवाड़ा को अर्धशासकीय पत्र लिखकर भीलवाड़ा जिले में कार्यरत सभी थाना अधिकारियों को भविष्य में पोक्सो संबंधित प्रकरण में संवेदनशीलता के साथ नियमानुसार कार्यवाही करने व आज्ञापक प्रावधान की पालना करने के लिए और नमुनों को भी तुरंत एफएसएल भेजे जाने के लिए भी पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि वे, समस्त थाना अधिकारियों को निर्देशित करें।

# वीरांगनाओं के साथ न्याय के लिए डटे रहे किरोड़ी मीणा

**जयपुर।** वीरांगनाओं के लिए न्याय की माँग को लेकर सांसद डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा का धरना लगातार दूसरे दिन शहीद स्मारक पर जारी रहा। डॉक्टर मीणा ने कहा कि जिस शासन में शहीदों की वीरांगनाओं का अपमान होता है वह सत्ता नष्ट होती है। सरकार की वादाखिलाफी से ख़फ़ा डॉक्टर किरोड़ी मीणा वीरांगनाओं और उनके परिवार के साथ धरने पर बैठे हैं। शहीद जीतराम

■ **धरना दूसरे दिन भी जारी, सरकार से विफल रही वार्ता**

गुर्जर की पत्नी सुन्दरी देवी, शहीद रोहिताश लाम्बा की पत्नी मंजू जाट, शहीद हेमराज मीना की पत्नी मधुबाला मीना धरने पर डॉक्टर मीणा के साथ है। डॉक्टर मीना ने कहा वीरांगनाओं के जायज़ माँगों के सम्मान में दूसरे दिन धरने पर बैठा हूं। शहीदों का अपमान करने वाली अशोक गहलोत सरकार को वीरांगनों का सम्मान करना सीखना चाहिए।

धरना स्थल पर बुधवार को राज्य मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा पहुँचे। उन्होंने आश्वासन दिया की वीरांगनाओं की माँगें मानी जाएगी कल मुख्यमंत्री से बात करूँगा। धरना स्थल पर उप प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्र राठौड़, विधायक मदन दिलावर, विधायक चंद्रकांता मेघवाल, विधायक गोपी चंद मीना, विधायक संतोष बावरी, विधायक संदीप शर्मा, पूर्व विधायक हीरालाल नागर पहुँचे ओर वीरांगनाओं की माँगो का समर्थन किया।

डॉक्टर किरोड़ी ने तीनों वीरांगनाओं के साथ शासन सचिवालय में मुख्यमंत्री सचिव आरती डोगरा से मुलाक़ात की। वार्ता में कुछ बिंदुओं पर सहमति बनी पर वीरांगनाओं की मुख्य माँगों पर सहमति नहीं बन पाई और वार्ता विफल हो गई। पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवान की वीरांगनाओं की माँगें थी की सड़क निर्माण, स्कूल का शहीद के नाम नामकरण ओर आश्रित को सरकारी नौकरी दी जाए जिसकी घोषणा राज्य सरकार ने शहीदों के दाह संस्कार के समय की थी अब सरकार को वायदा निभाना चाहिए।



**शहीद स्मारक स्थित धरना स्थल पर वीरांगनाओं के साथ सांसद किरोड़ी लाल मीणा से मुलाकात करने उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ पहुंचे। उनके साथ विधायक मदन दिलावर व संदीप शर्मा भी मौजूद थे।**

डॉक्टर किरोड़ी लाल मीना ने कहा कि मुख्यमंत्री को इसमें राजनीति ना करके देश के लिए बलिदान देने वाले वीर ज़वानो के परिजनों की जायज़ माँगों को तुरंत मान लेना चाहिए। इस मौक़े पर वीरांगनाओं का कहना है सरकार के द्वारा की गई घोषणा पर तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए ओर जिन पुलिस अधिकारियों ने हमारे साथ दुर्व्यवहार किया है उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। श्याम क़रीब सात बजे वीरांगनाओं के साथ सैकड़ों युवाओं ने केंडिल मार्च किया पुलिस प्रशासन सकते में आया बड़ी मुश्किल से प्रशासन की बात मान कर शहीद स्मारक के अंदर घुसे प्रशासन ने चैन की साँस ली।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने भी वीरांगनाओं और सांसद किरोड़ी लाल मीणा के धरने का मुद्दा सदन में उठाया। राठौड़ ने कहा कि सरकार की ओर से मंत्री ने कहा था कि सिर्फ एक वीरांगना धरने पर बैठी है और उसके देवर को नौकरी देने पर सहमति नहीं बनी है, बाकी मुद्दों पर सहमति बन चुकी है। जबकि हकीकत यह है कि चार वीरांगनाएं और उनके बच्चे धरने पर बैठे हैं। सत्ता पक्ष के विधायकों और मंत्रियों ने जो वायदे उनके साथ किये हैं उन्हें पूरा किया जाये। कुछ जगहों पर शहीद की मूर्ति लगनी बाकी है तो कुछ जगहों पर सड़क निर्माण व अन्य मांगें पूरी नहीं हुई हैं। मेरा सदन से आग्रह है कि शहीदों के परिवार के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए सरकार उनकी मांगों पर तुरंत निर्णय ले।

# शहीदों के परिजनों का सहयोग नहीं करते अफसर : गुढ़ा

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान शहीदों के परिजनों को लाभ नहीं मिलने का मुद्दा उठा। सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि अफसर शहीदों के परिजनों का बिल्कुल सहयोग नहीं करते। विधायक संदीप शर्मा के सवाल के जवाब में गुढ़ा ने कहा कि शहीदों के परिजनों को पैकेज के तहत 25 बीघा जमीन और 25 लाख रुपए दिए जाते हैं। 25 बीघा जमीन जहां अलॉट करते हैं, कई शहीदों के परिजन मौके पर जमीन देखकर उसे लेना पसंद नहीं करते, वह जमीन उन्हें पसंद नहीं आती। शहीदों के परिजनों को राज्य सरकार के प्रावधान के हिसाब से कई प्रावधान हैं, लेकिन अधिकारी सहयोग नहीं करते हैं।

## सी.एम.के सलाहकार की भी कोई जिम्मेदारी होती है : सी.पी.जोशी

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान सिरोही से निर्दलीय विधायक और सीएम के सलाहकार संयम लोढ़ा ने एक युवक को मर्डर के झूठे मुकदमे का मामला उठाया। लोढ़ा ने मंत्री टीकाराम जूली से कहा कि आपने जब सिरोही जेल का निरीक्षण किया था, तब मर्डर के झूठे मुकदमे में फंसाए गए आदिवासी से बात हुई थी। जिस दिन मर्डर हुआ वह जेल में था, मंत्रिमंडल की सामूहिक जिम्मेदारी होती है, आपने दोषी पुलिस अफसरों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में क्यों नहीं लिखा? इस पर स्पीकर सीपी जोशी ने संयम लोढ़ा से कहा मुख्यमंत्री के सलाहकार की भी कुछ जिम्मेदारी होती है। इस पर सदन में जमकर ठहाके लगे।

## विधायक ने सवाल ही गलत पूछा है : गुढ़ा

**जयपुर,** (वि.सं.)। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक पानाचंद मेघवाल ने होमगार्डों को नियमित भर्ती से संबंधित पूरक प्रश्न पूछा। इस पर सैनिक कल्याण राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि विधायक ने सवाल ही गलत पूछा है। उन्होंने कहा कि होमगार्ड सरकारी नौकर नहीं होते वे स्वयं सेवक होते हैं। इसलिये इन्हें नियमित नहीं किया जा सकता। इन्हें वेतन व अन्य परिलाभ नहीं दिये जा सकते। विधायक ने सवाल ही गलत पूछा है।

## प्रदेश में तीन नए संक्रमित मिले

**जयपुर।** प्रदेश में बुधवार को तीन नए करोना संक्रमित मिले हैं। इस बीच किसी भी मरीज के ठीक नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 10 हो गए है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में बुधवार को उदयपुर में तीन नए संक्रमित पाए गए हैं। इससे पहले राज्य में मंगलवार को दो रोगी मिले थे। इधर आज राजधानी जयपुर में लगातार दूसरे दिन भी कोई नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में एक भी संक्रमित के ठीक नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 10 हो गए हैं।

## नेटबंदी के खिलाफ एससी में याचिका

**जयपुर।** प्रदेश में बडी प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन के दौरान इंटरनेट बंद करने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका पेश की गई है। छाया रानी की इस जनहित याचिका पर होली बाद सुनवाई होगी। प्रदेश में बीते दिनों आयोजित तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती के दौरान 11 जिलों में इंटरनेट सेवा बंद करने को जनहित याचिका में आधार बनाया गया है। पीआईएल में कहा गया कि इंटरनेट बंद करने का संभागीय आयुक्तों का आदेश मौलिक अधिकारों का हनन करता है। याचिका में कहा गया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में इंटरनेट बंद करना अवैध है। राज्य सरकार के अफसर अपनी नाकामी छिपाने के लिए इंटरनेट बंद करने के आदेश दे रहे हैं।

# कोर्ट की ऑर्डर शीट बदलने वाले रीडर को 38 साल बाद सजा

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-2 महानगर प्रथम ने वर्ष 1984 में बेदखली से जुड़े वाद में कोर्ट की ऑर्डर शीट बदलने वाले तत्कालीन रीडर हरबंस खुराना को दो साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर तीन हजार पांच सौ रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि अभियुक्त ने प्रकरण में न्यायालय की ऑर्डर शीट को बदलकर रिकॉर्ड में कूटरचना कर एवं न्यायिक कार्यवाही में झूठी साक्ष्य देने और उसे पत्रावली में शामिल कर असल रूप में प्रयोग करने का गंभीर आरोप है। अभियुक्त के कृत्य से न्यायालय की कार्यवाही की विश्वसनीयता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। ऐसे में उसे परिवीक्षा का लाभ नहीं दिया जा सकता। वहीं अदालत ने ट्रायल के दौरान सह आरोपी सूरज नारायण की मौत होने के कारण उसके खिलाफ कार्रवाई ड्रॉप कर चुकी है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि वर्ष 1984 में एसीएमएम कोर्ट क्रम-4 में बेदखली से जुड़ा दावा लंबित चल रहा था। इस दौरान पांच जनवरी 1984 की ऑर्डर शीट के जरिए अभियुक्त प्रतिवादी सूरज नारायण का बेदखली के विरुद्ध अधिकार समाप्त किया गया था। वहीं तत्कालीन रीडर हरबंस ने मिलीभगत कर नई ऑर्डर शीट जारी कर सूरज के बेदखली के विरुद्ध प्रतिरखा के अधिकार को समाप्त होने की बात को हटा दिया। मामला सामने आने पर वर्ष 1992 में एफआईआर दर्ज कराई गई। वहीं 25 जून 1993 को हरबंस लाल खुराना ने कोर्ट में समर्पण कर दिया। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। इसी दौरान उसकी पत्नी ने हाईकोर्ट ने बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पेश कर दी। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने तकनीकी आधार पर हरबंस के खिलाफ लिए गए प्रसंज्ञान को गलत मानते हुए कहा कि मामला संबंधित मजिस्ट्रेट के परिवाद पर दर्ज नहीं हुआ है। इसके बाद अभियुक्त के खिलाफ नए सिरे से कार्रवाई की गई।

# वकीलों का बहिष्कार जारी, हाईकोर्ट में सुनवाई टली

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट में बुधवार को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने और नए वकीलों को मानदेय देने से जुड़े मामले में सुनवाई एक दिन के लिए टल गई। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव प्रहलाद शर्मा की जनहित याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कहा कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर सचिवालय में मीटिंग चल रही है और उसमें कई एएजी भी गए हुए हैं। ऐसे में मामले की सुनवाई एक दिन के लिए टाल दी जाए। जिस पर अदालत ने सुनवाई टाल दी। हाईकोर्ट की ओर से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने और जोधपुर में वकील जुगराज सिंह की हत्या को लेकर कई दिनों से चल रहे न्यायिक कार्य बहिष्कार पर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लिया था। इस प्रसंज्ञान मामले में भी गुरुवार को ही सुनवाई होगी। वहीं निचली कोर्ट, रेवेन्यू कोर्ट, जेडीए कोर्ट व अन्य कोर्ट में वकीलों का न्यायिक कार्य बहिष्कार बुधवार को भी जारी रहा। वकीलों ने सद्बुद्धि यज्ञ कर राज्य सरकार से जल्द ही एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग की। जिसमें हाईकोर्ट बार के पूर्व महासचिव प्रहलाद शर्मा और अधिवक्ता विकास सोमानी सहित अन्य वकील शामिल हुए।

वहीं दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव सहित डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव की टीम बुधवार को मुख्यमंत्री से मिले। हाईकोर्ट बार के महासचिव बलराम वशिष्ठ ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि बुधवार शाम को होने वाली कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे को रखा जाएगा। दूसरी ओर बीसीआर ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करवाने के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित की है।

## लेफ्टिनेंट जनरल बी.एस. राजू ने कार्यभार संभाला

**जयपुर,** (का.सं.)। लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू ने सप्त शक्ति कमान के जनरल आफिसर कमांडिंग इन चीफ का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर जनरल ऑफिसर ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन स्थित प्रेरणा स्थल पर वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



बी.एस.राजू

सैनिक स्कूल बीजापुर के पूर्व छात्र एवं राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के स्नातक, लेफ्टिनेंट जनरल बीएस राजू 15 दिसंबर 1984 को जाट रेजिमेंट में कमीशन हुए। जनरल ऑफिसर, डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन और आर्मी वॉर कॉलेज, महू से स्नातक हैं। इन्होंने रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज यूनाइटेड किंगडम से अपना नेशनल डिफेंस कॉलेज किया और नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल, मोंटेरे, यूएसए में काउंटर टेररिज्म में प्रतिष्ठित मास्टर्स प्रोठााम में भी भाग लिया है।

जनरल ऑफिसर ने 38 साल के अपने शानदार करियर के दौरान विभिन्न सैन्य क्षेत्रों में सेवाएं दी है।

## दुष्कर्मी को सजा

**जयपुर,** (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-2 महानगर प्रथम ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त कजोड़ मल उर्फ कमल को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर बीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# डॉ. सतीश पूनियां ने 4 मार्च को होने वाले विधानसभा घेराव की तैयारियों पर चर्चा की

■ **भाजपा विधायक दल की बैठक में सदन में उठाए जाने वाले प्रदेश के जनहित के मुद्दों और 4 मार्च के विधानसभा घेराव आंदोलन को लेकर सतीश पूनियां, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ व सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने विधायकों के साथ चर्चा की**

**जयपुर।** पेपर लीक, भ्रष्टाचार, लंबित भर्तियां, सम्पूर्ण किसान कर्जमाफी, महिला सुरक्षा इत्यादि जनहित के मुद्दों को लेकर 4 मार्च को कांग्रेस सरकार के कुशासन के खिलाफ विशाल विधानसभा घेराव की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में जयपुर के नगर निगमों के पार्षदों और जिला परिषद सदस्यों के साथ तैयारियों को लेकर संवाद किया।

बैठक में प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा, जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, डिप्टी मेयर पुनीत कर्नावट इत्यादि भी उपस्थित रहे। इससे पहले भाजपा विधायक दल की बैठक में विधानसभा में उठाए जाने वाले प्रदेश के जनहित के मुद्दों और 4 मार्च के विधानसभा घेराव आंदोलन को लेकर सतीश पूनियां, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने विधायकों के साथ चर्चा की।

मीडिया से बातचीत में डॉ. पूनियां ने कहा कि, कांग्रेस सरकार ने साढ़े चार वर्षों में सदन की गरिमा तो गिराई ही है, लेकिन उसके साथ यह सदन जवाबदेह होता है, जितने मुद्दे विधायकों के द्वारा चाहे वह सत्तापक्ष के हों या प्रतिपक्ष के हों, उठाये जाते हैं। विधानसभा में राज्य सरकार के स्तर पर कोई संजीदगी नहीं देखी जा रही है, यहां सदन में जब बहुत गंभीर चर्चा होती है तो उस पर भी इनके मंत्री बहुत केजुअल जवाब देते हैं या फिर जवाब दे ही नहीं पाते हैं। इससे यह साफ दिखता है कि जब सरकार की नीति और नीयत ठीक नहीं होती है तो वह शब्दों के रूप में प्रकट हो जाती है, जनहित के मुद्दों को भाजपा सदन से लेकर सड़क तक मजबूती से उठा रही है और प्रदेश के हालात हर मोर्चे पर इतने विफल हैं कि कांग्रेस सरकार के विधायकों के द्वारा भी सदन में प्रदेश के अराजक हालात की स्थिति रखी जा रही है, जो सबके सामने है। हालांकि यह जुगाड़ की सरकार है, इसमें जो लोग बैठे हैं उनकी परफॉर्मेंस धरातल पर कुछ नहीं है। कांग्रेस सरकार के खिलाफ जो पूरे प्रदेश में एंटी इनकमबेंसी है, वह सरकार के साथ-साथ इनके मंत्री और विधायकों के खिलाफ भी है।


**आम सूचना** मेरे अभिभाष्य नारायण सिंह राठौड पुत्र स्व. रघुवीर सिंह राठौड निवासी 4 पीतल फैक्ट्री पीएनबी बैंक वाली गली शास्त्री नगर, जयपुर, राजस्थान ने अपने लड़के विजय सिंह राठौड से अपने पूरे परिवार सहित संबंध खत्म करते हुए उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अगर भविष्य में उसके साथ कोई लेन-देन करेगा वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा अभिभाष्य उसके कार्य का जिम्मेदार नहीं होगा।
**मुकेश कुमार झालानी (एडवोकेट), मो.नं. 9829251397**

**खोया-पाया**

प्लॉट नम्बर 05, रोहिणी विहार, संतोष नगर, गंगापोल बाहर, जयपुर के पुराने असल दस्तावेज गंगापोल से कहीं गुम हो गए हैं। जिस किसी को मिले सूचित करें। शाकिर मो. 9314356061

**बेदखली नोटिस**

यह कि मेरे अभिभाष्य श्री बृजमोहन सोनी पुत्र श्री जुगलकिशोर सोनी, हाल निवासी प्लाट नंबर-70 श्री राधाकृष्ण विहार, गोकुलपुरा, कालवाड रोड, झोटवाडा जयपुर राजस्थान आधार नंबर 975298610450 घोषणा करते है कि मेरा पुत्र धर्मेन्द्र सोनी मेरे साथ निवास नहीं करता है तथा वह मेरे कहने में नहीं है एवं उसके द्वारा कारित असामाजिक कार्यों के कारण मुझे व मेरे दूसरे पुत्र देवेन्द्र सोनी व मेरे पूरे परिवार को सामाजिक व प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिससे मैं व मेरा पूरा परिवार अत्यधिक आहत है जिस कारण मैं व मेरा पूरा परिवार मेरे पुत्र धर्मेन्द्र सोनी से अपने समस्त संबंध समाप्त करते है साथ ही मैं अपने पुत्र धर्मेन्द्र सोनी को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से पूर्णतया बेदखल करता हूं। यह की धर्मेन्द्र सोनी द्वारा कारित किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है तथा यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा धर्मेन्द्र सोनी से कोई संबंध रखा जाता है या लेन-देन किया जाता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। (कार्तिक सोनी), एडवोकेट
जयपुर/दिनांक मो. 9462630309, 8949017405

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जे.एल.एन.मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, 0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**

**राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 4-स-24-ए, जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल 545.875 वर्ग मीटर का आवंटन श्री पवन कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम रतन गुप्ता को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 781 दिनांक 06/10/1999 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 25 दिनांक 13/04/2000 जारी किया गया था। श्री पवन कुमार गुप्ता की मृत्यु दिनांक 12/06/2022 को हो जाने के कारण श्रीमती आशा गुप्ता पत्नी स्व. श्री पवन कुमार गुप्ता के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग पत्र की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति, प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती आशा गुप्ता पत्नी स्व. श्री पवन कुमार गुप्ता के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।** सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय. रा.आ.मण्डल, जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**

**राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लेट संख्या-12/97 (जी.एफ.) मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 89.958 वर्ग मीटर का आवंटन श्री सत्यजीत सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 1461 दिनांक 14.11.2000 जारी किया गया। उनके द्वारा आवास/फ्लेट के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 25.03.2006 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री सत्यजीत सिंह पुत्र श्री अमरजीत सिंह के द्वारा कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर द्वितीय में दिनांक 29.04.2006 को उक्त आवास/फ्लेट का मुख्त्यारनामा आम श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री अमरजीत सिंह को नियुक्त किया गया। तत्पश्चात मुख्त्यारनामा आम श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री अमरजीत सिंह के द्वारा उक्त आवास/फ्लेट का बेचान जरीये विक्रय पत्र के स्वयं श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री अमरजीत सिंह को कर विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर चतुर्थ में दिनांक 16.04.2008 को करवाया गया। श्रीमती परमजीत कौर पत्नी श्री अमरजीत सिंह की मृत्यु दिनांक 02.05.2021 को हो जाने के कारण श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री चन्नन सिंह के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, हकत्याग पत्र की छाया प्रति, विक्रय पत्र के की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास/फ्लेट का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लेट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री अमरजीत सिंह पुत्र श्री चन्नन सिंह के पक्ष में उक्त आवास/फ्लेट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।**
**सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर**

**आम सूचना**

मैं आम सूचना द्वारा सूचित करता हूँ कि मेरे अभिभाष्य नृहसिंह शरण पुत्र स्व. श्री हजारीलाल शर्मा निवासी वार्ड नम्बर-35 दुर्गा माता मंदिर के पीछे, गोविन्द विहार कोटपूतली जिला जयपुर, राजस्थान का रहने वाले है मेरे अभिभाष्य की चल व अचल सम्पत्ति से मेरे अभिभाष्य के पुत्र अमन शर्मा पुत्र नृहसिंह शर्मा व मेरे अभिभाष्य की पुत्र वधु पूजा शर्मा निवासी वार्ड नम्बर-35 दुर्गा माता मंदिर के पीछे, गोविन्द विहार कोटपूतली जिला जयपुर राजस्थान जो की मेरे अभिभाष्य कहे में नहीं है तथा दिगर व्यक्तियों के बहकावे में रहते है मेरे अभिभाष्य का पुत्र नशे में रहता है इन दोनों का मेरे अभिभाष्य की सम्पत्ति से कोई ताल्लुक वास्ता व लेना देना नहीं है मेरे अभिभाष्य इन दोनों को अपनी सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ मेरे अभिभाष्य की सम्पत्ति से इनका कोई लेना देना व ताल्लुक वास्ता नहीं रहेगा। जो भी इनसे कोई खरीद बेचान करेगा उसकी मेरे या मेरे अभिभाष्य की सम्पत्ति से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहेगा ना ही मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी उसकी सम्पत्ति व्यवहार करने वाले स्वयं की रहेगी सूचित रहे।
दिनांक-1.3.23 कृष्ण कुमार शर्मा, एडवोकेट, कोटपूतली, मो.9660710701, 9829731505

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य इंदरजीत काकवानी पुत्र श्री हरीश काकवानी, निवासी 1/328 सेक्टर-1, मालवीय नगर-302017 राज. के पिता-श्री हरीश काकवानी पुत्र श्री भगवान दास काकवानी और माता-श्रीमती ज्योति देवी पत्नि श्री हरीश काकवानी, निवासीगण-फ्लैट नं. 403, बिल्डिंग नं.-17, मलाड वेस्ट, मुम्बई से किसी प्रकार का कोई संबंध शेष नहीं है। मेरा अभिभाष्य अपने माता-पिता से अलग रहता है। मेरे अभिभाष्य के पिता श्री हरीश काकवानी और माता श्रीमती ज्योति देवी, उसके कहने में नहीं है एवं मेरे अभिभाष्य से लडाई झगडा करते रहते हैं। यदि कोई व्यक्ति, संस्था मेरे अभिभाष्य के पिता श्री हरीश काकवानी और माता श्रीमती ज्योति देवी से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करेगा अथवा कोई लेन-देन अथवा कोई सामाजिक व्यवहार रखेगा तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
(महेन्द्र सिंह, एडवोकेट), मो. 7023898966

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर दूरभाष संख्या:- 0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा कार्यालय आदेश क्रमांक 6218 दिनांक 19.09.2011 जारी कर आवास/फ्लैट संख्या 11/837 (जी.एफ.) मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 36.700 वर्ग मीटर का प्रतिस्थापन श्री परस राम मदनानी पुत्र स्व. श्री बली राम मदनानी के नाम किया गया था। श्री परस राम मदनानी की मृत्यु दिनांक 22.05.2022 को हो जाने के कारण श्री अनिल कुमार मदनानी पुत्र स्व. श्री परसराम मदनानी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, हकत्याग की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास/फ्लैट का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री अनिल कुमार मदनानी पुत्र स्व.श्री परसराम मदनानी के पक्ष में उक्त आवास/ फ्लैट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेंगी। **सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय,रा.आ.मण्डल जयपुर**

**आम सूचना/नाम संशोधन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम महेंद्र कुमार पुत्र श्री हरि प्रसाद गुप्ता निवासी मोहन नगर हिण्डौन सिटी जिला करौली राजस्थान था। सभी दस्तावेजों में मेरा नाम महेंद्र कुमार गुप्ता दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे महेंद्र कुमार गुप्ता के नाम से ही जाना जावे। सूचित रहे।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
**राजस्थान आवासन मण्डल,**
अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772

**क्र. : DHC-II/3058 जाहिर आम सूचना दि. :28.02.23**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 6/250, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 92.25 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री भँवर लाल पारीक पुत्र स्व. श्री हनुमान बक्ष पारीक को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 3184 दिनांक 15.11.1989 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 12.12.1989 को प्राप्त कर लिया गया था। राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3359 दिनांक 22.11.1994 के द्वारा श्री भँवर लाल पारीक पुत्र स्व. श्री हनुमान बक्ष पारीक के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 09.12.1994 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री भँवर लाल पारीक की मृत्यु दिनांक 18.05.2012 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री अश्विनी कुमार पारीक पुत्र स्व. श्री भँवर लाल पारीक ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें। अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री अश्विनी कुमार पारीक दी जावेगी। पुत्र स्व. श्री भँवर लाल पारीक के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है। **सम्पदा प्रबन्धक,** वृत्त द्वितीय, जयपुर

**संख्यांक 2**
**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**नाम न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर, महानगर-प्रथम, राकेश खण्डेलवाल विरूद्ध उत्तम कुमार असरानी**
**वाद बाबत घोषित किए जाने पूरोबन्ध का अधिकार व स्थायी निषेधाज्ञा, वाद सं. 9 सन् 2021**

**नाम उत्तम कुमार असरानी पुत्र इन्द्र प्रकाश असरानी, जाति.. स्थान-419-ए, आदर्श नगर, गीता भवन के पास, जयपुर ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 03.03.2023 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वादकी सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 24.01.2023 को मेरे हसताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।** रीडर
मुहर अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, संख्या-8, जयपुर महानगर प्रथम

**NAME CHANGE**

I, Rahul Ravi Sharma S/o Ravi Ram Kumar Sharma R/o C 241 Dayanand Marg, Tilak Nagar Jaipur 302004 (Raj.) have changed my name to Rahul Sharma for all future purposes.

I, Rathod Bhupendrasingh Narendra singh changed my name to Bhupendra singh Narendrasingh Rathod for all future purpose. known me in future Bhupendrasingh Narendrasingh Rathod Add: 9, Sarvan Colony, Near Palak Peradise, Kalwar Road, Jhotwara, Jaipur-302012

हमने (पिता पीयूष गुप्ता माता मीनल गर्ग) अपनी पुत्री का नाम रूहानी (Ruhani) से बदलकर रूहानी गुप्ता (Ruhani Gupta) कर लिया है अतः भविष्य में उसे इसी नाम से जाना जाये पता-80/57, नजदीक पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर

मैंने अपना नाम मंजू से बदलकर मंजू विजय रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये मंजू विजय धर्मपत्नी देवेन्द्र प्रकाश विजय निवासी 3/104 नगर निगम कॉलोनी, आमेर रोड, जयपुर

विवाहोपरांत मैंने अपना नाम सुनीता शर्मा से बदलकर हिमांशी शर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये, हिमांशी शर्मा धर्मपत्नी अमित शर्मा निवासी फ्लैट 301, प्लॉट 11, द्वितीय फ्लोर, वृंदावन विहार, डीसीएम, अजमेर रोड, जयपुर

मैंने अपना नाम राजीव कुमार शर्मा से बदल कर राजीव शर्मा पुत्र श्री हरीश शर्मा निवासी-151, हरी विला, देवधारा कॉलोनी, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम एवं पते से पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम रिंकी कुमारी शर्मा से बदलकर रिंकी शर्मा पत्नी श्री राजीव शर्मा निवासी-151, हरी विला, देवधारा कॉलोनी, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे इसी नाम एवं पते से पहचाना जावें।

**विवाद्यको के स्थिरीकरण के लिये समन**
**(आर्डर 5 रूल 1 व 5 जाप्ता दीवानी)**
अज अदालत श्रीमान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय, मुण्डावर
**दावा-** महावीर प्रसाद बनाम सुरेन्द्र वगै0
दावा-तकमील मुआयदा
मु.नं. 09/2022

1. प्रदीप कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री बसन्त कुमार शर्मा निवासी ए-152, मालवीय नगर जयपुर राज.

हरगाह की मुदईयान ने आपके खिलाफ एक दावा तमकील मुआयदा का अदालत में दायर किया हुआ है लिहाजा आपको बजरीये इस तहरीर व दबाव देही के लिये तारीख 16.03.2023 को दिन के 10.00 बजे अदालत में असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो मुकदमें से वाकिफ हो वमुकदमें से संबंधित सभी प्रश्नों काजवाब दे सके, हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है, और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमला दस्तावेजात अपनी जवाब देही की ताईद में पेश करना चाहे तो पेश करें।

आगाह रहे कि अगर आप न्यायालय में हाजिर नहीं हुये तो दावा आपकी गैर हाजरी में सुना व फैसला किया जायेगा वयह सम्मन मेरे दस्तखत व मोहर के साथ अदालत ने आज तारीख 06.02.2023 को जारी किया गया है।

मोहर अदालत — न्यायालय अपर जिला एवं सेंशन न्यायाधीश महोदय मुण्डावर अलवर

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 755/23
**विषय-** उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
**नाम** प्रार्थी पूर्वा नागर पत्नी अंकुर भट्ट जाति ब्राह्मण
**विवाद** स्थान 102, शास्त्री नगर मन्नाका रोड, अलवर हाल एस-22, मंगल मार्ग, बापू नगर, जयपुर।
**मृतक** अंकुर भट्ट की सम्पत्ति के विषय में।
**पेशी** दिनांक- 17.03.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अंकुर भट्ट पुत्र लोकेश कुमार भट्ट जाति ब्राह्मण निवासी 102, शास्त्रीनगर मन्नाका रोड, अलवर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 17 माह 03 सन 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 22 माह 02 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

प्रार्थीया ने मृतक अंकुर भट्ट के प्रा. पत्र में वर्णित पीपीएफ व बचत खाते में जमा राशि व शेयर्स सर्टिफिकेट बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहा है।

उद्घोषणा की प्रतियाँ, न्यायालय के सहायक परिसेवी को भेजकर निर्देश दिया जाता है कि एक प्रति मृतक निवास स्थान पर दूसरी प्रति निवास स्थान के सार्वजनिक दृश्य स्थान पर ढोल बजाकर, तीसरी प्रति न्यायालय के सूचना पट्ट पर चस्पा की जाकर चतुर्थ प्रति पर, तामिली रिपोर्ट अंकित कर पेशी के पूर्व वापिस लौटाई जावें।

मोहर अदालत — आज्ञा न्यायालय से वरिष्ठ मुंसरिम, जिला एवं सैशन न्यायालय जयपुर महानगर-प्रथम

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक-16272 दिनांक-01.03.2023
**जाहिर आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल की STATE SERVICES RESIDENCY SCHEME सेक्टर-19, प्रताप नगर सांगानेर योजना में फ्लैट/आवास आवंटन लॉटरी दिनांक 23.12.2022 को फ्लैट संख्या SS/B-7/101 (I-F) का आवंटन श्रीमती उषा कपूर पत्नी श्री सोम प्रकाश कपूर एवं श्री मनीष कपूर पुत्र श्री सोम प्रकाश कपूर को किया जाकर आरक्षण पत्र क्रमांक 14302 दिनांक 20.01.2023 से जारी किया गया। श्रीमती उषा कपूर की मृत्यु दिनांक 30.12.2022 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री मनीष कपूर पुत्र श्री सोम प्रकाश कपूर द्वारा उक्त फ्लैट को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त फ्लैट का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्री मनीष कपूर पुत्र श्री सोम प्रकाश कपूर का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
**सम्पदा प्रबंधक, राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर**

राजस्थान सरकार
**कार्यालय प्रबन्धक, सर्किट हाउस, भरतपुर ( राज. )**
क्रमांक:वि.ब.भ./875 दिनांक: 01.03.2023

**खुली बोली आमंत्रण सूचना**

सर्किट हाउस, भरतपुर में जॉब-बेसिस पर स्वागतकर्ता/रिसेप्शनिस्ट का सेवा कार्य कुल लागत रूपये 9.60 लाख उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्ठ पंजीकृत निविदादाता/संवेदकों/फर्मों से प्रतियोगी निविदाऐं तकनीकी एवं वित्तीय दिनांक 13.03.2023 को अपरांह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्न कोड से देखी जा सकती है।

NIB CODE- CBH2223A0011
UBN No.- CBH2223SSOB00010

**प्रबन्धक**
**सर्किट हाउस, भरतपुर**

राजस्थान सरकार
**कार्यालय उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग राजस्थान भरतपुर**
क्रमांक: 903-06 दिनांक: 28.02.2023

**खुली बोली आमंत्रण सूचना**

इस कार्यालय के नियन्त्राधीन संचालित 18 आयुष हैल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के उपयोगार्थ 13 आईटम (संलग्न सूची अनुसार) नियम 43 (10) के तहत समय अभाव के कारण एवं सामग्री की आवश्यकता होने से क्रय हेतु खुली बोली में भाग लेने हेतु कोई भी इच्छुक बोलीदाता निर्माता/विक्रेता सहकारी समिति संघ स्वयं सहायता समूह पंजीकृत व्यवसायियो अथवा सप्लायर्स खुदरा एवं थोक विक्रेता इत्यादि से दिनांक 10.03.23 तक दोपहर 2 बजे तक सीलबन्द लिफाफ में बोलियां आमंत्रित की जानी है प्राप्त निविदाए उसी दिवस दिनांक 10.03.23 को तीन बजे खोली जावेगी।

| | विवरण | अनुमानित मूल्य | बोली फार्म शुल्क | अमानत राशि | बोली फर्म विक्रय हेतु उपलब्ध | बोली फर्म भरकर प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18 आयुष हैल्थ एण्ड वेलनस सेन्टर हेतु उपयोगार्थ 13 आईटम संलग्न सूची अनुसार | 627400/- | 500/- | 12600 | 2.03.2023 से 09.03.2023 | 10.03.2023 |

1. बोली से सम्बन्धित शेष विस्तृत विवरण वेवसाईट Sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. बोली फार्म Online Download कर भरकर प्रस्तुत किया जा सकता है लेकिन ऐसे आवेदन पत्रो के साथ करे रू. 500/- मात्र का फार्म शुल्क जरिए डिमान्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग भरतपुर के नाम (Payabe at Bharatpur) संलग्न करना होगा दी जाने वाली दरें समस्त करों/प्रभारों सहित एवं भरतपुर के AHWC सेन्टरर्स 18 पर आपूर्ति/पहुचाने के खर्च सहित (FOR) प्रस्तुत करें। इसपेसी फिकेशन विवरण के साथ संलग्न है।

NIB-AYU2223A0170
UBN-AYU2223GS0B00165

( महेन्द्र कुमार गुप्ता )
उपनिदेशक
आयुर्वेद विभाग भरतपुर

## संक्षिप्त

### चयनित बच्चों को सम्मानित किया

**पावटा, (निसं)।** अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2023 में राजश्री इंटरनेशनल स्कूल प्रागपुरा, पावटा के कुल 53 बच्चों ने सफलता हासिल की है। रिजल्ट से संस्था के सभी शिक्षक एवं छात्र सहित चयनित छात्रों के अभिभावकों में खुशी की लहर है। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सरदारमल यादव के मुख्य आतिथ्य व पूर्व सरपंच लाडाकाबास मदन यादव की अध्यक्षता एवं डॉ. सुरेन्द्र यादव, निदेशक राजेन्द्र प्रसाद यादव, उपनिदेशक सुनिल कुमार, आशीष मीणा मैनेजर सेंट्रल बैंक पावटा के विशिष्ट आतिथ्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सैनिक स्कूल में 53 बच्चे क्वालीफाई होने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

### दो माह में 700 वाहनों के चालान काटे

**मालपुरा, (निसं)।** यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों पर कार्यवाही को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश व एएसपी राकेश कुमार बैरवा एवं डीवाईएसपी सुशील मान सहित थानाधिकारी भूराराम खिलेरी के निर्देशन में यातायात पुलिस टीम प्रभारी श्रीराम चौधरी व उनकी टीम ने जनवरी व फरवरी 2023 माह में 700 लापरवाह वाहन चालकों के चालान काट 1 लाख 26 हजार 900 रूपये का जूर्माना राशि वसूली। यातायात नियमो की पालना को लेकर अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी

**दूदू, (निसं)।** राजस्थान अधिवक्ता संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर सभी न्यायालयों में न्यायिक कार्य का बहिष्कार अनिश्चितकालीन समय के लिए आज भी जारी रहा। महासचिव इमरान खान मंसूरी ने बताया कि अधिवक्ता संयुक्त संघर्ष समिति राजस्थान की रुपरेखा अनुसार अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग को लेकर न्यायालय परिसर में सद्बुद्धि यज्ञ किया। अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि 2 को सभा का आयोजन किया जाएगा।

# शहर में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर से आमजन परेशान

## ईओ मनीषा यादव ने अस्थाई डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में डंपिंग यार्ड के लिए जगह की कमी के चलते करीब 20 दिन से कचरा उठाव नहीं होने से जगह-जगह पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नगरपालिका की ओर से यहां सफाई करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। आलम यह है कि कूड़े-करकट के ढेर के कारण वहां पर बेसहारा पशुओं का डेरा लग रहा है जो कि वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का कारण है। इसके अलावा जगह-जगह लगे हुए कचरे के ढेर शहर की सुंदरता को प्रभावित कर रहे हैं। शहर में लगे गंदगी के ढेरों के कारण लोगों का जीना दूभर होग गया है, जिन दुकानों व घरों के पास गंदगी के ढेर लगे हुए हैं उनको हर समय बदबू के कारण नर्क भरी जिंदगी जीने को मजबूर होना पड़ा रहा है। वहीं बुधवार को पालिका ईओ मनीषा यादव व जेईएन रतन गुर्जर ने गौ सेवकों व पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल के साथ अस्थाई डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया। वहीं एसडीएम व तहसीलदार से चर्चा कर स्थाई डंपिंग यार्ड के लिए जगह चिंहित करने की बात कही। तब तक गोपाल भैया मंदिर से कुछ दूरी पर 10 दिन तक गड्ढों में कचरा डालने पर सहमति बनी।

■ डंपिंग यार्ड के लिए जगह नहीं मिलने पर 20 दिन से कचरा उठाव नहीं हो रहा



**पालिका ईओ मनीषा यादव (दाएं से दूसरे) ने गौ सेवकों व पूर्व सरपंच प्रतिनिधि गोपाल अग्रवाल के साथ अस्थाई डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया।**

## अभिभाषक संघ ने प्रदर्शन किया

**निवाई, (निसं)।** अभिभाषक संघ के तत्वावधान में मांगों को लेकर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करके अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर में रामधुनी व हनुमान चालीसा का पाठ करके प्रदर्शन किया।

अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रामअवतार शर्मा व एडवोकेट बनवारीलाल यादव ने बताया कि जोधपुर के सीनियर वकील जुगराज सिंह चौहान की सरेआम सडक पर निर्मम हत्या कर देने, श्रीकरणपुर, श्रीगंगानगर के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्रपाल सिंह ने तहसीलदार के अत्याचारों और भ्रष्टाचार से तंग आकर आत्महत्या करने के मामले को लेकर बुधवार को न्यायालय परिसर में रामधुनी व हनुमान चालीसा का पाठ करके प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार को तुरंत प्रभाव से राज्य में अधिवक्ता सुरक्षा एक्ट लागू करने व आरोपियों फांसी देने, पीडित परिवार को आर्थिक सहायता व नौकरी देने तथा निवाई कोर्ट परिसर में तत्काल वकीलों की सुरक्षा अर्थ हेतु पुलिस जाब्ता तैनात करने, एसडीएम का ट्रांसफर करने की मांग की गई। इस अवसर पर एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी, पुरुषोत्तम शर्मा सहित अधिवक्ता मौजूद थे।

## बाइक रिपेयरिंग की दुकान में आग लगी

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के रेलवे स्टेशन रोड पर सालासर मोटरसाइकिल रिपेयर की दुकान में अचानक आग लग गई।

■ पार्ट्स सहित 10 बाईकें जलकर हुई राख

दुकान के शटर के अंदर से आग की लपटें देखकर लोगों ने स्थानीय पुलिस तथा नगरपालिका को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर थानाधिकारी प्रकाश सिंह राठौड़ मय जाप्ते के साथ पहुंचे। थाना अधिकारी ने तत्काल विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सूचना देकर शहर की सप्लाई बंद करवाई। श्रीमाधोपुर रींगस से अग्निशमन पहुंचती जब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था जिससे उसके पास जाने की कोई जहमत नहीं उठा पा रहा था। श्रीमाधोपुर रींगस अग्निशमन तथा निजी पानी के 4 टैंकरों से करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार सालासर मोटरसाइकिल रिपेयरिंग तथा पार्ट्स की दुकान अशोक सैनी तथा विक्रम कलवानियां ने रेलवे स्टेशन से महज कुछ दूरी पर कर रखी है। जिसमें अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण दुकान में रखी करीब आधा दर्जन से अधिक ग्राहकों की मोटरसाइकिल जलकर राख हो गई वहीं पार्ट्स का सामान भी पूरा जलकर राख हो गया। आग लगने से दुकान मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है जिसमें करीब 4 से 5 लाख के पार्ट्स तथा दुकान में सही होने वाली ग्राहकों की खड़ी 10 बाईकें जल गई।

आग लगने की सूचना के बाद शहर की विधुत सप्लाई करीब पौन घंटे बाद सुचारू हो सकी।

# एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने की मांग

**दौसा, (निसं)।** जिला बार एसोसिएशन द्वारा बुधवार को न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए सद्बुद्धि यज्ञ किया।

प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने की मांग को लेकर दौसा बार एसोसिएशन द्वारा न्यायिक कार्यों का बुधवार को भी बहिष्कार जारी रखा। इसके चलते जिले भर में न्यायिक कार्य पूरी तरह बन्द रहा। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि विगत कई दिनों से प्रदेश के वकील सरकार के समक्ष एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस ओर सरकार का ध्यान आकर्षण करने के लिए बुधवार को न्यायालय परिसर में दौसा बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों सदस्यों द्वारा एक साथ बैठकर सद्बुद्धि यज्ञ किया। इस आंदोलन को और तेज करने पर रणनीति बनाई गई। इस दौरान बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष एडवोकेट महावीर डोई उपाध्यक्ष एडवोकेट रमेश शर्मा महासचिव एडवोकेट जितेंद्र कुमार मुद्गल प्रवक्ता लोकेश शर्मा कोषाध्यक्ष गुड्डू सिंह चौहान नीलम शर्मा जिला मंत्री विष्णु गौतम आदि बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



**दौसा जिला न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सद्बुद्धि यज्ञ किया।**

# ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारी पर आंतक फैलाने का आरोप लगाया

**देवली, (निसं)।** मालेडा ग्राम पंचायत के कई ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचकर गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

मालेड़ा गांव में आतंक फैलाने का पुलिस अधिकारी पर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को गृह मंत्री के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि मालेडा ग्राम क्षेत्र में भू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हो पा रही है। मालपुरा थाने में तैनात एसआई रामनारायण गुर्जर ने मालेड़ा गांव में अपनी वर्दी का रौब दिखाकर आतंक फैला रखा है। तो वहीं एएसआई रामनारायण गुर्जर और महेंद्र गुर्जर, प्रहलाद धाकड़, रामकरण गुर्जर सहित 30 से 40 व्यक्तियों के साथ मिलकर गांव में खुलेआम हथियार लेकर घूमते हैं। ज्ञापन में यह भी बताया कि उक्त सभी लोग अवैध बजरी के कारोबार में पूरी तरह सक्रिय बने हुए हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि उक्त रामनारायण गुर्जर मालपुरा थाने में पुलिस अधिकारी पद पर तैनात है तथा महेंद्र गुर्जर देवली थाने का हिस्ट्रीशीटर है। इन व्यक्ति के सहयोग से क्षेत्र में अपराधी और भूमाफिया लोग पनप रहे हैं। वहीं उक्त लोगों से मालेड़ा गांव के गोपाल लाल पुत्र रघुनाथ गुर्जर उसके पुत्र प्रेम राज गुर्जर काफी डरे सहमे हुए हैं। इसको लेकर गोपाल लाल पुत्र रघुनाथ गुर्जर ने उक्त लोगों के विरुद्ध पुलिस थाना में शिकायत दी थी । परंतु उक्त लोगों के विरुद्ध किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं हुई । जिससे इन लोगों के हौसले बुलंद हो गए हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन में चेतावनी दी है कि अगर उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई नही की गई तो आंदोलन किया जाएगा। उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रेम राज गुर्जर, गोपाल गुर्जर, राम देवनारायण जसवंत मीणा उमा पटेल गोकुल राम हरिराम सीताराम जगदीश राम लाल बैरवा बद्री लाल मीणा राम सिंह मीणा हंसराज राजेंद्र मीणा गोपाल बेरवा लक्ष्मण राम बंसीलाल अजीत कहार नाथू मीणा सहित तीन दर्जन ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वकीलों ने सुन्दर काण्ड का पाठ किया

**मालपुरा, (निसं)।** अभिभाषक संघ मालपुरा ने बुधवार को राज्य सरकार को सद्बुद्धि के लिए कोर्ट परिसर में सामुहिक सुन्दर काण्ड के पाठ किये। एडवोकेट रघुवीर सिंह ने बताया कि जोधपुर में अधिवक्ता की सरेआम की गई हत्या से देशभर के वकीलों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। संगठन के प्रदेशव्यापी आव्हान पर राजस्थान में न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की मांग को लेकर किया जा रहा आंदोलन बुधवार को दसवें दिन भी जारी रहा। वकीलों ने न्यायिक कार्य स्थगित कर कोर्ट परिसर में ही हनुमानजी के चित्र के समक्ष सामुहिक सुन्दर काण्ड के पाठ कर सरकार को सद्बुद्धि की कामना की।

# छात्रों ने विदाई समारोह में नगद राशि भेंट की

**मंडावरी, (निसं)।** पट्टी किशोरपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को आयोजित हुए विदाई समारोह कार्यक्रम में सीनियर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय विकास के लिए नगद राशि देकर अनूठी मिसाल पेश की है।

सीनियर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से 51 सौ रुपए की राशि विद्यालय विकास के लिए प्रदान की गई।

इस विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियां भी दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य जुगल किशोर बोरा एसडीएमसी संरक्षक हरिप्रसाद शर्मा रामस्वरूप मीणा मुकेश लाल मीणा व्याख्याता नरेंद्र मीणा व्याख्याता कमलेश कुमार वर्मा वरिष्ठ अध्यापक राकेश कुमार बेनीवाल राकेश कुमार सैनी राजेश कुमार गुर्जर कुंभाराम मीणा हरिप्रसाद मीणा बाबूलाल शर्मा रामस्वरूप रेगर निकिता शर्मा आदि विद्यालय परिवार के लोग एवं छात्र छात्राएं आम नागरिक मौजूद रहे।

संभवत यह सिर्फ सेकेंडरी छात्र स्तर के बालकों का पहला मामला होगा जब उनके द्वारा राजकीय विद्यालय में अपने विद्यालय के विकास के लिए खुद के स्तर पर नकद राशि एकत्र कर विद्यालय को समर्पित की होगी।

## कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**मालपुरा, (निसं)।** टोंक जिला कबड्डी संघ शाखा मालपुरा के तत्वावधान में दो दिवसीय सीनियर पुरूष व महिला जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ बुधवार को टोडारोड सैयद क्लब मैदान में हुआ। कबड्डी संघ के जिला सचिव ईमामुदीन खां, अध्यक्ष नोशाद अली ने अतिथियों के साथ प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्रतियोगिता में 8 व 6 महिलाओं की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता म उत्कर्ष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियो का चयन जिला स्तरीय टीम के लिए किया जायेगा। इस दौरान कोषाध्यक्ष अब्दुल रब नकवी, शहजाद अली, गोपाल स्वामी, नन्दलाल योगी, मो. कासीम, तोसिफ अहमद, आरिफ अली पीटीआई, अकलीम मो., मो. शाहिद, इकराम अली पीटीआई आदि ने खिलाडियो का उत्यावर्धन किया।

## युवक को गिरफ्तार किया

**फागी, (निसं)।** थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सी. आर. पी. सी. 151 के तहत बुधवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भंवर लाल वैश्णव ने बताया कि गैंगस्टर रीतिक बॉक्सर को सोशल मीडिया पर फोलो करने वाले नवयुवक नरसी सिंहाग पुत्र गणेश चौधरी जाट निवासी मोरडी थाना फागी को गिरफ्तार किया है।

## वाहन चालक ने फांसी लगाई

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय कृषि उपज मंडी स्थित रेस्ट हाउस में गत रात्रि एसडीएम के सरकारी वाहन के चालक मुकेश कुमार मीणा द्वारा संदिग्ध अवस्था में खुद के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। लालसोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं कमरे से एसडीएम के वाहन चालक के शव को उतार कर जिला चिकित्सालय पहुंचाया चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित करने के बाद पुलिस द्वारा वाहन चालक के शव को मोर्चरी में रखवाया गया। घटना की जानकारी मृतक चालक के परिवार जनों को देने के बाद मौके पर पहुंचे मृतक चालक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। मृतक एसडीएम के सरकारी वाहन का चालक मुकेश कुमार मीणा रेटा ग्राम का रहने वाला था।

## छात्रों का सम्मान

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** नीमराना कस्बे के देहली 99 एकेडमी नीमराना के कुल 11 छात्र- छात्राओं में से 9 छात्र छात्राओं का केंद्रीय सैनिक स्कूल की आयोजित परीक्षा में चयन होने पर संस्था निदेशक प्रेम कुमार एवं मुख्य अतिथि अभिषेक शर्मा प्राचार्य सेंट मार्ग्रेट इंजीनियरिंग कॉलेज नीमराना तथा एकेडमी स्टाफ द्वारा चयनित छात्र छात्राओं का फूलों की माला पहनाकर स्वागत सम्मान कर उत्साहवर्धन किया गया।

## जाट महाकुम्भ के लिए पीले चावल बांटे

**कोटपूतली, (निसं)।** जयपुर में 5 मार्च को जाट महाकुम्भ का आयोजन किया जायेगा। जाट महाकुंभ को ऐतिहासिक बनाने के लिए राजस्थान जाट महासभा पूरी तरह से प्रयास कर रही है।

जाट महाकुंभ की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। इसी को लेकर राजस्थान जाट महासभा की महिला पदाधिकारियों ने बुधवार को कोटपूतली पहुंचकर समाज के गणमान्य लोगों से मुलाकात एवं संवाद बैठक की। उन्होंने पीले चावल वितरित कर विद्याधर नगर स्टेडियम में आगामी 05 मार्च को आयोजित होने वाले जाट महाकुंभ के लिए आमंत्रित किया। राजस्थान जाट महासभा के जिला अध्यक्ष एड. मनोज चौधरी ने बताया कि कोटपूतली से हजारों की संख्या में समाज के लोग महाकुंभ में शामिल होंगे। इसके लिए अलग-अलग गांवों से टीम का गठन कर जाट महाकुंभ को सफल बनाने के प्रयास किए जा रहे है। राजस्थान जाट महासभा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष एड. रचना मान ने कोटपूतली क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोगों को जाट महाकुंभ में आने का न्यौता दिया।

# कलेक्टर ने शिशु चिकित्सालय व सआदत अस्पताल का निरीक्षण किया

**टोंक, (निसं)।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बुधवार को मातृ एवं शिशु चिकित्सालय (एमसीएच) और सआदत अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एमसीएच में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मरीजों को सोनाग्राफी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जिस पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में भीड़-भाड़ और अव्यवस्थाओं पर असंतोष जताते हुए प्रमुख चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ) डॉ. बी एल मीणा को एक ओपीडी काउंटर बढ़ाने का निर्देश दिया। अभी यहां दो ओपीडी और एक आईपीडी काउंटर चल रहे हैं। एमसीएच में लैब टेक्नीशियन की कमी के कारण सैंपल लेने के लिए एक ही कार्मिक था, इसलिए जिला कलेक्टर ने सैंपल लेने के काम में दो नर्सिंग छात्रों को लगाकर तीन सैंपल काउंटर शुरू कराए। उन्होंने पीएमओ को दो डीडीसी शुरू करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सोनोग्राफी में 15 दिन की लंबी वेटिंग को लेकर संबंधित डॉक्टरों के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होंने पाया कि सोनोग्राफी करने वाला डॉक्टर बिना छुट्टी स्वीकृत कराए ही 15 दिन से छुट्टी पर है। जिला कलेक्टर ने डॉक्टर को छुट्टी से वापस बुलाया। जिला कलेक्टर ने सआदत अस्पताल में भी ओपीडी काउंटर बढाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां लैब टेक्नीशियन की कमी है, जिसकी वजह से जांचों में ज्यादा समय लग रहा है। ऐसे में फील्ड से 5-6 लैब टेक्नीशियन को इस पीक सीजन में इन अस्पतालों में लगाने के प्रयास किए जाएंगे। नर्सिंग स्टाफ की कमी दूर करने के लिए भी फील्ड से नर्सिंग स्टाफ को लगाया जाएगा।

■ सोनोग्राफी के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करवाने पर अस्पताल के डॉक्टरों के प्रति नाराजगी जताई

उन्होंने कहा कि अस्पताल के नियमों के मुताबिक आरएमआरएस की अधिकतम 20 फीसदी धनराशि ही कर्मचारियों पर खर्च की जा सकती है। एमसीएच और सआदत अस्पताल में 20 फीसदी की सीमा पहले ही पार हो चुकी है। पिछले साल निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मचारियों की तादाद में काफी बढोतरी की गई थी। इन दोनों अस्पतालों में सिविल डिफेंस के करीब 10 लोगों को लगाया जाएगा, जिन्हें आवारा पशुओं का अस्पताल परिसर में प्रवेश रोकने और पार्किंग की व्यवस्था संभालने का काम दिया जाएगा।



**जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल (दाएं) ने मातृ एवं शिशु चिकित्सालय और सआदत अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**

## स्कूल विकास के लिए 51 हजार रुपये दिए

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बांसड़ा में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग आचार्य विजय सेवक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप पाटिल प्रतिपक्ष नेता पार्षद उमेश यादव सीबीईओ भारत भूषण ईओ महेश गुर्जर सहित अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के बालक बालिकाओं ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया और अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी।

विद्यालय विकास में सहयोग करने वाले भामाशाहों का विद्यालय स्टाफ की ओर से सम्मान किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य सूरत सिंह खेरिया ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़कर विद्यालय के बढ़ते कदम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यालय विकास के लिए स्टाफ की ओर से 51 हजार रुपए दिए जाने की घोषणा की।

## सार-समाचार

### भाजपा महिला मोर्चा की बैठक



**कोटपूतली, (निसं)।** युवा विरोधी कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट नीतियों एवं युवाओं के भविष्य को अन्धकारमय बनाने के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा आक्रोश महाप्रदर्शन कर 4 मार्च को विधानसभा घेराव करेगा। इसकी तैयारी को लेकर भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जयश्री गर्ग ने भाजपा नगर मण्डल कार्यालय पर महिला मोर्चा जिला जयपुर देहात उत्तर की बैठक ली। उन्होंने बैठक में महिलाओं को सम्बोधित करते हुए आगामी 4 मार्च को ज्यादा से ज्यादा संख्या में जयपुर विधानसभा घेराव में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर बेरोजगार नौजवानों की आवाज को बुलंद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र में किसानों के कर्ज माफ करने का वादा आज तक पूरा नहीं किया गया। बेरोजगारों को भत्ता देने का वादा भी कांग्रेस सरकार पूरा नहीं कर पाई। जिसके विरोध में एवं युवाओं को न्याय दिलाने के लिए आगामी 04 मार्च को विधानसभा घेराव किया जायेगा। इस दौरान नगर मण्डल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आरती सिंह, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष उषा मित्तल, विराटनगर मण्डल अध्यक्ष सीमा सैनी, बाणगंगा मंडल अध्यक्ष शर्मिला सैन, सरोज गोयल, सुनीता अग्रवाल, शीला अग्रवाल, बीना गोयल, संगीता सोलंकी, रूक्मणी देवी, नीतू नायक, आशा पंजाबी, प्रिया मित्तल, कोटपूतली दक्षिण मण्डल महामंत्री गायत्री देवी समेत महिला मोर्चा पदाधिकारी, सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मुस्लिम महासभा ने ज्ञापन सौंपा

**चाकसू, (निसं)।** मुस्लिम महासभा के प्रदेश प्रभारी इकबाल भाटी के नेतृत्व में राजस्थान के भरतपुर जिले के रहने वाले नासिर और जुनैद की हरियाणा के फिरोजपुर झिरका नामक स्थान पर बोलेरो गाड़ी में जिंदा जलाकर बर्बर हत्या करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर एसडीएम के द्वारा राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे सरकार से मांग की गई है की नासिर पर जुनैद के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि भविष्य में किसी और अपराधी का ऐसा जुर्म करने का साहस पैदा ना हो। इस अवसर पर मुस्लिम महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी शफीक भाई, प्रदेश महासचिव मिर्जा वासिद बैग, एडवोकेट तैयब आलम, मौलाना इमरान भाई, कोकल भाई, मीडिया प्रभारी फकरुदीन खान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### प्रधानाचार्य वाकपीठ संगोष्ठी

**देवली, (निसं)।** बुधवार को नगर पालिका के सभागार में ब्लॉक देवली के सत्रांत प्रधानाचार्य वाकपीठ संगोष्ठी के प्रथम सत्र का आयोजन किया गया। जानकारी में बताया कि प्रधानाचार्य संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पंचायत समिति के प्रधान गणेश राम जाट और पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन रहे। इस मौके पर नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ,शिक्षाविद सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक पारस चन्द जैन शिक्षाविद, सेवानिवृत्त उपनिदेशक महोदय सत्येंद्र व्यास, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोतीलाल ठागरिया, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राम राय मीणा, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रधान मीणा आदि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक पारस जैन प्रधानाचार्यो को संबोधित करते हुए कहा कि आज बालकों के सर्वांगीण विकास की आवश्यकता है अतः सभी को बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

### विधायक ने सड़क का शिलान्यास किया

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत रेनवाल सड़क पुलिस थाने के पीछे कालाडेरा से गैस एजेंसी रीको तक सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास विधायक रामलाल शर्मा और गोविन्दगढ़ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव ने किया। आयोजित शिलान्यास समारोह में पधारे विधायक रामलाल शर्मा, गोविन्दगढ़ पंचायत समिति प्रधान रामस्वरूप यादव सहित जनप्रतिनिधियों का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। उक्त सड़क का निर्माण कार्य 40 लाख की लागत से होगा। जिसकी लंबाई 1.5 किमी है। विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि उक्त सड़क निर्माण की ग्रामवासियों द्वारा माँग की गई थी जिसका आज शिलान्यास किया गया है, जल्द ही ये सड़क बनकर तैयार हो जाएगी।

### श्वेता को डॉक्टरेट की उपाधि मिली

**निवाई, (निसं)।** डॉ. के एन मोदी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह मुख्यालय में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा शिक्षिका श्वेता नागर को डॉक्टरेट की उपाधि से नवाजा गया। बता दें श्वेता नागर गत तीन वर्षों से हिंदी साहित्य में भक्ति संवेदना में मीरा की आध्यात्मिक छवि पर अपना शोध कार्य कर किया। जिसको लेकर इस दीक्षांत समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के मुख्य अतिथ्य एवं भारत के मोदी फाउंडेशन के चेयरपर्सन डॉ मोदी की अध्यक्षता में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की होनहार अध्यापिका श्वेता नागर को भी डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। उनकी अनुपम उपलब्धि पर उनके परिवारजन, समाजजन सहित सभी गौरान्वित महसूस कर रहे है।

### वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** बाबा खेतानाथ महिला विद्यापीठ भीटेडा में बुधवार को आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस जगरूप सिंह यादव, आर ए एस सुनीता यादव, डॉक्टर जयपाल यादव तथा पूर्व सांसद डॉक्टर करण सिंह यादव निदेशक के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विद्यापीठ के स्टाफ द्वारा मुख्य अतिथियों तथा प्रतिभाओं और भामाशाहों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक डॉक्टर करण सिंह यादव द्वारा समीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विद्यापीठ की उपलब्धियों से अवगत कराने के साथ ही अतिथियों एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

### दिव्यांग सहायता शिविर आज से

**बौंली, (निसं)।** गोयल परिवार बौंली के तत्वावधान में निवाई रोड स्थित जगत शिरोमणि सेवा संस्थान के प्रांगण में 2 मार्च से तीन दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर आयोजित किया जाएगा। पूर्व सरपंच एवं शिविर प्रभारी राजेश गोयल ने बताया कि दिवंगत गोयल परिवार के बुजुर्गों की पुण्य स्मृति में निशुल्क विशाल दिव्यांग शिविर 2 मार्च से 4 मार्च तक आयोजित किया जाएगा जिसमें भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर द्वारा प्रातः 10: से सांय 5: तक जांच कर जयपुर फुट, कैलीपर्स, ट्राई साइकिल, कान की मशीन, वैशाखी, ब्लाइंडस्टिक,व व्हीलचेयर का निशुल्क वितरण होगा।

### बाबा श्याम के जागरण में गूंजे जयकारे

**खैरथल, (निसं)।** पुरानी अनाज मंडी के पीछे पुरानी टेलीफोन एक्सचेंज के पास आयोजित खाटूश्यामजी के रात्रि जागरण में गायक कलाकारों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और कब सुबह हो गई पता ही नहीं चला। बाहरी कलाकारों के अलावा स्थानीय गायकों ने भी अलवर से आए आर्केस्ट्रा ग्रुप के साथ बाबा श्याम का गुणगान किया। श्रंगार और छप्पन भोग इत्र वर्षा भी आकर्षक रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद मोहनलाल शर्मा, त्रिलोक शर्मा, गोपाल शर्मा, महेश शर्मा आदि भक्तों ने व्यवस्थाओं को मिलकर संचालित किया।

### श्याम बाबा के जागरण में भक्त झूमे

**मनोहरपुर, (निसं)।** श्री श्याम मित्र मंडल उदावला के तत्वावधान में ग्राम पंचायत उदावाला में श्री श्याम जागरण का शुभारंभ महाराज रघुनंदन दास व दिनेश जोशी के द्वारा आरती वंदना के साथ शुरू हुआ। इसके बाद में राजस्थान प्रदेश के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा सम्पूर्ण रात्रि तक श्री श्याम बाबा की मान मनुहार की गई। गणेश वंदना से भजनों की शुरुआत हुई इसके बाद में एक से बढकर एक भजन सुनाकर व भजनों के साथ साथ एक से बढ़कर एक कला (करतब) दिखाकर भक्तों को ख़ुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य मनीष यादव का ग्रामीणों ने स्वागत किया।



अपने देश की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान की बात रही और मैं भाग्यशाली हूं कि मैं ने इतनी शानदार और कडी मेहनत करने वाली क्रिकेटरों की अगुआई की। यह शानदार सफर रहा जो उतार चढ़ाव से भरा रहा। लेकिन आखिर में मैं यह मौका दिए जाने के लिए अल्लाह की शुक्रगुजार हूं। **बिस्माह मारूफ**

पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान, अपने पद से इस्तीफा देते हुए




**आज का खिलाड़ी** ▶ **रविन्द्र जड़ेजा**



स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा बुधवार को कपिल देव के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 500 विकेट लेने और 5000 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर बन गये। इस 34 वर्षीय ऑलराउंडर ने भारत और आस्ट्रेलिया के बीच यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दौरान सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को पगबाधा आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। यह टेस्ट क्रिकेट में उनका 260वां विकेट था जिससे उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में विकेटों की संख्या 500 पर पहुंच गयी। बायें हाथ के स्पिनर जडेजा ने 171 वनडे में 189 विकेट और 64 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 51 विकेट लिये हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# कुह्नेमन ने भारत को 109 पर समेटा, ख्वाजा ने कंगारुओं को बढ़त दिलाई

इंदौर, 1 मार्च ।ऑस्ट्रेलिया ने खब्बू स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन (16/5) की घातक गेंदबाजी के बाद उस्मान ख्वाजा (60) के धैर्यवान अर्द्धशतक की बदौलत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के पहले दिन बुधवार को भारत पर 47 रन की बढ़त बना ली।

मेज़बान भारत पहले बल्लेबाजी करते हुए 109 रन पर ऑलआउट हो गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट के नुकसान पर 156 रन बना लिये। पीटर हैंड्सकॉम्ब सात रन बनाकर और कैमरन ग्रीन छह रन बनाकर क्रीज़ पर मौजूद हैं।।

अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे कुह्नेमन ने भारतीय बल्लेबाजों को फिरकी में फंसाकर पांच विकेट हासिल किये। इसके अलावा नेथन लायन ने तीन विकेट चटकाये, जबकि टॉड मर्फी को एक सफलता हासिल हुई। भारत के लिये विराट कोहली ने सर्वाधिक 22 रन बनाये और शुभमन गिल ने 21 रन का योगदान दिया।

भारत के छोटे स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरे उस्मान ख्वाजा ने स्पिन के खिलाफ दर्शनीय तकनीक का इस्तेमाल करके 147 गेंद पर चार चौकों के साथ 60 रन बनाये। इसके अलावा मार्नस लाबुशेन ने 31 जबकि स्टीव स्मिथ ने 26 रन का योगदान दिया।

ऑस्ट्रेलिया जब भारत को 109 रन पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरा तो सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड नौ रन बनाकर पगबाधा आउट हो गये, हालांकि इसके बाद ख्वाजा-लाबुशेन की जोडी ने पारी को संभाल लिया। लाबुशेन को उनकी 91 गेंद की पारी में क्रमशः शून्य रन और सात रन पर दो जीवनदान भी मिले। उन्होंने इसका लाभ उठाते हुए ख्वाजा के साथ दूसरे विकेट के लिये 96 रन की साझेदारी की और भारत की बढ़त को समाप्त कर दिया। रवींद्र जडेजा ने आखिरकार लाबुशेन को बोल्ड करके यह साझेदारी समाप्त की। कुछ देर बाद ख्वाजा भी जडेजा का शिकार हो गये।

ऑस्ट्रेलिया के बढत की स्थिति में पहुंचने के बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ने कुछ अच्छे शॉट खेले। स्मिथ ने जडेजा की गेंद पर विकेटकीपर श्रीकर भरत को कैच थमाने से पहले 38 गेंद पर चार चौकों के साथ 26 रन बनाये। स्मिथ का विकेट गिरने के बाद हैंड्सकॉम्ब और ग्रीन ने स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया का कोई और नुकसान नहीं होने दिया। इससे पूर्व, भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और शुरुआती दो टेस्ट मैचों में करारी शिकस्त का स्वाद चखने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले ओवर से ही दमदार प्रदर्शन किया। मैच की पहली गेंद कप्तान रोहित शर्मा के बल्ले को छूती हुई विकेटकीपर के हाथों में गयी, हालांकि अंपायर के नॉटआउट करार देने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी डीआरएस नहीं लिया।

रोहित और गिल ने तेज़ गेंदबाज़ों के खिलाफ कुछ अच्छे शॉट खेले जिसके बाद स्टीव स्मिथ ने गेंद स्पिनरों के हवाले कर दी। कुह्नेमन ने अपने पहले ओवर में एक बाहर जाती हुई गेंद पर रोहित (12) को स्टंप आउट करवाया, जबकि दूसरे ओवर में उन्होंने गिल को स्लिप में कैचआउट करवाया। इस समय तक होल्कर स्टेडियम की पिच हरकत करने लगी और लायन ने एक अंदर स्पिन होती हुई गेंद पर चेतेश्वर पुजारा (1) को बोल्ड कर दिया। भारतीय टीम ने कुह्नेमन की लेग स्पिन को बेअसर करने के लिये रवींद्र जडेजा को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतारा लेकिन वह लायन की गेंद पर शॉर्ट कवर को कैच थमा बैठे।

तीन गेंद बाद श्रेयस अय्यर (00) कुह्नेमन का शिकार हुए। भारत के लिये इस पारी का सर्वश्रेष्ठ समय तब था जब कोहली और श्रीकर भरत क्रीज़ पर मौजूद थे। कोहली-भरत ने छठे विकेट के लिये 25 रन जोडे और दोनों ही बल्लेबाज इस दौरान सहज नज़र आये। कोहली ने अपने चुस्त फुटवर्क से कई बार स्पिन को बेअसर किया। उन्होंने कई बार आगे बढ़कर गेंद को ड्राइव किया, जबकि क्रीज़ की गहराई में जाकर लायन और कुह्नेमन को एक-एक चौका लगाया। भरत ने भी दो बार स्वीप शॉट पर भरोसा करके एक चौका और एक छक्का जड़ा।



यह जोड़ी भारत को अच्छे स्कोर तक पहुंचा सकती थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने लंच से पूर्व दोनों को पवेलियन भेज दिया। मर्फी ने कोहली (22) को 52वीं गेंद पर पगबाधा किया, जबकि भरत 30 गेंद पर 17 रन बनाकर लायन का शिकार हो गये। लंच के बाद कुह्नेमन ने रविचंद्रन अश्विन (3) और उमेश यादव (17) को आउट करके अपने पांच विकेट पूरे किये, हालांकि उमेश ने आउट होने से पूर्व 13 गेंद पर एक चौका और दो छक्के लगाये। वामहस्त हरफनमौला अक्षर पटेल 12 रन बनाकर विकेट पर सहज दिख रहे थे लेकिन मोहम्मद सिराज के रनआउट होने के कारण वह स्कोर में कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं दे सके और नाबाद

## हमारी उम्मीद से ज्यादा टर्निंग रही पिच:राठौड़

इंदौर, एक मार्च। बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के शुरूआती दिन मेजबानों के पहली पारी में 109 रन पर ढेर होने के बाद बुधवार को कहा कि भारतीय बल्लेबाजों के लिये दिन निराशाजनक रहा क्योंकि पिच उनकी उम्मीदों से कहीं ज्यादा टर्न ले रही थी। इसी पिच पर आस्ट्रेलिया ने स्टंप तक चार विकेट गंवाकर 156 रन बनाये और 47 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

खेल के पहले ही घंटे में गेंद टर्न लेने लगी जिसे कई ने पिच की प्रकृति को लेकर आलोचना थी। भारतीय टीम एक सत्र से जरा ज्यादा समय में ही आउट हो गयी जिसमें आस्ट्रेलिया के बायें हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन ने 16 रन देकर पांच विकेट झटके।

हालांकि राठौड ने कहा कि घरेलू सरजमीं पर टर्निंग पिच पर खेलना टीम का मजबूत पक्ष है। राठौड ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''यह निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण विकेट है। हमने जितनी उम्मीद की थी, यह उससे ज्यादा टर्न ले रहा है। ऐसा शायद नमी के कारण हो, गेंद सुबह में तेजी से टर्न ले रही थी। हम निश्चित रूप से इससे ज्यादा रन बना सकते थे लेकिन मुझे नहीं लगता कि किसी ने भी खराब क्रिकेट खेला। बल्लेबाजी इकाई के तौर पर बस यह हमारे लिये निराशाजनक दिन रहा। ''

टर्न लेती पिच पर खेलने के जोखिम के बारे में बात करते हुए राठौड़ ने कहा कि कभी कभार वे भी इसमें पिछड सकते हैं लेकिन यह हमेशा टीम की मजबूती रहेगा।

उन्होंने कहा, ''निश्चित रूप से बल्लेबाजी इकाई के तौर पर आप कभी कभी आउट हो सकते हो लेकिन हम अब भी टर्निंग पिच पर खेलने को तरजीह देते हैं। यह हमारी मजबूती है, बतौर इकाई हम इसमें काफी मजबूत हैं। ईमानदारी से कहूं तो यह अपनी तरह का अलग विकेट है। ''

राठौड़ ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि शुरूआती दो मैचों के विकेट खराब थे। हमने जैसी उम्मीद की थी यह शायद थोड़ा सूखा है और हमने यह देखा भी। टेस्ट मैच के पहले दिन इस पर काफी ज्यादा टर्न था, जो उम्मीद से कहीं ज्यादा था। ''

पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज ने कहा, ''क्यूरेटरों को विकेट तैयार करने के लिये बमुश्किल से समय मिला। यहां रणजी सत्र था और काफी देरी से मैच का फैसला किया गया जो धर्मशाला से यहां स्थानांतरित किया था। उन्हें काफी समय नहीं मिला। ''

राठौड को लगता है कि जैसे जैसे दिन आगे बढा होगा, विकेट आसान होता गया होगा। आस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा ने 147 गेंद में 60 रन की पारी खेली और पिच सुबह की तरह इतनी तेजी से टर्न लेती नहीं दिख रही थी।

यह पूछने पर कि क्या बल्लेबाज अपनी रणनीति से भटक गये तो उन्होंने नहीं में जवाब देते हुए कहा, ''ऐसा नहीं है। योजना अपने 'डिफेंस' पर भरोसा करने की थी और लूज गेंद का इंतजार करके ज्यादा से ज्यादा रन बटोरने की थी। यह उन दिनों में एक रहा जब आपका हर शॉट क्षेत्ररक्षकों के हाथ में चला गया। हमारे लिये दिन निराशानजक रहा। '' आस्ट्रेलिया के बढत लेने पर राठौड ने कहा, ''बढत लेना कोई बड़ा मुद्दा नहीं है क्योंकि उन्हें इस पिच पर चौथी पारी में भी बल्लेबाजी करनी होगी। अब चुनौती उन्हें कम से कम स्कोर पर समेटने की होगी।

## जायसवाल का दोहरा शतक, शेष भारत मजबूत

ग्वालियर, 1 मार्च। युवा प्रतिभावान बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (213) के दोहरे शतक और सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन (154) के दमदार शतक की बदौलत शेष भारत ने मध्य प्रदेश के खिलाफ ईरानी कप मुकाबले के पहले दिन बुधवार को तीन विकेट के नुकसान पर 381 रन बना लिये।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शेष भारत के कप्तान मयंक अग्रवाल (2) बडा योगदान नहीं दे सके, हालांकि ईश्वरन और जायसवाल पूरा दिन मध्य प्रदेश पर हावी रहे। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे जायसवाल ने 259 गेंद पर 30 चौकों और तीन छक्कों के साथ 213 रन बनाये। जयसवाल को 176 और 181 रन के स्कोर पर दो जीवनदान मिले, जिसका लाभ उठाते हुए उन्होंने 230 गेंद पर अपना दोहरा शतक पूरा किया। जायसवाल ईरानी कप में दोहरा शतक बनाने वाले 10वें बल्लेबाज हैं।।

जायसवाल का साथ देते हुए ईश्वरन ने 240 गेंद पर 17 चौकों और दो छक्कों के साथ 154 रन बनाये। जायसवाल-ईश्वन ने दूसरे विकेट के लिये 371 रन की विशाल साझेदारी की, हालांकि दिन का खेल खत्म होने से तीन ओवर पूर्व दोनों बल्लेबाज पवेलियन लौट गये।

जायसवाल को आवेश खान (51/2) ने बोल्ड किया, जबकि ईश्वरन की पारी का अंत रनआउट से हुआ। दिन का खेल खत्म होने पर सौराभ कुमार और बाबा इंद्रजीत क्रीज़ पर मौजूद रहे।

## एंडरसन को पछाड़कर अश्विन बने टेस्ट मैच में नंबर एक गेंदबाज

दुबई, 1 मार्च । भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नायाब गेंदबाजी की बदौलत नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बन गये हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैकिंग के अनुसार अश्विन 864 रेटिंग पॉइंट के साथ टेस्ट गेंदबाजों की सूची में पहले स्थान पर आ गये, जबकि पिछले हफ्ते शीर्ष पर पहुंचे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन (859) दूसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। अश्विन ने शीर्ष टेस्ट गेंदबाज बनने की उपलब्धि सबसे पहली बार 215 में हासिल की थी और उसके बाद से वह कई बार नंबर एक पर पहुंच चुके हैं।

अश्विन ने पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध दिल्ली में खेले गये दूसरे टेस्ट में कुल छह विकेट हासिल किये थे। उन्होंने पहली पारी में मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को चलता करने के बाद एलेक्स कैरी का विकेट लिया।

दूसरी पारी में उन्होंने स्मिथ और मैट रेनशॉ को आउट करने के अलावा ट्रैविस हेड का बहुमूल्य विकेट लिया था।

अश्विन ने जहां दिल्ली टेस्ट में भारत की जीत के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया, वहीं वेलिंगटन में न्यूजीलैंड के हाथों इंग्लैंड की एक रन की हार के बाद एंडरसन दूसरे पायदान पर खिसक गये।

एंडरसन ने वेलिंगटन टेस्ट की पहली पारी में तीन विकेट लिये थे हालांकि दूसरी पारी में वह एक भी सफलता हासिल नहीं कर सके।

इसी बीच, अश्विन के साथी हरफनमौल रवींद्र जडेजा ने दिल्ली टेस्ट में मैच-जिताऊ प्रदर्शन के दम पर गेंदबाजों की सूची में एक पायदान चढकर आठवें स्थान पर आ गये हैं।

जडेजा (763 रेटिंग) ने दिल्ली टेस्ट में कुल 10 विकेट चटकाये और विशेषकर दूसरी पारी में सात विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई टीम को 114 रन के स्कोर पर धराशाई किया।

जडेजा अपने निरंतर प्रदर्शन की बदौलत टेस्ट मैच में हरफनमौलाओं की सूची में 460 रेटिंग के साथ नंबर एक पर बरकरार हैं, जबकि अश्विन 375 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद हैं।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दिल्ली टेस्ट में औसत प्रदर्शन के बाद बल्लेबाजों की सूची में दो पायदान फिसलकर नौंवे स्थान पर आ गये हैं, जबकि विराट कोहली इस सूची में 17वें स्थान पर हैं।

## विश्व कप 1958 में 13 गोल करने वाले जस्ट फॉनटेन का निधन

पेरिस, 1 मार्च । विश्व कप 1958 में रिकार्ड 13 गोल करने वाले फ्रांस के महान फुटबाल खिलाड़ी जस्ट फॉनटेन का निधन हो गया है। वह 89 वर्ष के थे। फॉनटेन के पूर्व क्लब रिम्स ने बुधवार को उनके निधन की घोषणा की।

फॉनटेन स्वीडन में 1958 में खेले गए विश्व कप में छह मैचों में 13 गोल करके किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बनाया था। उन्हें तब आखिरी समय में फ्रांसीसी टीम में शामिल किया गया था।

मोरक्को में जन्में फॉनटेन को तब बहुत कम लोग जानते थे लेकिन विश्व कप के बाद प्रत्येक फुटबॉल प्रेमी की जुबान पर उनका नाम था। उन्होंने तब तीसरे स्थान के मैच में पश्चिम जर्मनी के खिलाफ चार गोल दागे थे।

विश्व कप करियर में सबसे अधिक 16 गोल करने का रिकॉर्ड जर्मनी के स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोज के नाम है, जिन्होंने चार टूर्नामेंट खेले। फॉनटेन केवल एक विश्व कप में खेले।

उन्होंने हंगरी के स्ट्राइकर सांडोर कोक्सिस के 1954 में बनाए गए 11 गोल के रिकॉर्ड को तोडा था। फॉनटेन के कुल 213 मैचों में 200 गोल किये। उन्होंने फ्रांस के लिए 21 मैचों में 30 गोल किए।

## स्मिथ, धोनी जैसे कप्तानों से बहुत कुछ सीखा: डु प्लेसिस



बेंगलुरु, 1 मार्च । दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने अपने करियर के दौरान ग्रेम स्मिथ और महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों से कप्तानी सीखने की बात कही है। डु प्लेसिस ने बुधवार को जारी आरसीबी की पॉडकास्ट में कहा, मेरे अंदर हमेशा महान कप्तानों से सीखने की चाह थी, यह (नेतृत्व) हमेशा कुछ ऐसा था जिसके बारे में मैं रोमांचित था। जब मैं शुरू में दक्षिण अफ्रीकी टीम में आया तब ग्रेम स्मिथ कप्तान थे। मुझे लगता था, वाह, जब वह बोलते हैं तो उनकी एक अद्‌भुत उपस्थिति होती है। वह बोलते समय कमरे में हावी हो जाते हैं। मैं उनसे काफी प्रभावित हुआ।

दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम में समय बिताने के बाद डु प्लेसिस 211 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिये चेन्नई सुपर किंग्स में शामिल हुए, जहां उन्हें धोनी की कप्तानी में खेलने का मौका मिला।

डु प्लेसिस ने सुपर किंग्स के साथ अपने अनुभव पर कहा, मुझे अपने करियर के शुरुआती चरण में चेन्नई जाने का अवसर मिला। स्टीफन फ्लेमिंग खेल के महान नेताओं में से एक हैं। एक अलग बात यह थी कि वह एक प्रबंधक भी थे। वह ऐसे व्यक्ति हैं, जो रिश्तों पर काम करते हैं। सुपर किंग्स में अपने पहले सीज़न के दौरान मैं उनके (फ्लेमिंग) बगल में बैठा था और उनसे सिर्फ कप्तानी और नेतृत्व के बारे में सवाल पूछे ताकि जितना हो सके उतना सीख सकूं। उसके ऊपर आप एमएस (धोनी) की कप्तानी में खेलते हैं। आपको पता लगता है कि वह कितनी चतुराई से खेल को पढते हैं। वह एक कप्तान के रूप में बेहद प्रभावशाली हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिये यह विचार सबसे जरूरी था कि मैं स्मिथ या फ्लेमिंग या धोनी नहीं बनने जा रहा। मैं जानता था कि मुझे अपने साथ सच्चा रहने के लिये मैं बनना होगा। आईपीएल 2023 आरसीबी के कप्तान के रूप में डु प्लेसिस का दूसरा सीजन होगा। आरसीबी ने पिछले साल उनकी कप्तानी में प्लेऑफ तक जगह बनायी थी और डु प्लेसिस ने भी कप्तानी प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट की 16 पारियों में 468 रन बनाये थे। डु प्लेसिस ने कहा कि आरसीबी के साथ खेलना प्रेरणादायक है और वह इस फ्रेंचाइजी के लिये कुछ खास करना चाहते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा, आरसीबी के साथ होना आपके अंदर आपकी इच्छा को रोशन करता है। हां, मैं कुछ खास करना चाहता हूं और यह मुझे एक नया उद्देश्य देता है। मैं सिर्फ खेलने के लिये नहीं खेलना चाहता। हमेशा कुछ ऐसा होता है जो मुझे पैसे से ज्यादा खेलने के लिये प्रेरित करता है। आईपीएल के इस सीजन की शुरुआत 31 मार्च को गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबले से होगी।

## बेरेटिनी मैक्सिकन ओपन में आगे बढे, अल्कारेज और नोरी हटे

एकापुल्को (मैक्सिको), 1 मार्च । माटियो बेरेटिनी ने मैक्सिकन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में एलेक्स मोलकेन के खिलाफ लगातार सात गेम जीते जिसके बाद विरोधी खिलाड़ी ने कलाई की चोट के कारण मुकाबले से हटने का फैसला किया।

इटली के 26 साल के बेरेटिनी 17 जनवरी को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में एंडी मरे के खिलाफ शिकस्त के बाद पहला मैच खेल रहे थे। बेरेटिनी ने पहला सेट 6-0 से जीता और वह दूसरे में 1-0 से आगे थे जब मोलकेन ने मुकाबले को आगे नहीं खेलने का फैसला किया। इस बीच शीर्ष वरीय कार्लोस अल्कारेज और पांचवें वरीय कैमरन नोरी ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। अल्कारेज के दाएं पैर की मांसपेशियों में ग्रेड एक का खिंचाव है।

## दुबई में जीते जोकोविच, लगातार 18वीं जीत दर्ज की

दुबई, 1 मार्च। शीर्ष रैंकिंग के खिलाडी नोवाक जोकोविच ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप में मंगलवार को यहां चेक गणराज्य के क्वालीफायर टॉमस मचेक को हराया जो ऑस्ट्रेलियाई ओपन का 10वां खिताब जीतने के बाद उनका पहला मुकाबला था।

किसी भी पुरुष या महिला खिलाडी के पेशेवर टेनिस रैंकिंग में सबसे अधिक समय शीर्ष पर रहने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के बाद जोकोविच ने पहले दौर में 6-3 3-6 7-6 से जीत दर्ज की। रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला 22वां एकल ग्रैंडस्लैम जीतने के कुछ हफ्तों बाद वापसी करते हुए जोकोविच को परेशानियों का भी सामना करना पडा। दूसरे सेट गंवाने के बाद वह तीसरे सेट में 4-1 से आगे थे लेकिन 130वें नंबर के खिलाडी मचेक वापसी करते हुए निर्णायक सेट को टाईब्रेकर में खींचने में सफल रहे। जोकोविच ने हालांकि टाईब्रेकर में उन्हें कोई मौका नहीं दिया। अगले दौर में टेलोन ग्रीक्सपूअर से खेलने वाले जोकोविच ने मौजूदा सत्र में सभी 13 मुकाबले जीते हैं। वह लगातार 18 जीत दर्ज कर चुके हैं। जोकोविच एटीपी रैंकिंग में 378 हफ्ते शीर्ष पर रह चुके हैं। उन्होंने इस तरह स्टेफी ग्राफ को पीछे छोडा जो डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 377 हफ्ते तक शीर्ष पर रहीं थी। तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने भी माटियो अर्नाल्डी को 6-4 6-2 से हराकर लगातार 10वीं जीत दर्ज की। चौथे वरीय फेलिक्स ऑगर आलियासिम ने मैक्सिम क्रेसी को 7-6 3-6 6-3 से हराया जबकि बोटिक वान डि जेंड्सशुल्प ने छठे वरीय करेन खचानोव को 7-5 6-2 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## हरमनप्रीत होंगी मुंबई इंडियंस की कप्तान

मुंबई, 1 मार्च। मुंबई इंडियंस ने बुधवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन सत्र से पहले हरमनप्रीत कौर को अपनी महिला टीम का कप्तान घोषित किया।

हाल ही में भारत के लिये अपना 150वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली हरमनप्रीत 20 साल की उम्र में पदार्पण करने के बाद से टीम की प्रमुख खिलाड़ी रही हैं। अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित हरमनप्रीत अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 3058 रन बना चुकी हैं।, जिसमें एक शतक और 10 अर्द्धशतक शामिल हैं। मुंबई इंडियन्स की सह-मालिक नीता अंबानी ने कहा, हम हरमनप्रीत को मुंबई इंडियंस की पहली महिला क्रिकेट टीम की कप्तान के रूप में पाकर रोमांचित हैं।

## धोखाधड़ी करने वाला खिलाड़ी चार साल के लिये निलंबित

नयी दिल्ली, 1 मार्च। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने त्रिपुरा के फ्रेंड्स यूनियन क्लब के खिलाड़ी आयुक जमातिया को उम्र में कथित धोखाधडी के आरोप में चार साल के लिये निलंबित कर दिया है और ढाई लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एआईएफएफ ने बुधवार को इसकी घोषणा की।

एआईएफएफ ने एक विज्ञिप्त में बताया कि उसकी अनुशासनात्मक समिति ने जमातिया को अनुशासनात्मक संहिता के अनुच्छेद 62 के तहत आयु धोखाधडी और जालसाजी का दोषी पाया है। समिति ने आदेश की तिथि से चार वर्ष की अवधि के लिये खिलाड़ीको फुटबॉल मैचों में भाग लेने से निलंबित करने का निर्णय लिया। निलंबित खिलाड़ी को 2,50,000 रुपये जुर्माना जमा करने का भी निर्देश दिया गया है।

एआईएफएफ ने विज्ञिप्त में कहा, खिलाड़ी को संहिता के अनुच्छेद 117 के संदर्भ में मौजूदा आदेश के खिलाफ अपील दायर करने का अधिकार दिया गया है।

एआईएफएफ ने बताया कि जमातिया के पास केंद्रीयकृत पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) में दो अलग-अलग जन्मतिथि वाली दो आईडी हैं और दोनों के बीच लगभग आठ साल का अंतर है। महासंघ ने आठ फरवरी को जमातिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसके जवाब में खिलाड़ीने एआईएफएफ के पास दो अलग-अलग जन्म प्रमाण पत्र जमा करने की बात स्वीकार की थी।

## श्रीलंका की मेज़बानी के लिये न्यूजीलैंड टेस्ट टीम घोषित

क्राइस्टचर्च, 1 मार्च। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने श्रीलंका के खिलाफ अगले हफ्ते से होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिये 13-सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा बुधवार को की। एनजेडसी के चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के विरुद्ध समाप्त हुई हालिया टेस्ट सीरीज से टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट में 267 रन की हार के बाद दूसरा टेस्ट एक रन से जीतकर सीरीज़ 1-1 से बराबर की थी। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हमने महसूस किया कि हमारे यहां जो 13 (खिलाडी)हैं, वे आगे बढ़ने के लिये सही हैं। मुझे लगता है कि जब आपके पास (दूसरे टेस्ट में) इस तरह की जीत हो तो आपका आत्मविश्वास बेहतर होगा।'' इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट श्रृंखला के बाद सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे की कमर में खिंचाव है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

**खुली ई- निविदा सूचना'**

मण्डल रेल प्रबन्धक इन्जीनिरिंग उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के द्वारा भारत संघ के राष्ट्रपति एवम् उनकी ओर से ई-निविदा के माध्यम से प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में निविदा निम्न कार्यो के लिए क्रमानुसार आमंत्रित की जाती है। **क्र. सं.: 1, निविदा संख्या / कार्य का नामः** इंजी./जय/2022-23/160, सहा. मं. इन्जी. बॉदीकुई- दौसा रेलवे स्टेशन पर स्थित स्टोरेज अरेन्जमेंट में प्रत्येक दिन दो लाख लीटर पीने योग्य पानी की दो साल के लिए आपूर्ति का कार्य। ( कुल मात्रा 14,60,00000) **अनुमानित लागत:** 10982120/- **बिड प्रतिभूति राशि:** 204900/- 1. उपरोक्त निविदाओं का पूर्ण विवरण वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **नोटिस बोर्ड**- मण्डल रेल प्रबन्धक (निर्माण लेखा) उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है। 2 निविदा इंजी./ जय/2022-23/160 की बन्द होने की तिथि 22.03.2023 समय 15.30 बजे एवं खुलने की तिथी 22.03.2023 समय 16.00 बजे। 212-CQ/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## त्रिकूद खिलाड़ी ऐश्वर्या पर चार साल का प्रतिबंध

नयी दिल्ली, 1 मार्च। भारत की शीर्ष त्रिकूद खिलाड़ी ऐश्वर्या बाबू को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल पर चार साल के लिए प्रतिबंधित किया है।

पच्चीस साल की ऐश्वर्या को धाविका एस धनलक्ष्मी के साथ 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से बाहर कर दिया गया था क्योंकि ये स्टेरॉयड के लिए पॉजिटिव पाए गए थे जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल था।

नाडा के अपील पैनल से 13 फरवरी को प्रतिबंध का नोटिस मिलने के बाद ऐश्वर्या के पास प्रतिबंध के खिलाफ अपील करने के लिए छह मार्च तक का समय है। ऐश्वर्या पिछले साल 13 और 14 जून को चेन्नई में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप के दौरान ओस्टेरिन के लिए पॉजिटिव पाई गई थी जो एक सिलेक्टिव एंड्रोजेन रिसेप्टर मोडुलेटर (एसआरएएम) है। ऐश्वर्या ने चैंपियनशिप में 14.14 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ त्रिकूद में स्वर्ण पदक जीता था। ऐश्वर्या को पिछले साल जुलाई में अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया गया था। नाडा ने कहा है कि ऐश्वर्या ने 'एनाबॉलिक स्टेरॉयड' का इस्तेमाल किया जो वाडा की 2022 की प्रतिबंधित सूची में शामिल है। एजेंसी ने कहा कि खिलाड़ी ने इसके इस्तेमाल के लिए उपचार के लिए छूट नहीं ली थी। ऐश्वर्या ने अपने जवाब में कहा था कि उन्होंने प्रदर्शन में सुधार के लिए कोई प्रतिबंधित पदार्थ नहीं लिया। इस खिलाड़ी ने कहा कि फरवरी 2021 में जिम में भार उठाते हुए उन्हें चोट लगी थी और उनका कंधा खिसक गया था। उन्होंने उपचार कराया और इस चोट से उबर गईं। ऐश्वर्या ने कहा कि राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप से पहले उन्होंने कडी मेहनत की जिससे उन्हें उसी स्थान (कंधे) पर दोबारा परेशानी का सामना करना पडा।

## अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

नयी दिल्ली, 1 मार्च। अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) ने इस महीने के अंत में दिल्ली में होने वाली महिला विश्व चैम्पियनशिप का 'बहिष्कार करने के लिये उकसाने' वाले पांच अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है।

विश्व संस्था ने कहा कि 'बॉक्सिंग इंडिपेंडेंट इंटिग्रिटी यूनिट' (बीआईआईयू) को कुछ व्यक्तियों के खिलाफ उनके काम करने के तरीके से आईबीए संविधान और इसकी अनुशासनात्मक एवं नैतिक संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत मिली है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** G20

क्रमांकः ईल/टीआरडी/जेपी/डब्लूएल-1/ईआईजी दिनांकः 27.02.2023

**"सार्वजनिक सूचना"**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोक्ताओं को एतत् द्वारा सूचना दी जाती है कि जयपुर मण्डल, उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्टज, एसी शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट दिनांक 02.03.2023 को या बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| खण्ड | तारीख |
| --- | --- |
| जयपुर यार्ड वाशिंग लाईन नं. 1 ओ.एच.ई. खम्भा कि. मी. 241/39ए (कि. मी. 241/308.50) से ओ.एच.ई. खम्भ कि.मी. जे. पी./3003 (कि.मी. 240/803.50) **टीकेएम : - 0.505** | 02.03.2023 |

**वरि. मंडल बिजली इंजीनियर कर्षण वितरण, जयपुर**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें 211-CQ/23




*प्लैनेटरी सोसयटी ऑफ इण्डिया (पी.एस.आई.) ने सोमवार को अहम जानकारी देते हुए बताया कि, दो सबसे चमकीले ग्रह शुक्र और बृहस्पति दो मार्च की रात को आकाश में एक दूसरे के बहुत करीब दिखाई देंगे। पी.एस.आई. की जानकारी के मुताबिक दोनों ग्रहों में सिर्फ आधा डिग्री का फासला होगा। पी.एस.आई. के निदेशक रघुनंदन कुमार ने बताया कि, रविवार को शुक्र ग्रह पृथ्वी से 21.24 करोड़ किलोमीटर दूर था और बृहस्पति 84.97 करोड़ किलोमीटर दूर था। उन्होंने बताया कि, 19 फरवरी को शाम के समय जब पश्चिमी आकाश में इन पिंडों की तस्वीर ली गई तो ये दोनों ग्रह फोटो में एक दूसरे के ऊपर नीचे दिखाई दिए थे। वास्तव में यह दोनों ग्रह 18 फरवरी, शनिवार को एक दूसरे से 64014 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर थे। रघु नंदन कुमार की जानकारी के अनुसार, दो मार्च को शुक्र और बृहस्पति दोनों एक दूसरे से 65.94 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर होंगे लेकिन पृथ्वी से देखने वाले लोगों के लिए ग्रह सूर्यास्त के बाद पश्चिमी दिशा में एक दूसरे के निकट दिखाई देंगे। इस आकाशीय घटना को ''सलैस्टियल किस'' की संज्ञा दी जा रही है।*

# भाजपा की अडानी नीति के खिलाफ कांग्रेस का राज्य व्यापी आंदोलन

## कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव ने कांग्रेस की प्रदेश इकाई को पत्र लिखकर चरणबद्ध आंदोलन करने के निर्देश दिए

- 6 से 10 मार्च तक ब्लॉक स्तर पर एल.आई.सी. कार्यालयों व राष्ट्रीय बैंकों पर प्रदर्शन होंगे।
- 13 मार्च को राजभवन चलो कार्यक्रम तथा इसके बाद होंगी पर्दाफाश रैलियाँ।

जयपुर, 1 मार्च (का.प्र.)। कांग्रेस प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू कर रही है। इसी सिलसिले में संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने राजस्थान कांग्रेस को पत्र भेजकर चरणबद्ध आंदोलन करने के निर्देश दिए हैं।

पत्र में लिखा गया है कि देश में गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम में पड़ गई है। ऐसे में इस मुद्दे को लोगों तक ले जाने के लिए सभी पी.सी.सी. में पिछले दिनों प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी और अब जिला स्तर पर आंदोलन गतिविधियां करने के साथ राज्य स्तर भी आंदोलन किया जाएगा।

पार्टी की ओर से तय किया गया है कि 6 से 10 मार्च 2023 के बीच राष्ट्रीयकृत बैंकों और एलआईसी के कार्यालयों के सामने ब्लॉक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद 13 मार्च 2023 सोमवार को राज्य मुख्यालय पर एक विशाल ''चलो राजभवन'' मार्च निकाला जाएगा। इसके बाद मार्च के अंतिम सप्ताह में सभी जिलों में जिला स्तरीय ''पर्दाफाश'' रैलियां आयोजित की जायेगी। ''पर्दाफाश'' महा रैलियों और सार्वजनिक सभाओं को कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्तर के नेता संबोधित करेंगे। आंदोलन कार्यक्रमों में राज्य के सभी वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायक/एम.एल.सी. और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, फ्रंट संगठनों, विभागों और प्रकोष्ठों के नेताओं और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी रहेगी।

# छावला गैंगरेप केस के आदेश को रिव्यू करेगा सुप्रीम कोर्ट

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 मार्च। गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट, अपने निर्णय के खिलाफ दायर पांच पुनर्विचार याचिकाओं पर विचार कर सकता है। ज्ञातव्य है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में, 2012 में दिल्ली के छावला क्षेत्र में हुए 19 वर्षीय लड़की के गैंगरेप व मर्डर केस में मृत्युदण्ड सज़ायाफ्ता 3 अपराधियों को बरी कर दिया था। चीफ जस्टिस डी.वाय. चंद्रचूड़ एवं जस्टिस एस. रवीन्द्र भट व जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की बैंच 2 मार्च को दोपहर 1:50 पर पांच पुनर्विचार याचिकाओं के बारे में निर्णय लेगी। गत आठ फरवरी को उच्चतम न्यायालय ने अपने निर्णय के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई के लिए तीन सदस्यीय बैंच गठित करने पर सहमति दी थी। ज्ञातव्य है कि, सुप्रीम कोर्ट ने अपने निर्णय में मृत्युदण्ड सज़ायाफ्ता तीन अभियुक्तों को बरी कर दिया था। दिल्ली सरकार के अलावा पीड़िता के पिता, उत्तराखण्ड बचाओ आंदोलन एवं उत्तराखण्ड लोक मंच ने सुप्रीम कोई के निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की है। सन् 2012 में, तीनों अभियुक्तों ने कथित रूप से 19 वर्षीय लड़की का गैंगरेप करके उसकी हत्या कर दी थी और एक स्क्रूड्राइवर व अन्य हथियारों से उसके शरीर को क्षतविक्षत कर दिया था। ट्रायल कोर्ट ने उन्हें मृत्युदण्ड की सजा सुनाई थी और अगस्त 2014 में हाई कोर्ट ने इस निर्णय का समर्थन किया था। सर्वोच्य न्यायालय ने हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए, गत वर्ष नवम्बर में तीनों को बरी कर दिया था, जिसको लेकर भारी बहस छिड़ गई थी।

- वर्ष 2012 में नई दिल्ली के छावला क्षेत्र में एक 19 साल की लड़की के सामूहिक बलात्कार व हत्या के मामले में मौत की सजा पाए आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट ने बरी कर दिया था। कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ 5 रिव्यू पिटीशन दर्ज हुई थीं, जिन्हें कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

# पेपर लीक मामले में गिरफ्तार पटवारी ने किए कई खुलासे

- पटवारी घमाराम विश्नोई आदतन अपराधी है।
- पहले भी चार बार नकल के आरोप में गिरफ्तार हुआ है। ये मामले वर्ष 2015 के हैं।

उदयपुर, 1 मार्च (कासं)। शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में एक दिन पहले पकड़ा गया पटवारी घमाराम विश्नोई पहले भी 4 बार नकल और पेपर लीक कराने के मामले में पुलिस के हत्थे चढ़ चुका है।

पटवारी के खिलाफ ये चारों ही मामले वर्ष 2015 में दर्ज किये गये थे जिसमें उसके खिलाफ कोर्ट में चालान भी पेश हो चुका है।

आरोपी घमाराम विश्नोई निवासी जालोर के खिलाफ चारों ही मामले अभी कोर्ट में विचाराधीन हैं। सूत्रों के अनुसार यह पटवारी साल 2015 में नकल गैंग के मुख्य सरगना जगदीश जानी के साथ मिलकर पेपर लीक कराता था।

अब यह 5वीं बार एक दिन पहले उदयपुर पुलिस द्वारा पकड़ा गया है। जिसे कोर्ट ने 3 मार्च तक के लिए रिमांड पर भेज दिया। आपको बता दें कि द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में पुलिस ने मंगलवार को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया था । आरोपी भूपेन्द्र सारण से 8 लाख रुपए लेकर जी.के. का पेपर हल करके देने के आरोपी पटवारी को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट ने पटवारी को 3 मार्च तक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने इस आरोपी की गिरफ्तारी को पूर्णतया गुप्त रखा और कोर्ट में पेश करने पर इसका खुलासा हुआ।

जांच अधिकारी ए.एस.पी. महेन्द्र पारीक के अनुसार मामले में हरियाली सांचौर पटवारी हाल चितलाना (जालोर) निवासी घमाराम विश्नोई पुत्र पुना राम बिश्नोई को गिरफ्तार किया है। हालांकि पुलिस ने यह नहीं बताया है कि घमाराम को कहां से दबोचकर लाया गया और उसके नाम का खुलासा कैसे हुआ। घमाराम को मंगलवार को एडिशनल डिस्टिक जज कोर्ट में पेश किया गया, जहां पीठासीन अधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने 3 मार्च तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया। रिमांड अवधि के दौरान उससे अब तक गिरफ्तार आरोपियों से कनैक्शन और पूरे रैकेट में शामिल अन्य साथियों को लेकर पूछताछ की जाएगी। घमाराम के खुलासों के साथ और भी आरोपियों की गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

पटवारी घमाराम विश्नोई ने पुलिस पूछताछ में बताया कि, उसने शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक के मुख्य सरगना भूपेन्द्र सारण से 8 लाख रुपए में पेपर खरीदा था। जिसे बाद में अभ्यर्थियों को बेचा गया। जिन्हें पेपर बेचा, वे अभ्यर्थी 24 दिसंबर 2022 को पेपर सॉल्व कराते हुए पकड़ी गई बस में सवार थे।

पुलिस के अनुसार पटवारी परीक्षा से पहले पेपर का सौदा कराने में अहम भूमिका निभाता और परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को एकत्रित करता था। फिलहाल पुलिस पटवारी से सख्ती से पूछताछ कर और राज उगलवाने की कोशिश कर रही है।

# आई.आई.टी.-एन.आई.टी. में प्रवेश के लिए पात्रता शर्त को लेकर सुनवाई 6 अप्रेल को

## 6 अप्रेल को ही जे.ई.ई. मेन परीक्षा भी है, इस कारण विद्यार्थी भारी असमंजस की स्थिति में हैं

- इस वर्ष 12वीं बोर्ड की परीक्षा दे रहे छात्रों के लिए नई न्यूनतम पात्रता शर्त के कारण भारी परेशानी की स्थिति है।
- जे.ई.ई. मेन में क्वालिफाई करने के लिए 12वीं बोर्ड में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक होने की अनिवार्य पात्रता रखी गई है।

कोटा, 1 मार्च (नि.सं)। देश के श्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवो के लिए 12वीं बोर्ड के एग्जाम्स में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक होने की अनिवार्य पात्रता शर्त रखी गई है। अर्थात 75 प्रतिशत अंक होने पर ही तथा जे.ई.ई. क्वालिफिकेशन के बाद ही इन इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश मिलेगा। इस मामले में मुम्बई हाई कोर्ट में सुनवाई जारी है। सुनवाई की अगली तिथि 6 अप्रेल रखी गई है, पहले यह 21 फरवरी को होनी थी।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि 6 अप्रेल को सुनवाई है तथा 6 अप्रेल को ही जेईई-मेन की परीक्षा भी होनी है। विद्यार्थी मानसिक तौर पर परेशान हैं कि यदि वे जेईई-मेन या एडवांस्ड को क्वालीफाई कर अच्छी रैंक प्राप्त कर लेते हैं और इसके बावजूद बोर्ड में उनका स्कोर 75 प्रतिशत से कम रह जाता है तो वे प्रवेश के लिए पात्र होंगे या नहीं। इस संबंध में सैकड़ों विद्यार्थी लगातार न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहे हैं, इसके लिए फैसले का इंतजार है, क्योंकि जब तक फैसला नहीं आ जाता तब तक विद्यार्थी असमंजस की स्थिति में ही रहेंगे। विद्यार्थियों को चाहिए कि वो बोर्ड पात्रता की चिंता में समय बर्बाद नहीं करें। बल्कि जेईई-मेन एवं जेईई-एडवांस्ड की तैयारी पर पूरी तरह से फोकस करें, क्योंकि दोनों परीक्षाओं के आधार पर ऐसे बहुत से इंजीनियरिंग संस्थान हैं, जहां पर प्रवेश की बोर्ड पात्रता की बाध्यता 75 प्रतिशत नहीं है।

जेईई मेन के आधार पर मिलने वाले प्रवेश में ट्रिपलआईटी दिल्ली, हैदराबाद, बैंगलुरु, एलएनएमआईटी जयपुर, थापर पटियाला, निरमा अहमदाबाद, जेपी नोएडा, डीटीयू, एनएसआईटी, धीरूभाई अंबानी, एमआईटी पुणे आदि कॉलेज शामिल है। इसी तरह जेईई-एडवांस्ड के आधार पर आईआईएसईआर, राजीव गांधी पेट्रोलियम, आईआईपी विशाखापट्टनम, आईआईएसटी त्रिवेंद्रम, आईआईएससी बैंगलुरू संस्थानों में प्रवेश मिलता है, इनमें बोर्ड पात्रता की बाध्यता लागू नहीं है। इन सभी संस्थानों के लिए विद्यार्थियों को अलग से आवेदन करना होगा।

आहूजा ने बताया कि, जेईई-मेन अप्रेल परीक्षा के लिए 1.15 लाख से अधिक नए आवेदन किए जा चुके हैं। साथ ही लाखों की संख्या में जनवरी में परीक्षा दे चुके विद्यार्थी भी अप्रेल परीक्षा के लिए पुनः आवेदन कर रहे हैं। ऐसे में जेईई-मेन 2023 में यूनीक कैंडिडेट की संख्या 11 लाख से अधिक होने की संभावना है।

# इन्टरनैट पर राहुल...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

8वीं कक्षा तक पढ़े हों तथा आप में रत्ती भर की बुद्धि नहीं हो, फिर भी आप भाजपा सरकार में गृहमंत्री बन सकते हैं।''

राहुल बुधवार को ''कैम्ब्रिज जज'' यूनिवर्सिटी के बिजनेस स्कूल में विज़िटिंग फैलों के रूप में ''लर्निंग टु लिसन इन द 21 सेन्चुरी'' विषय पर व्याख्यान देंगे। इस सम्बोधन के संबंध में उन्होंने 16 फरवरी एक ट्वीट साझा किया तथा कहा ''अपने स्कूल में जाने तथा कैम्ब्रिज जेबीएस में व्याख्यान देने की उत्सुकता पूर्ण प्रतीक्षा है।''

राहुल ने आगे लिखा ''विभिन्न क्षेत्रों जिनमें भू राजनीति, अन्तर्राष्ट्रीय सबंध, बिग डाटा तथा लोकतन्त्र जैसे क्षेत्र शामिल हैं, के कुछ अत्यधिक तेजस्वी लोगों का साथ मिलने की प्रसन्नता है।''

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के शुरू होने के बाद पहली बार, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में अपने व्याख्यान से पहले, अपने बालों एवं दाढ़ी की ट्रिमिंग करा ली है।

कांग्रेस नेता हवाई जहाज से मंगलवार को लंदन पहुचे। वे एक सप्ताह की यात्रा पर इंग्लैण्ड गये हैं, जहाँ वे अपने पूर्व शिक्षण संस्था कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में '' स्टुडेंट ओनली लैक्चर'' देंगे।

बहुत से लोगों ने कांग्रेस सांसद की छोटे बालों तथा ''ट्रिम'' दाढ़ी के फोटो सोशल मीडिया शेयर किये। कुछ लोगों ने तो हैशटेग ''न्यू लुक'' को भी काम में लिया।

52 वर्षीय राहुल गांधी ने चार माह से अधिक समय तक 12 राज्यों में की गई करीब 4000 किमी की पद यात्रा के दौरान अपने बाल एवं दाढ़ी बढ़ने दिये थे।

राहुल गांधी की योजना के अनुसार, वे कैम्ब्रिज में प्रोफेसर श्रुति कपिला के साथ ''बिग डेटा एंड डैमोक्रेसी'' तथा ''इंडिया चाइना रिलेशंस'' विषयों पर अकेले में चर्चा करेंगे।

प्रोफेसर श्रुति कपिला भारतीय मूल की फैलो, विश्वविद्यालय के ''कॉर्पस क्रिस्टी कॉलेज'' की ''ट्यूटर एंड डायरेक्टर ऑफ स्टडीज'' तथा ''ग्लोबल हयूमनिटीज़ इनिशिएटीव'' की को डायरेक्टर हैं।

राहुल गांधी ने पिछली बार मई में अपनी इंग्लैंड यात्रा के दौरान, कॉर्पस क्रिस्टी कॉलेज के एक समारोह में ''इंडिया ऐट 75'' विषय पर कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय को सम्बोधित किया था।

# पांच बच्चों सहित दंपती नर्मदा नहर में कूद गये, सभी की मौत

## कहा जा रहा है कि, दंपती पिछले दो-तीन दिन से आपस में झगड़ा कर रहे थे

- सभी बच्चों की उम्र 12 वर्ष से कम थी, सबसे छोटा बच्चा मात्र 3 साल का ही था।
- पुलिस ने बुधवार को नर्मदा नहर में तलाश कर सभी सात जनों की लाश बरामद कर ली है।

सांचोर, 1 मार्च (कासं)। जालोर जिले में सांचोर थाना क्षेत्र के सिद्धेश्वर सरहद स्थित नर्मदा के मुख्य केनाल में दम्पती पांच बच्चों सहित कूद गये। पुलिस को इस मामले की सूचना मिलने पर तलाश शुरू की गई। जिसके बाद सभी के शव बाहर निकाल दिये।

पुलिस के अनुसार गलीफा निवासी भंवरसिंह राजपूत ने बुधवार को पुलिस को सूचना दी तथा उन्होंने अभय कमाण्ड जालोर को बताया कि गलीफा गांव के शंकराराम बेटे खेमाराम कोली, पति-पत्नी आपस में झगड़कर गलीफा से मंगलवार को निकले थे, उनके साथ उनके दो बेटे व तीन बेटियां भी थीं। बाद में पुलिस टीम को सिद्धेश्वर पालडी मुख्य नर्मदा नहर के पास के कपड़े, जूते और मोबाइल नहर के किनारे पर पड़े मिले।

पुलिस ने तैराको के माध्यम से सभी को बाहर निकाल दिया गया है। जिसमें पति शकरा राम (35), पत्नी बादली देवी (30), पुत्री रमीला (12), पुत्र प्रकाश (10) ,पुत्री केगी (8) , पुत्री जानकी (6) पुत्र हितेश (3) की मौत पानी में डूबने से हो गई। स्थानीय प्रशासन सांचौर डीएसपी रूप सिंह ने बताया कि, पति पत्नी के झगड़ा और भारी कहासुनी हुई थी। उसके बाद दोनों अपने पांच बच्चों के साथ घर से निकल गए।

सोमवार को झगड़ा हुआ था। उसके बाद रिश्तेदारों ने समझौता करा दिया। मंगलवार को बादली (पत्नी) घर से निकल गई।

सांचौर वृत्ताधिकारी रूपसिंह इंदा ने बताया कि पति पत्नी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी, उसके बाद दोनों पांच बच्चों के साथ मंगलवार को ही घर से निकल गए थे, पुलिस को बुधवार को सूचना मिली की नर्मदा नहर में दम्पती पांच बच्चों के साथ नहर में गिर गये हैं। बाद में तलाशी के दौरान सभी के शव मिल निकाल लिए। घटना की जानकारी मिलते ही जालोर जिला मुख्यालय से जिला कलेक्टर निशांत जैन व पुलिस अधीक्षक किरण कंग सिद्धू ने भी पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

# सुप्रीम कोर्ट ने ...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

कोर्ट याचिकाकर्ता की इस बात से सहमत था कि नैटबंदी से न्यायिक कार्य प्रभावित होते हैं। एडवोकेट विशाल तिवारी ने चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली एक बैंच के समक्ष यह बात रखी।

याचिका में कश्मीर टाइम्स की एडिटर अनुराधा भसीन के मामले में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इन्टरनैट शटडाउन पर जारी दिशा निर्देशों को जारी करने की मांग की गई।

एडवोकेट छाया रानी द्वारा दायर जनहित याचिका में केन्द्र तथा सभी राज्य सरकारों को पार्टी बनाया गया है।

तिवारी ने कहा कि, तीन दिन के लिए राजस्थान में इन्टरनैट बंद था तथा अन्य राज्यों में भी ऐसा होता रहा है। उन्होंने 3 मार्च को यह मामला सूचिबद्ध करने की मांग की थी।

इस पर बैंच ने कहा, हम यह सुनवाई होली की छुट्टी के बाद करेंगे।

याचिका में कहा गया कि, ''नैटबंदी जैसे फैसले थोपे जाने से बड़े पैमाने पर नागरिक प्रभावित हुए और न्याय तक पहुँच, पेशे को आगे बढ़ाने के अधिकार और इन्टरनैट के माध्यम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर असर पड़ा है।''

# बी.बी.सी...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

दृढ़तापूर्वक कह दिया गया था कि भारत में संचालित सभी प्रतिष्ठानों को सभी सुसंगत कानूनों तथा नियमों को मानना होगा।'' जब क्लेवर्ली से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बनी बीबीसी डॉक्यूमेन्ट्री के बारे में पूछा गया तो उन्होने कहा, मैने डॉक्यूमेन्ट्री नहीं देखी, लेकिन मैने इंग्लैंड तथा भारत में हुई प्रतिक्रियाएं देखी हैं। बीबीसी एक स्वतंत्र तथा सरकार से पृथक प्रतिष्ठान हैं। मेरे डॉ. जयशंकर के साथ गहरे निजी रिश्ते है भारत और ब्रिटेन के रिश्ते भी दिन पर दिन मजबूत हो रहे हैं। बीबीसी ने इस साल जनवरी में ''इंडिया व मोदी क्वश्चन'' शीर्षक वाली यह डॉक्यूमेन्ट्री रिलीज की थी। जिसमें 2002 के गुजरात दंगों की प्रस्तुति है। इस फिल्म से विवाद इसलिये पैदा हुआ क्योंकि इसमें दंगों के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के नेत्तव्य की और संकेत किया गया है, तथा सर्वोच्य न्यायालय द्वारा मोदी को दी गई क्लीन चिट का कोई ध्यान नहीं रखा गया हैं।

# पूरी तरह कंगाल ...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

विदेश मुद्रा भंडार जो कुछ सप्ताह पहले एतिहासिक रूप से न्यूनतम स्तर पर मात्र 2.9 अरब डॉलर था अब बढ़कर 4 अरब डॉलर के करीब पहुंच गया है। पाकिस्तान को आई.एम.एफ. 1.1 अरब डॉलर के अनुदान की भी प्रतीक्षा है।

पाकिस्तान का साप्ताहिक इन्फ्लेशन हर सप्ताह बढ़ रहा है और 2.78 प्रतिशत है और वार्षिक स्तर पर यह दर 41.54 प्रतिशत है। यह जानकारी 23 फरवरी को जारी सरकारी डेटा पर आधारित है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पाकिस्तान ने आई.एम.एफ. का ऋण प्राप्त करने के लिए गैस का शुल्क 147.57 पैसे से बढ़ाकर लगभग दोगुना 295 रू. कर दिया है। पाकिस्तान को उम्मीद है कि इससे वह आई.एम.एफ. से 6.5 अरब डॉलर की राहत प्राप्त कर पाएगा।

इससे पहले फिच ने भी पाकिस्तान के लॉंग टर्म फॉरेन करैन्सी इश्यु पर डिफॉल्ट रेटिंग (आई.डी.आर.) को सी.सी.सी. प्लस से घटाकर सी.सी.सी. माइनस कर दिया है। इससे स्पष्ट है कि पाकिस्तानें नकदी का भारी संकट है और फंड घट रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार भी बहुत कम है। निरंतर गिरती रेटिंग यह भी बताती है कि कार्यक्रमों को चालू रखना भी संकट में है, इस वर्ष होने वाले चुनाव भी आर्थिक संकट से प्रभावित होंगे। कर्ज चुकाना तो और भी मुश्किल है।

# घरेलू रसोई गैस सिलैण्डर 50 रु. महंगा हुआ

- राजधानी दिल्ली में एक रसोई गैस सिलेण्डर 1103 रु. व जयपुर में करीब 1206 रु. में मिलेगा।

नई दिल्ली 1 मार्च (वार्ता)। तेल विपणन कंपनियों ने घेरलू रसोंई सिलेंडर की कीमतों में 50 रुपये की और व्यावसायिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 350.50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढोतरी की दी है।

रसाई गैस वितरण करने वाली कंपनियों की वेबसाइट पर नई दरें ाज जारी की गयी जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी हैं। इस बढ़त के बाद अब राजधानी दिल्ली में 14.2 किलोग्राम का रसोई गैस सिलेंडर का मूल्य 1103 रुपये हो गया जबकि 19 किलोग्राम वाला व्यावसायिक सिलेंडर का मूल्य 2119.50 रुपये हो गया है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक रसोई गैस सिलेण्डर करीब 1206 रु. का मिला करेगा। चालू वर्ष पहली बार एक जनवरी को व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में बढोतरी की गयी थी। इस तरह यह दूसरा मौका है जब कीमतें बढ़ायी गयी है जबकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में यह पहली बढोतरी है।

कांग्रेस ने कहा है कि रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और घरेलू रसोई गैस सिलिंडर 1100 तथा कमर्शियल सिलिंडर 2100 रुपये के पार हो गया है जिससे जन सामान्य का त्योहारों पर घर पर पकवान बनाना या बाहर से बना हुआ खरीद कर लाना दूभर हो गया है।

कांग्रेस प्रवक्ता गौरव बल्लभ ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने 2014 तक रसोई गैस के दाम नियंत्रण में रखें लेकिन उसके बाद केंद्र सरकार ने कमाई के चक्कर में उस पर दी जाने वाली सब्सिडी हटा दी इसलिए रसोई गैस के दाम आसमान छू रहे हैं और लोगों का जीवन कठिन हो गया है। महंगाई पर नारा देते हुए उन्होंने कहा कि नहीं चाहिए ऐसी मोदी सरकार जो रसोई गैस सिलिंडर 1100 और कॉमर्शियल गैस सिलिंडर 2100 रुपये के पार।

# मेघालय में सरकार बनाने के लिए...

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

सत्तारूढ़ ही थी।

पूर्णो संगमा लम्बे समय से कांग्रेस के प्रति निष्ठावान रहे थे तथा अपने राजनैतिक कैरियर में राष्ट्रीय स्तर के शिखरों तक पहुँचे थे। लेकिन उन्हीं के परिवार के एक सदस्य मुकुल संगमा ने पार्टी के साथ विश्वासघात कर दिया तथा तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गये थे।

यह बात अभी हाल ही में मेघालय के अपने चुनावी दौरे के बीच स्वयं राहुल गांधी ने ही कही थी। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस को भला-बुरा कहते हुये, उसे राज्य में कांग्रेस सरकार के पतन का मुख्य कारक बताया था।

अगर कांग्रेस राज्य विधानसभा में अपनी निर्णायक उपस्थिति के साथ नहीं लौटती है तो राहुल गांधी के आरोप सच्चे सिद्ध होंगे। राहुल गांधी ने टी.एम.सी. की कटु आलोचना करते हुये, अराजकता की पार्टी बताया था, जो एक तरफ तो हत्या और अंग-भंग, तथा दूसरी तरफ साफ तौर चोरी के आधार पर जीवित है।

यह तय शुदा बात है कि अगर तृणमूल कांग्रेस मेघालय में एक भी सीट जीत जाती है, तो पश्चिम बंगाल के बाहर अपनी जरा सी भी उपस्थिति दर्ज कराने की उसकी लम्बे समय से पोषित आशा पूरी हो जायेगी।

ममता बनर्जी उस स्थिति को कांग्रेस की पीठ में छुरा भौंक कर तथा उसे घोर नुकसान पहुँचाकर ही हासिल कर रही होगी।

इस प्रक्रिया में, विजेता भाजपा रहेगी तथा कांग्रेस को मिटा देने की उसकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा कुछ सीमा तक पूरी हो जायेगी।

इस प्रकार यह एक अपकृट संदेह है कि तृणमूल नेता ममता बनर्जी वस्तुतः भाजपा की कार्य योजना को अपनी बढ़त के पीछे छिपा रही हैं। उनका सारा खेल साफ दिखाई दे रहा है तथा टी.एम.सी. तथा उसके अंतिम लक्ष्य के विरोधी दलों में यह संदेह दिन-पर-दिन बढ़ता जा रहा है।

इस संदेह की छाया केन्द्र में संभावित वैकल्पिक सरकार के लिये वैकल्पिक उम्मीदवारों के प्रोजेक्शन के रूप में दिखाई दे रही है। कश्मीर के नेता ने फारूक अब्दुल्ला ने तमिल नेता एम.के. स्टालिन को संभावित नया प्रधानमंत्री बताया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908